e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 248
रविवार
10.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

यदि आप सूर्य की तरह चमकना
चाहते है, तो पहले सूर्य की तरह
जलना सीखिए !

क्विक न्यूज

मोरक्को में भूकंप से 800 की मौत

रबात : मोरक्को में शुक्रवार देर रात हाई एटलस पहाड़ियों पर आए शक्तिशाली भूकंप से बड़े पैमाने पर क्षति हुई है। 800 लोगों की मौत हो गई। तमाम इमारतें नष्ट हो गई हैं। प्रमुख शहरों के लोगों को अपने घरों को छोड़ना पड़ा है।मीडिया रिपोर्ट्स में मोरक्को के आंतरिक मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि प्रारम्भिक सूचनाओं के मुताबिक 800 लोगों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर मौतें पहाड़ी इलाकों में हुई हैं, जहां तत्काल पहुंचना मुश्किल था।

जी20 राष्ट्रों की प्रथम महिलाओं ने जाना बाजरा सहित कई मोटे अनाज की विशेषता

नई दिल्ली : जी 20 शिखर सम्मेलन से इतर इन राष्ट्रों की प्रथम महिलाओं ने शनिवार को पूसा में बाजरा सहित कई मोटे अनाज की विशेषताएं जानी।इस यात्रा ने प्रथम महिलाओं को बाजरा खेती के क्षेत्र सहित कृषि क्षेत्र में भारत की प्रगति की समझ प्रदान की। महिला किसानों को दस बाजरा उत्पादक राज्यों से आमंत्रित किया गया था, जोकि राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तराखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और असम से थीं।इस मौके पर विदेशी मेहमानों को प्रसिद्ध शेफ ने बाजरा और भारतीय व्यंजन परोसे। इसके साथ ही यहां एक आकर्षक लाइव कुकिंग सेशन में बाजरा-आधारित पाक व्यंजनों की एक विस्तृत विविधता का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के जश्न के साथ जोड़ा गया था। इसका संचालन तीन सेलिब्रिटी शेफ- कुणाल कपूर, अनाहिता धोंडी और अजय चोपड़ा ने किया था।

बालाकोट सेक्टर में तैनात बीएसएफ का जवान लापता

पुंछ : पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा के साथ सटे बालाकोट सेक्टर के फॉरवर्ड भरनी में तैनात बीएसएफ का एक जवान शुक्रवार से अपनी ड्यूटी से लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि बीएसएफ का एक जवान बिहार निवासी अमित पासवान को शुक्रवार सुबह से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश करने के बावजूद अभी तक उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस पोस्ट बालाकोट में उसके गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अधिकारी ने कहा कि उसे ढूंढने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास जारी हैं।

धनबाद के जोगता में चली गोली, एक की मौत, क्षेत्र में तनाव

धनबाद : जिले के जोगता थाना क्षेत्र के सिजुआ स्थित सकलदेव सिंह चौक के पास आज शाम दो गुटों के बीच झड़प हो गई। झड़प ने हिंसक रूप ले लिया और गोलियां चलने लगीं, जिसमें एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। कोयला के कारोबार को लेकर गोली चलने की बात कही जा रही है। साहिल खान की मृत्यु की सूचना मिलते ही उसके समर्थकों ने धनबाद कतरास मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पुलिस कैंप कर रही है।

रांची का तापमान

अधिकतम	30⁰
न्युनतम	22⁰

भारत की बड़ी जीत, आम सहमति से पारित हुआ नई दिल्ली घोषणा पत्र

नई दिल्ली घोषणा-पत्र को मिली जी-20 देशों की मंजूरी

भारत ने नई दिल्ली घोषणा पत्र पर सर्व सम्मति बनाकर रच दिया इतिहास

पीएम मोदी ने घोषणा पत्र को स्वीकार करने की घोषणा की

भारत 2023 INDIA
Partnership for Global Infrastructure & Investment (PGII)
&
India-Middle East-Europe Economic Corridor
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH · ONE FAMILY · ONE FUTURE
EUROPEAN COMMISSION
SAUDI ARABIA
BHARAT
UNITED STATES OF AMERICA
UNITED ARAB EMIRATES
G20

एजेंसी

नई दिल्ली : जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली घोषणापत्र को आम सहमति से पारित कर दिया गया।घोषणा-पत्र को सभी देशों की सहमति मिल गई है। इसमें नौ बार भारत का जिक्र किया गया है। घोषणा-पत्र में चार बार यूक्रेन का भी जिक्र है। इसमें भारत को चंद्रयान-3 की सफलता के लिए बधाई भी दी गई है। इसे देश की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन समिट से जुड़े घोषणापत्र पर आम सहमति हासिल करने की बात कही। उन्होंने कहा,हमारी टीमों की कड़ी मेहनत और आप सभी के सहयोग के कारण नयी दिल्ली जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन घोषणापत्र पर आम सहमति बन गई है। मैं इस घोषणापत्र को स्वीकार करने की घोषणा करता हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारी टीम की कड़ी मेहनत के कारण, नई दिल्ली जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन घोषणा पर आम सहमति बन गई है। मेरा प्रस्ताव इस नेतृत्व की घोषणा को अपनाने का है। मैं इस घोषणा को स्वीकार करने की घोषणा करता हूं। इस अवसर पर, मैं अपने शेरपा, मंत्रियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की और इसे संभव बनाया। जी 20 की भारतीय अध्यक्षता के दौरान 73 परिणामों और 39 संलग्न दस्तावेजों को अंतिम रूप दिया गया है। इन 112 परिणामों और अध्यक्षीय दस्तावेजों के साथ, हमने पिछले अध्यक्षीय कालों की की तुलना में दोगुना परिणाम हासिल किया है।

घोषणा पत्र में 9 बार आया भारत का जिक्र

1. हम भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान स्टार्ट-अप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना और इसके जारी रहने का स्वागत करते हैं।
2. हम 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी के प्रयासों की सराहना करते हैं।
3. हम संसाधन दक्षता और परिपत्र अर्थव्यवस्था उद्योग गठबंधन शुरू करने के लिए भारतीय अध्यक्षता को धन्यवाद देते हैं। हम पर्यावरण की दृष्टि से उचित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाने, 2030 तक अपशिष्ट उत्पादन को काफी हद तक कम करने और शून्य अपशिष्ट पहल के महत्व को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
4. हम भारतीय प्रेसीडेंसी के तहत तैयार 卐ऊर्जा संक्रमण के लिए कम लागत वाले वित्तपोषण卐 पर रिपोर्ट और इसके अनुमान पर ध्यान देते हैं कि दुनिया को प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा के उच्च हिस्से के साथ 4 ट्रिलियन अमरीकी डालर से अधिक के वार्षिक निवेश की आवश्यकता है।
5. ग्लोबल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी के निर्माण और रखरखाव की भारत की योजना का स्वागत है, जो डीपीआई का एक आभासी भंडार है, जिसे स्वेच्छा से जी 20 सदस्यों और अन्य की ओर से साझा किया गया है।
6.भारतीय प्रेसीडेंसी के वन फ्यूचर एलायंस (ओएफए) के प्रस्ताव पर ध्यान दिया गया जो क्षमता निर्माण के उद्देश्य से एक स्वैच्छिक पहल है, और एलएमआईसी में डीपीआई को लागू करने के लिए तकनीकी सहायता और पर्याप्त धन सहायता प्रदान करता है।
7. हम जी-20 के उन सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हैं, जिन्होंने जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त किया। अफ्रीका वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
8. हम नई दिल्ली में 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी करने, प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत करने और जी-20 को मजबूत करने में बहुमूल्य योगदान के लिए भारत को धन्यवाद देते हैं। हम विभिन्न जी-20 कार्य समूहों और मंत्रिस्तरीय बैठकों के सफल समापन की सराहना करते हैं और उनके परिणामों का स्वागत करते हैं।
9. हम 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफल लैंडिंग करने पर भारत को बधाई भी देते हैं।

अफ्रीकी संघ बना जी 20 का स्थायी सदस्य

* पीएम मोदी बोले- ग्लोबल साउथ की आवाज' को मिलेगी मजबूती

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत की जी20 की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ शनिवार को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह का स्थायी सदस्य बन गया।

जी20 की स्थापना 1999 में की गई थी और इसके बाद से इस गुट में यह पहला विस्तार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए 55 देशों वाले अफ्रीकी संघ को नए सदस्य के तौर पर शामिल किए जाने का प्रस्ताव पेश किया जिसे सभी सदस्य देशों ने स्वीकार कर लिया।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, अफ्रीकी संघ का जी20 कुटुम्ब में स्थायी सदस्य के तौर पर स्वागत करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इससे जी20 तथा ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने साथ ही इससे जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया। मोदी ने शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान कोमोरोस संघ के राष्ट्रपति और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष अजाली असौमानी से अन्य नेताओं के साथ मंच साझा करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, सबका साथ की भावना को ध्यान में रखते हुए, भारत ने अफ्रीकी संघ को जी20 की स्थायी सदस्यता प्रदान किए जाने का प्रस्ताव पेश किया। मेरा विश्वास है कि हम सब इस प्रस्ताव पर सहमत है।

उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, कार्रवाई आगे बढ़ाने से पहले, मैं एयू के अध्यक्ष को स्थायी सदस्यता ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूं।

राष्ट्रपति के रात्रि भोज में जी 20 नेताओं का हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी

नई दिल्लीः अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जी-20 रात्रिभोज के लिए दिल्ली के भारत मंडपम पहुंचे। साथ ही इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ और उनकी पत्नी कोबिता जुगनौथ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना,विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा,आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के महासचिव माथियास कॉर्मन, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम सहित कई हस्तियां डिनर में पहुंचे। मैन्यू में पात्रम ताजी हवा का झोंका दही के गोले और भारतीय मसालेदार चटनी से सजे कंगनी श्रीअन्न लीफ क्रिस्प (दूध, गेहूं और मेवा युक्त) वनवर्णम मिट्टी के गुण ग्लेजड कॉरस्ट मशरूम, कुटकी श्रीअन्न क्रिस्प और करी पत्ते के साथ तैयार केरल लाल चावल के साथ परोसे गए कटहल गैलेट (दूध और गेहूं युक्त) भारतीय रोटियां-मुंबई पाव कलौंजी के स्वाद वाले मुलायम बन (दूध और गेहूं युक्त) बाकरखानी इलायची के स्वाद वाली मीठी रोटी (दूध, चीनी और गेहूं युक्त) मिष्ठान मधुरिमा स्वर्ण कलश इलायची की खुशबू वाला सांवा का हलवा, अंजीर-आडू मुरब्बा और अंबेमोहर राइस क्रिस्प्स (दूध, श्रीअन्न, गेहूं और मेवा युक्त) पेय पदार्थ कश्मीरी कहवा, फिल्टर कॉफी और दार्जलिंग चाय ,पान के स्वाद वाली चॉकलेट लीव्स सहित कई व्यंजन परोसे गए।

जी-20 : पीएम मोदी ने वन सन वन वर्ड, वन ग्रिड पर दिया जोर

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत में जी 20 शिखर सम्मेलन का आगाज हो गया. पीएम नरेंद्र मोदी के अध्यक्षता में हुई पहले सत्र की बैठक की शुरूआत पीएम मोदी के संबोधन के साथ हुई. पीएम मोदी ने 'वन अर्थ' नाम के उद्घाटन सत्र में भाग लिया.इस दौरान प्रधानमंत्री ने वन सन, वन वर्ड, वन ग्रिड पर जोर दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरा विश्व नया समाधान मांग रहा है. आपसी भरोसे से कोई संकट नहीं टिकेगा और जो विश्वास का संकट है उसे मिलकर दूर करेंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास मंत्र पथ प्रदर्शक है.वन अर्थ का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने मानव केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया.उन्होंने कहा कि इस पर भारतीय संस्कृति ने हमेशा जोर दिया है.उन्होंने कहा,यह एक ब्रह्मांड की भावना पर आधारित है जिसके तहत भारत ने लाइफ मिशन जैसी पहल पर काम किया है,अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष पर जोर दिया है, ग्रीन ग्रिड पहल शुरू की है - वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड, सौर ऊर्जा का उपयोग, प्राकृतिक खेती और राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को प्रोत्साहित किया.

वन अर्थ पर जोरः प्रधानमंत्री ने कहा,भारत, आस्था, अध्यात्म और परंपराओं की डायवर्सिटी की भूमि है. दुनिया के अनेक बड़े धर्मों ने यहां जन्म लिया है. दुनिया के हर धर्म ने यहां सम्मान पाया है. मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में, संवाद और लोकतान्त्रिक विचारधारा पर अनंत काल से हमारा विश्वास अटूट है. हमारा वैश्विक व्यवहार, 'वसुधैव कुटुम्बकम', यानि वर्ल्ड इस वन फैमिली के मूल भाव पर आधारित है. विश्व को एक परिवार मानने का यही भाव, हर भारतीय को वन अर्थ के दायित्व-बोध से भी जोड़ता है.पीएम मोदी ने आगे कहा कि वन अर्थ की भावना से ही भारत ने पर्यावरण मिशन के लिए जीवनशैली की शुरुआत की है.

क्लाइमेट चेंज की चुनौती का जिक्र प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत के करोड़ों किसान अब नैचुरल फार्मिंग अपना रहे हैं जो मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ सॉयल और अर्थ की हेल्थ को सुरक्षित रखने का भी बहुत बड़ा अभियान है. उन्होंने बताया कि भारत में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरूआत हो चुकी है जो वैश्विक जगत के लिए भी अहम साबित हो सकता है.जलवायु परिवर्तन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, क्लाइमेट की चुनौती को ध्यान में रखते हुए एनर्जी ट्रांजिशन, इक्कीसवीं सदी के विश्व की बहुत बड़ी आवश्यकता है. इन्क्लूजिव एनर्जी ट्रांजिशन के लिये ट्रिलियन्स ऑफ डॉलर्स की जरूरत है. स्वाभाविक रूप से, इसमें विश्व के विकसित देशों की बहुत बड़ी भूमिका है.

जरूरी है ग्रीन क्रेडिट : प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए दशकों से कार्बन क्रेडिट की चर्चा चल रही है.कार्बन क्रेडिट इस भावना पर बल देता है कि क्या नहीं करना चाहिए. यह एक नकारात्मक नजरिया है.

आदिम जनजाति महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पांच आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में आदिम जनजाति महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार आदिम जनजाति महिला शुक्रवार को अपने गांव से दो किमी दूर पैदल साप्ताहिक बाजार आयी थी। बाजार करने के बाद वह शाम में वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में नशे में धुत छह युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित वहां से फरार हो गए। इसके बाद महिला अपने घर पहुंची और पूरे घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को दी। शनिवार सुबह परिवार वालों के साथ पीड़िता गारू थाना पहुंच कर सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में मामला दर्ज कराई। शिकायत के बाद एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर गारू थाना प्रभारी राजीव भगत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग रेप में शामिल पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें शिवलाल सिंह,अनूप सिंह समिल सिंह समेत दो अन्य आरोपी शामिल हैं। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की छानबीन जारी है। घटना में शामिल आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने ईडी को भेजा पत्र, मांगा समय

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। उन्हें जमीन घोटाला मामले में अपना पक्ष रखना था। हालांकि, मुख्यमंत्री ने ईडी को पत्र भेजकर जवाब देने के लिए समय मांगा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक कर्मचारी के माध्यम से ईडी को पत्र भेजा गया है। नौ सितंबर को हेमंत सोरेन को ईडी ऑफिस में जाकर अपना पक्ष रखना था लेकिन जी-20 में राष्ट्र अध्यक्षों के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित रात्रि भोज में सम्मिलित होने के निमंत्रण पर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने इसी कार्यक्रम का हवाला देकर ईडी को पत्र लिखा है और समय की मांग की है। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बीते एक सितंबर को तीसरा समन भेजकर कर पूछताछ के लिए नौ सितम्बर को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। इससे पूर्व ईडी ने मुख्यमंत्री को दो बार समन भेजकर ईडी कार्यालय जमीन घोटाले मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व में समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी रिट पिटीशन दायर की गयी है।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
☎ 77070 13096
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

विजय तारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

झारखंड सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेको कार्य किये जा रहे हैं : मिथिलेश ठाकुर

VIJAY TARA CHARITABLE TRUST
MAIN ROAD CHHATTARPUR ... AMAU (JHARKHAND) - 822113

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड के उदयगढ़ में विजय तारा चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा राजेंद्र कुमार सिंह राजेश कुमार सिंह रवि शंकर कुमार सिंह उर्फ (बबुआ जी) के माता तारा देवी के चतुर्थी पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि छतरपुर विधानसभा के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने शिविर का उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर को विजय तारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस आयोजित स्वास्थ्य शिविर में छतरपुर के आसपास क्षेत्रों से आए ग्रामीणों का मुफ्त ईलाज के साथ-साथ दवा वितरण और साथ फलदार वृक्ष दिया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पलामू जिले के छतरपुर के उदयगढ़ जैसे सुदूरवर्ती इलाके में इस तरह का आयोजन एक महान कार्य है और सक्षम लोगों को गरीबों के लिए इस तरह के कार्यक्रम करना चाहिए । झारखंड सरकार द्वारा भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉक्टरों की बहाली से लेकर आनेको कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे लोगों की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जा सके। वही पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि विजय तारा चेरिटेबल ट्रस्ट के अयोजककर्ता को ऐसे कार्य के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने जो मदद लोगों को कर रहा है वह काबिले तारीफ है. इस कार्य में हजारों लोगों को जो लाभ मिलता है स्वर्गीय तारा देवी के पुण्यतिथि पर लगाया गया पौधा सभी को जीवनदा मिलेगा, मौके पर छत्तरपुर डीएसपी अजय कुमार, भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह,थाना प्रभारी शेखर कुमार, डॉक्टर अनुपम कुमार सिंह, डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ, डॉक्टर रश्मि सिंह, डॉक्टर प्रशुन कुमार, डॉक्टर पूजा कुमारी, डॉक्टर प्रतीक कुमार, अंजनी कुमार सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह, पिंकू सिंह, हनी सिंह, शशांक साही, अशोक सिंह, गुड्डू सिंह, छोटू सिंह, तिलक सिंह,रोहित सिंह, पप्पू सिंह, गोल्डी सिंह, समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में आए सभी आगन्तुको को ट्रस्ट के अध्यक्ष रविशंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

एफपीओ बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की वार्षिक बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह पंचायत भवन में एफपीओ बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का वार्षिक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष अशोक कुमार चौरसिया ने कि। संचालन सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय ने किया।बैठक में अतिथि के रूप में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, बाजार समिति के सचिव दीपांकर राम, जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह, बांसडीह पंचायत के मुखिया लाल बहादुर भुईयां ने भाग लिया। सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय ने बताया कि शुरुआती वर्ष में ८०० किसानों का रजिस्टर्ड किया 50त्न अनुदान पर विभिन्न प्रजाति के उन्नत धान, मकई, अरहर, बादाम, तेलहन, दलहन करीब 108 क्विंटल बीजों का वितरण किया गया। अध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त रूप से बताया कि कंपनी भारत सरकार से मान्यता प्राप्त एफपीओ है। नाबार्ड शुरुआती संचालन के लिए वित्तीय सहयोग किया जा रहा है। जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने विभाग द्वारा किसानों के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि एफपीओ बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का काम सराहनीय है।

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में 13 सितंबर को संकल्प यात्रा का आयोजन

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 13 सितंबर को संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन मेदिनीनगर शहर, लेस्लीगंज, जमुने , शाहपुर में किया जा रहा है। जिसमे प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी मुख्य अथिति के रूप में शिरकत करेंगे और संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। वही इस कार्यक्रम को लेकर आज चैनपुर के पनेरी बांध स्थित शिवाय बद्री रिसोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यकर्ताओं का बैठक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माला पहनाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाना है इस कार्यक्रम में 15 हजार की संख्या में सभी बूथों के भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे ।वही कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, ज़िला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक , प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह , विधायके प्रतिनिधि ट्विंकल गुप्ता, अविनाश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, महिला प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, दुर्गा जौहरी, प्रभात भुइयां, भीष्म चौरसिया, ज्ञानधन चौरसिया, परशुराम ओझा,बैजनाथ राम,संतु चौरसिया, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजयूमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय, जिला परिषद सदस्य चैनपुर प्रमोद सिंह, सोमेश सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, ज़िला परिषद सदस्य रामगढ़ छोटन सिंह, चैनपुर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, राम लव चौरसिया समेत भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

बाइक सड़क दुर्घटना में गुडुर की महिला की हुई मौत

केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता): केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को लोहरगड़ा पंचायत अंतर्गत गुडुर गांव निवासी आनंद कुमार मेहता की 22 वर्षीय पत्नी सविता देवी को गढ़वा से घर के लिए वापस आने के क्रम में अटौला गाँव के समीप चलती बाइक से गिर गई। जिसके कारण ब्रेन सहित अन्य जगहों पर गंभीर चोटे लगी आनन फानन में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सदस्य अस्पताल गढ़वा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इलाज पर जा रहे हैं रिम्स हॉस्पिटल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया। यह मौत की खबर पैतृक गांव गुडुर में आग की तरह फैल गई और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतिका का शव शनिवार सुबह पैतृक गांव पहुंचा जहां आसपास के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जानकारी पाकर लोहरगड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, रमाकांत भारती बसंत मेहता, कुलदीप चौधरी सहित अन्य लोगों ने परिजनों को ढाढस बढ़ाया साथ ही हर संभव मदद करने की बात कही गई।

बीपीओ ने किया विद्यालय का अनुश्रवण सह भौतिक सत्यापन

बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के चितविश्राम ग्राम स्थित उच्च विद्यालय तथा बरडीहा ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का अनुश्रवण एंव भौतिक सत्यापन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन एंव सीआरपी संजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अनुश्रवण एंव भौतिक सत्यापन में मुख्य रूप से पीएम श्री के लिये चयनित स्कूल के विभिन्न इंडिकेटर्स का भौतिक सत्यापन किया गया. प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने विद्यालय में निरीक्षण के दौरान पीएम श्री चयनित स्कूलों के तहत विद्यालय में उपस्थित सभी अहर्ताओं का सूक्ष्म तरीके से मूल्यांकन किया गया। साथ ही मूल्यांकन के क्रम में सभी पात्रता को देखा गया और जो कमियां पाई गई उन्हें सुधार करने का सुझाव दिया गया. उपस्थित शिक्षक तनवीर आलम ने कहा कि विद्यालय में जो भी कमियां हैं उसे दुरुस्त कर लिया जायेगा। मौके पर बीआरसी रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, कंप्यूटर आपरेटर रोहित कुमार, शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

फंटूश उर्फ राजेश हत्या मामले में चार आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : फंटूश वर्मा हत्या मामले में शहर थाना की पुलिस ने परिजनों के फर्द बयान के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर शहर थाना में दर्ज की है, जबकि तीन संदिग्धों को मामले में हिरासत में लिया गया है. पुलिस सभी संदिग्धों से पूछताछ कर रही है. हालांकि अब तक कोई खास जानकारी निकल कर बाहर नहीं आयी है। दरअसल, शुक्रवार की शाम पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज रोड में बाइक सवार चार अपराधियों ने फंटूश वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी. गोली मारने के बाद अपराधी मौके पर बाइक और पिस्टल छोड़ कर फरार हो गए थे। परिजनों ने फंटूश को इलाज कर लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स ले जाने के क्रम में फंटूश वर्मा की मौत हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने हत्याकांड के मामले में शव का पंचनामा किया. एमएमसीएच में शनिवार को फंटूश के शव का पोस्टमार्टम किया गया है। फंटूश हत्याकांड मामले में परिजनों के फर्द बयान के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हत्याकांड मामले में चंदन सिंह, छोटे सिंह, मूनन शाह और सोनू कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फंटूश हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है. इस संबंध में टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले में आगे की छानबीन कर रही है।

विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : झारखण्ड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय व समिति के अन्य सदस्य शनिवार को मेदनीनगर पहुंचे.यहां स्थानीय परिसदन भवन में समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की.बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के सभापति सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग,वन विभाग, खनन विभाग, पर्यटन विभाग पुलिसिंग हाउसिंग, आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, विद्युत विभाग,भवन निर्माण विभाग उत्पाद विभाग, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की.स्वास्थ्य विभाग के तहत कॉरपोरेशन के माध्यम से प्राप्त दवाइयों की उपयोगिता के बारे में जानकारी ली गयी। श्री राय ने कॉरपोरेशन द्वारा उपलब्ध करायी गयी दवाइयों की मैन्युफैक्चर डेट एवं एक्सपायरी डेट आदि के बारे में पूछा साथ ही मेडिकल इक्विपमेंट की आवश्यकता, सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधायें, एंबुलेंस की अद्यतन स्थिति तथा उनका परिचालन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी.श्री राय ने सिविल सर्जन को बाहर से क्रय किये जा रहे दवाइयों को बंद करते हुए अपने सरकारी सिस्टम के सप्लाई को सुदृढ़ करने पर बल दिया। पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में जेटीडीसी भवनों की जानकारी ली। सी तरह समिति द्वारा कई विभागों के कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

डुमरी उपचुनाव में मिली जीत पर खरौंधी में झामुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरौंधी : प्रखंड में झामुमो कार्यकर्ताओं ने डुमरी उपचुनाव में मिली जीत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं अबीर गुलाल लगा कर खुशी मनाई। उसके बाद जमकर आतिशबाजी किया। प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर ने कहा कि डुमरी की जनता ने भारी बोट से विजयी दिलाकर जननेता स्व जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। डुमरी उपचुनाव में मिली जीत हेमंत सरकार की लोकप्रियता को दर्शाता है। 2024 में फिर से भारी बहुमत से जेएमएम गठबंधन की सरकार बनेगी। प्रखंड सचिव मिथिलेश राम ने कहा की यह जीत असत्य पर सत्य की जीत है। हेमंत सरकार मूलवासियों के लिए जो काम कर रही है उसी का जीत है। भाजपा को जनता ने नकार दिया है। 2024 में लोकसभा का परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। उन्होंने कहा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पारा शिक्षक, 1932 खतियान जैसे मुद्दों पर जिस प्रकार से सरकार ने काम किया है उसपर डुमरी की जनता ने मुहर लगा दिया है। इस मौके पर विनोद यादव, बसंत पासवान, प्रमोद जायसवाल, जाकिर अंसारी, रामसुभाग राम, पुकुल कुमार, विमलेश कुमार, शायमलाल चौधरी, मोहबत अंसारी, विजय मेहता, नरेश पासवान, चन्दन पासवान सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कर्ज लेकर अपने आप को बड़ा आदमी होने का दिखावा करना एक अपराध है : जीयर स्वामी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि मनुष्य के अंदर कामना उत्पन्न होते हीं अपने कर्तव्य से तथा अपने भगवान से विमुख हो जाता है, और नाशवान संसार के समीप चला जाता है. साधक को न तो लौकीक इच्छाओं की पूर्ति की आशा रखनी चाहिए और ना ही परमार्थी की इच्छा की पूर्ति से निराशा ही होनी चाहिए. कामनाओं के त्याग में स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ है परंतु कामनाओं की पूर्ति में कोई भी स्वतंत्र अधिकारी योग्य और समर्थ नहीं है,जैसे-जैसे कामनाएं नष्ट होती जाती है वैसे वैसे साधुता आती है,और जैसे-जैसे कामनाएं बढ़ती जाती है वैसे-वैसे साधुता आती जाती है.कामना मात्र से कोई भी पदार्थ नहीं मिलता अगर मिलता भी है तो सदा साथ नहीं रहता. ऐसी बात प्रत्यक्ष होने पर भी पदार्थों की कामना रखना प्रमाद ही है. मेरे मन की हो जाए इसको कामना कहते हैं. यह कामना ही दुख का कारण है इसका त्याग किए बिना कोई सुखी नहीं रह सकता, जब हमारे अंतरण में किसी प्रकार की कामना नहीं रहेगी तब हमें भगवत प्राप्ति की भी इच्छा नहीं करनी पड़ेगी. प्रत्यूत भगवान स्वत~ प्राप्त हो जाएंगे.संसार की कामना से पशुता का और भगवान की कामना से मनुष्यता का आरंभ होता है. मनुष्य की जीवन तभी कष्ट में होता है जब उसके मन में सुख की इच्छा होती है और मृत्यु तभी कष्टमई होती है जब जीने की इच्छा होती है. यदि वस्तु की इच्छा पूरी होती हो तो उसे पूरी करने का प्रयत्न करते और यदि जीने की इच्छा पूरी होती तो मृत्यु से बचने का प्रयत्न करते, परंतु इच्छा के अनुसार ना तो सब वस्तुएं मिलती है और नाहीं मृत्यु से बचाव ही होता है. इच्छा का त्याग करने में सब स्वतंत्र हैं कोई पराधीन नहीं है और इच्छा की पूर्ति करने में सब पराधीन है कोई स्वतंत्र नहीं है. सुख की इच्छा आशा और भोग यह तीनों संपूर्ण दुखों के कारण है. हमको बहुत सम्मान मिले इसी कारण जीवन में अपमान मिल जाता है. किसी भी चीज की मन में चाह रखना ही दरिद्रता है. लेने की इच्छा करने वाला सदा दरिद्र ही रहता है. मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना है बल्कि कामना का त्याग करना है. मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती उसकी इच्छा गुलाम बनाती है.यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुख देने वाली है. जिसके पास भी ईक्षा है उसको किसी न किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा. अपने लिए सुख चाहना राक्षसी वृति है. भोग और संग्रह की इच्छा पाप कराने के सिवा और कुछ नहीं कराती.अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिए. अपने लिए भोग और संग्रह की इच्छा करने से मनुष्य पशुओं से भी नीचे गिर जाता है तथा इच्छा का त्याग करने से देवताओं से भी ऊंचे उठ जाता है।

मुआवजा और हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए महिला के शव के साथ सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सतबरवा थाना क्षेत्र के तुंबागड़ा स्थित औरंगा जलाशय योजना के खंडहर से मिले महिला के शव का पोस्टमार्टम रांची रिम्स में किया गया. शनिवार को शव लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी लाया गया. शव आने के बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने महिला की हत्या का आरोप लगाकर और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डालटनगंज- पांकी मुख्य पथ पर कुंदरी में सड़क जाम कर दिया. सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक डा. शशिभूषण मेहता मौके पर पहुंचे और परिजन और ग्रामीणों का समर्थन करते हुए सड़क जाम में शामिल हुए. बाद में लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के हस्तक्षेप से जाम हटाया गया।बताते चलें कि महिला की पहचान कुंदरी निवासी मीना कुंवर के रूप में हुई थी. गत बुधवार को सड़े गले हालत में शव मिलने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया था. मौके पर विधायक डा. मेहता ने पीड़ित परिवार को अंतिम संस्कार करने के लिए 20 हजार रूपए की आर्थिक मदद दी। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर उचित सरकारी मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि महिला के पति की मौत एक्सीडेंट में कुछ समय पहले हो गयी थी. महिला एक युवक के साथ बैंक में पैसे निकालने के लिए गयी थी. उसके बाद से लापता हो गयी. महिला का शव दो दिन बाद सड़े गले स्थिति में मिला. उन्होंने कहा कि शव मिलने की घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस महिला के हत्यारे तक नहीं पहुंच पाई है. यह बड़ा ही चिंताजनक है. जिस लड़के के साथ महिला बैंक गयी थी वह भी फरार है। कहीं न कहीं महिला की हत्या में संबंधित युवक की संलिप्तता है. इस वजह से वह फरार है।उन्होंने कहा कि परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं। उनका समर्थन करता हूं। यह भी कहा कि महिला की हत्या एक युवक के बस की बात नहीं है. अन्य लोगों की संलिप्तता है. सतबरवा पुलिस जल्द इसका उदभेदन करें. दुष्कर्म से इनकार नहीं किया जा सकता. सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवार को आर्थिक लाभ दें. मृतका के चार छोटे छोटे बच्चे तीन लड़की और एक लड़का है. लड़कियों का नामांकन कस्तूरबा विद्यालय में कराया जायेगा. उन्हां ने कहा कि बच्चों की परवरिश में हर संभव मदद उनके द्वारा की जायेगी।मौके पर कुंदरी के पंचायत समिति सदस्य पति एवं भाजपा के विनोद कुमार राम, कमलेश सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, लेस्लीगंज के थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, विनय कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक सह जनसमस्या निवारण शिविर का किया गया आयोजन

कार्यकारिणी बैठक व जनसमस्या निवारण शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : स्थानीय जलक्रांति भवन में शनिवार को कांग्रेस के तत्वावधान में कार्यकारिणी बैठक सह जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि गढवा जिले के सभी प्रखंडों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं को लेकर ग्रामीण परेशान रहते हैं. उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन के लिये इस तरह का शिविर आयोजित किया जा रहा है.उन्होंने कहा कि जिस किसी के पास यदि कोई समस्या है तो वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलकर आवेदन दें,उनकी समस्याओं का निदान शीघ्र कराने का प्रयास किया जायेगा. उन्होंने कहा कि आवेदन उनके इस नम्बर 9939150786 पर भी भेज सकते हैं. अधिवक्ता सह जिला कार्यकारिणी सदस्य हसन इमाम ने कहा कि न्यायालय से सम्बंधित जो भी समस्या आयेगा, हमे अवगत करावें आपके समस्याओं का समाधान निशुल्क कराने का प्रयास करूंगा। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से गरीबों के साथ रही है.ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं, उनका निदान तत्काल कराने का प्रयास किया जायेगा. शिविर में आये आवेदनों में से कई आवेदनों का निष्पादन उन्होंने दूरभाष द्वारा पदाधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट कराया। बीस सूत्री के प्रखंड उपाध्यक्ष सह कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन के लिये कांग्रेस ततपर है.उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को लिखित रूप में कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता को उपलब्ध करावें.उन्होंने कहा कि उनके समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का पहल किया जायेगा. शिविर को त्रिपुरारी सिंह,दिवाकर दुबे सहित अन्य ने सम्बोधित किया। शिविर में जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, गढवा प्रखंड अध्यक्ष उगेंद्र चौबे, मण्डल अध्यक्ष संतोष प्रकाश,जिला सचिव राजू प्रसाद, कयामुद्दीन अंसारी, संतोष पाल, धर्मेन्द्र चौधरी, नचिकेता कुमार चौधरी, गजेंद्र कुमार चौधरी, रवि चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद ने किया।

संक्षिप्त खबरें

संत जेवियर्स कॉलेज रांची में ई-कचरा संग्रह बिंदु की हुई शुरुआत

रांची । हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड ने संत जेवियर्स कॉलेज, राँची के सहयोग से छात्रों, टीचिंग, नॉन-टीचिंग स्टाफ सदस्यों को उनके पुराने , टूटे एवं अप्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल कचरे का समाधान प्रदान करने के लिए एक ई-कचरा संग्रह बिंदु की शुरुआत की गयी 7 संत जेवियर्स कॉलेज, राँची ने हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ ई-कचरा से सम्बंधित एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस अवसर पर हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि, कॉलेज के प्राचार्य फा. डॉ. नबोर लकड़ा, फा. डॉ. रोबर्ट प्रदीप कुजूर, फा. डॉ. अजय अरुण मिंज एवं फा. डॉ. प्रभात केनेडी सोरेंग उपस्थित थे।

राज्य सरकार की टीम मनरेगा-पीएम आवास योजनाओं की जांच करने के लिए जायेगी पलामू

रांची : राज्य सरकार की एक टीम मनरेगा, पीएम आवास योजना ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित अन्य ग्रामीण विकास की योजनाओं की जांच के लिए 11 सितंबर से पलामू जिले का दौरा करेगी। मिल रही गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद सरकार ने वहां अनुसमर्थन दल को भेजने का फैसला लिया गया है। विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम पलामू जिले का दौरा करेगी। 14 सितंबर तक पलामू जिल के विभिन्न प्रखंड व पंचायतों में मनरेगा योजना का स्थल निरीक्षण करेगी। अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की प्रगति की भी समीक्षा की जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग ने टीम के दौरे को देखते हुए जिले के उपायुक्त और उपविकास आयुक्त को पत्र लिखा है और टीम के दौरे के दौरान अधिकारियों- कर्मियों को उपस्थित रहने को कहा है।

रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। पुरानी चीजें ,पुरानी तस्वीरें, पुरानी यादों को संजोग कर रखने से आने वाली पीढ़ी याद रखती है। एकजुटता में ही ताकत है और इसी से विकासोन्मुखी कार्य होते हैं। वक्त बातें झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को अपने आवास में आयोजित भव्य सम्मान समारोह के दौरान संबोधित कर रहे थे। मुजीब कुरैशी ने कहा कि टीम खिदमत जिस तरह से अपना घोषणापत्र लेकर आई है , जिसे 138 मतदाताओं ने विश्वास के साथ चुना है, जनता की उम्मीदें हैं उस पर टीम को कम करनी होगी, यह आप लोगों के लिए चुनौतियां भी है। तीन सालों में इसको करके दिखाना है । साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा यह विचार जिस पर आप सब ध्यान दीजिएगा, कि दरगाह कमेटी का जो बायलॉज है उसमें कुछ सुधार कर नए सिरे से मजबूती के साथ बनाएं ताकि मदरसा, मस्जिद, सामाजिक संगठनें जो दस साल पुराना रजिस्टर्ड है, या फिर 30 सालों से लगातार समाज के बीच काम करते चला आ रहा है उसे थोड़ा जा सके, ताकि विस्तार हो। मुस्लमानों के बीच ग्रुप बनाकर आपस के लोगों को बांटने वाले को तरजीह न दें। निवर्तमान पार्षद पप्पू गद्दी देने कहा कि नवनिर्वाचित कमेटी के सामने समय कम और काम बहुत ज्यादा है। कोशिश होगी कि यह लोग सभी काम करेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अयुब गद्दी ने कहा कि जो काम जनता ने हम पर सौंपा है उसे पूरा किया जाएगा, हमारा जो घोषणा पत्र है उसे भी हम पूरा करने की कोशिश करेंगे , जो चीजें छूट गई है उसे भी जोड़ने का प्रयास करेंगे। शिक्षा को बढ़ावा देना हमारी कमेटी की प्राथमिकता में है। उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देना हमारी टीम खिदमत का पूरा जोर रहेगा । इसके अलावा भी जो वादे हमने किए हैं, उसे भी हम लोग सामूहिक रूप से पूरा करेंगे। सह सचिव मोहम्मद सादिक ने कहा कि समय कम और काम बहुत ज्यादा है।अभी जश्न ए ईद मिलादुन्नबी और सलाना उर्स ए मुबारक भी है सभी की तैयारियां करनी है, समय कम है। हम लोगों ने जो अपने घोषणापत्र में कहा था की शिक्षा को बढ़ावा देंगे , गरीब बेटियों की शादी करवाएंगे और इसके लिए जो हमारा मैरिज हाल है उसे भी उपलब्ध कराया जाएगा, इसकी शुरुआत हम लोगों ने कर दिया है, पहली शादी एक बेटी की हुई है। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार ने कहा की नवनिर्वाचित कमेटी से न सिर्फ 138 लोगों की उम्मीदें है बल्कि झारखंड के लोगों की उम्मीदें जुड़ी हुई है , और सभी आपकी ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है, उम्मीद करते हैं कि आप सभी की उम्मीदों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। मंच संचालन मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद और धन्यवाद ज्ञापन जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस पप्पू ने किया। मौके पर दरगाह कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष अयुब गद्दी, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, महासचिव जावेद अनवर, सह सचिव मोहम्मद सदीक , जुल्फिकार अली भुट्टो , कार्यकारिणी सदस्यों में शहजाद बबलू, सरफराज गद्दी संपा,साजिद उमर, अब्दुल खालिद, एजाज गद्दी, नोमिनेट सदस्य सह निवर्तमान पार्षद नसीम गद्दी व कमेटी के कई पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इनके अलावा जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू , महासचिव परवेज कुरेशी , उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन सहित झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महाताब आलम, नौशाद कुरेशी , आदिल कुरेशी, मुमताज कुरैशी, अकबर कुरैशी ,समीम कुरैशी,सद्दाम कुरेशी फरहाद कुरैशी, अवैस कुरैशी, सरफराज कुरैशी , हसीब अंसारी, मुस्तफा, हाजी मिनहाज, नौशाद , राजू खान, आशिक कुरेशी, सद्दाम कुरेशी , गुड्डू ,जाकिर, अफजल कुरैशी, चांद सहित कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला,इदरीश कॉलोनी, पुरुलिया रोड, सुल्तान कॉलोनी से भी कई लोग उपस्थित थे।

शैल्बी डिवाइन फिजियोथेरेपिस्ट को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट झारखंड शाखा ने शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के सहयोग से एक असाधारण उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट झारखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश ठाकुर, सचिव डॉ. राजीव रंजन, शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची के रुमेटोलॉजी और क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी के चिकित्सा निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. देवनिस खेस और राँची के गण्यमान फिजियोथेरेपिस्ट की गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस समारोह में, डॉ. देवनिस खेस, डॉ. विवेक कुमार डेविड, और डॉ. नेहा और रांची के सबसे पुराने फिजियोथेरेपिस्ट में से एक डॉ. उमा सेन गुप्ता ने इस अवसर पर एक अमिट छाप छोड़ते हुए अपनी विशेषज्ञता साझा की। ज्ञात हो के इस बार विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का थीम आर्थराइटिस है, जिस पर हमारे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने आर्थराइटिस तथा उसे में फैसिओथेरपी के भूमिका के बारे में अपनी राय रखी।

झारखंड में डेंगू के 169 संदिग्ध मरीज, 29 की पुष्टि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य भर में शनिवार को डेंगू के 169 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 167 मरीज के ब्लड सैंपल की जांच की गयी, जिनमें 29 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक पूर्वी सिंहभूम में सर्वाधिक 99 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 10 में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके अलावा साहिबगंज जिले में 42 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 13 मरीजों में जांच के बाद डेंगू की पुष्टि हुई है। धनबाद में सात संदिग्ध की जांच में पांच लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। हजारीबाग में डेंगू के चार संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। कोडरमा में भी नौ संदिग्ध मरीजों का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया है। साथ ही रामगढ़ में चार, चतरा में एक, गढ़वा में एक, पाकुड़ में एक और देवघर में एक डेंगू के मरीज मिले हैं।

झारखंड की काजल कुजूर ने थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बैंकॉक में आयोजित थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारत और झारखंड का मान बढ़ा है। भारतीय कराटे टीम में शामिल झारखंड की दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। एलिसन रूपल खाखा ने शुक्रवार को कांस्य पदक अपने नाम किया था। एलिसन के बाद शनिवार को काजल कुजूर ने भी कांस्य पदक जीता है। काजल कुजूर ने 14 वर्ष से कम आयु वर्ग और 52 किलो से कम वजन वर्ग के फाइट में दो देशों (फिलीपींस और थाईलैंड) के खिलाड़ियों को हराकर सेमीफाइनल राउंड में जगह बनायी थी लेकिन सेमीफाइनल में भारत को मलेशिया ने हरा दिया। काजल के कांस्य पदक जीतने से भारतीय कराटे टीम में खुशी की लहर है। विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हंशी भरत शर्मा, कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा, इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के अध्यक्ष सेंसई अनिल किस्पोट्टा, सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो, राकेश तिर्की अन्य खिलाड़ियों ने काजल को बधाई दी है।

रांची जिला के 92 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर 92 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन किया है। सिन्हा ने रांची जिला पड़नेवाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तमाड़, सिल्ली और हटिया के मतदान केन्द्रों के नाम में परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। तमाड़ ,सिल्ली एवं हटिया के वैसे मतदान केन्द्र जो विद्यालयों में अवस्थित है एवं जिन विद्यालयों के नाम में परिवर्तन हो गया है। उन्हें मैन्युअल ऑफ पोलिंग स्टेशन एडिशन 2020 के अध्याय-4 के कटिका 4.5 के आलोक में नामों में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। तमाड़ के कुल 76 मतदान केंद्रों, सिल्ली में कुल 11 और -हटिया के कुल पांच मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

मणिपुर में हो रहे दुराचार के विरोध में युवा कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। युवा कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि यह कैंडल मार्च मणिपुर में पिछले चार महीनों से चल रहे नरसंहार, इंसानियत को तार तार करने वाली घटनायें और महिलाओं और बच्चों के साथ हो रही हिंसा के विरोध में है।क्योंकि एक तरफ मणिपुर की घटना दूसरी तरफ देश के कोने-कोने में आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्प संख्यक समुदायों के साथ अत्याचार हो रहा वहीं प्रदेश महासचिव एवं महानगर प्रभारी फहद खान ने कहा कि देश के लिए मोदी सरकार घातक है हमारे देश के प्रधानमंत्री हर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है और देश मे घटनाओं को और बढावा मिल रहा है मोदी , दूसरे देशों में घूमने और जी20 में व्यस्त हैं। यह दुःख का विषय है। इसी के विरोध मे हमने यह कैंडल मार्च निकाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जमील अख्तर ने किया। मौके पर प्रदेश महासचिव शादाब खान, अमरनाथ मुंडा, शिल्पी कुमारी,अनंत झा,कौशल किशोर, दीपक साहू, अंकित,इलियास, परवेज,एनयतुल्लाह जी, कलीम जी,आयुष,मोहसिन आदि शामिल थे।

राज्य के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को दिया गया चुनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की पहल और निर्देश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच के 6 प्रशिक्षु पदाधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु निर्वाचन मामलों से संबंधित एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला के आरंभ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को निर्वाचन कार्य की महत्ता के बारे में बताया एवं निर्वाचन कार्यों के कुशल प्रबंधन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोक प्रशासकों से जो अपेक्षाएं हैं उनके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए के रवि कुमार ने केवल अपने प्रशासकीय अनुभव को प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साझा किया बल्कि उन्हें भविष्य में बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षु पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जिन क्रियाकलापों के बारे में पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया इसके अलावा उन्हें वोटर टर्नआउट प्लान 2024 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिन प्रशिक्षु आईएएस पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया वे हैं सुश्री श्रुति राजलक्ष्मी, श्री रवि कुमार, सुश्री दीपेश कुमारी, सुश्री प्रांजल, श्री कृष्णकांत कांवरिया व सुश्री सुलोचना मीना । कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, अवर सचिव श्री देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धनबाद श्रीमती पूर्णिमा कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी हजारीबाग सुनील कुमार सिंह, एनएलएमटी एस.एन. जमील आदि मौजूद रहे। संभवतः यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय द्वारा प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के लिए इस तरह के विशेष कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया हो।

महिला से लूटपाट करने के आरोप पुलिस ने युवक को लिया हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । नामकुम थाना क्षेत्र के लाली गढाटोली में एक महिला ने मंदिर निर्माण के लिए युवकों से सहयोग राशि की मांग की तो युवकों ने महिला पर पिस्टल तान कर उससे ही जमा किए गए राशि लूटने का प्रयास किया।इस पर महिला ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर ग्रामीण एकजुट हुए तो सभी युवक भागने लगे।ग्रामीणों ने घेराबंदी कर सात युवकों को लाली रोलटोली में पकड़ लिया। ग्रामीणों ने युवकों से पिस्टल छीनने के बाद युवकों को रस्सी से बांध दिया एवं वहीं चार युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना दिए जाने के बाद नामकुम थाना की पुलिस पहुंची।पकड़ें गए युवक तुपुदाना, डुंगरी आईटीआई एवं देवगाई के रहने वाले बताएं जा रहें हैं। वहां हर रोज सैकड़ों युवा घूमने पहुंचते हैं। महिला का आरोप है कि युवकों ने पिस्टल दिखाकर उससे पैसे लूटने का प्रयास किया।

मौके पर से चार युवक भागने में सफल रहे। मामले में प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी रित्विक श्रीवास्तव के अनुसार पकड़े गए युवकों को थाना लाया गया है। एक पिस्टल बरामद की गई है। पूछताछ के बाद स्पष्ट हो पाएगा क्या मामला है।

जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव 12 अक्टूबर से मोरहाबादी मैदान में

रांची : जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव 12-16 अक्टूबर तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस वर्ष इस कन्ज्यूमर फेयर का 26वां संस्करण होगा। संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने शनिवार को बताया कि एक्सपो के मुख्य संयोजक डॉ संजय जैन बनाए गए हैं, जो की एजुकेशनलिस्ट और आईटी स्पेशलिस्ट हैं। एक्सपो उत्सव में इस बार 300 से अधिक स्टॉल्स होंगे जो कि जर्मन हैंगर, महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, ऑटो जोन, फूड जोन एवं बच्चों के लिए अम्यूजमेंट पार्क भी होगा।

मदरसा जामीयतुल मोहसिनात में दी जा रही है उर्दू, अरबी,हिंदी, अंग्रेजी व कौशल विकास की शिक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रांची जिला अंतर्गत चन्हो थाना क्षेत्र के मसमानों गांव चटवल में न सिर्फ उर्दू, अरबी ,फारसी की मजहबी शिक्षा दी जा रही है बल्कि इसके साथ ही हिंदी, अंग्रेजी , साइंस और गणित की भी शिक्षा दी जा रही है । ऐसे मदरसा में न सिर्फ मसमानो गांव बल्कि चान्हो थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों की बच्चियों अब मसमानो चटवल स्थित मदरसा जामीयतुल मोहसिनात में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पहुंच रही है। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा छठी तक बच्चियां स्कूल ड्रेस में स्कार्फ लगाकर शिक्षा ग्रहण कर रही है । इतना ही नहीं मदरसा के संचालक के द्वारा सिलाई मशीन भी दी गई है जहां बड़ी बच्चियों को सिलाई की प्रशिक्षण भी दी जा रही है। यानी शिक्षा के साथ कौशल विकास से जोड़कर इन छात्रों को आत्मनिर्भर भी बनाने का प्रयास मदरसा द्वारा किया जा रहा है। आने वाले समय में मदरसा और तरक्की करें इसको लेकर मदरसा के शिक्षक, शिक्षिकाएं पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मदरसा के प्रिंसिपल मुफ्ती रहमतुल्ला ने बताया कि बिगत ढाई सालों से मदरसा संचालित हो रहा है। शुरुआत में ऐसा एहसास हुआ था कि हम जिस मकसद से मदरसा की बुनियाद रखे हैं यहां बच्चियों तालीम लेने शायद ना आ सके , लेकिन जैसे-जैसे हमसब आगे बढ़ते गए और दूर-दराज से बच्चियां तालीम हासिल करने के लिए आ रही है । यह मेरे लिए सफलता की पहली सीढ़ी है। उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में इस मदरसा में बड़े पैमाने पर संचालित हो और इसके लिए छात्रावास का भी व्यवस्था कराई जाए। वहीं आज मुस्लिम मजलिस ए उलेमा झारखंड का एक प्रतिनिधि मंडल मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी के नेतृत्व में मदरसा का निरीक्षण करने पहुंचे और अपने नेक मशवरे से मदरसा के संचालकों को दिशा निर्देश दिए। कहा कि हमारी जरूरत जहां पर होगी हमें आवाज दीजिए हम आपके साथ हमेशा खड़े रहेंगे । इस प्रतिनिधि मंडल में पत्रकार आदिल रशीद, पत्रकार दानिश आयज और पत्रकार परवेज कुरेशी, पत्रकार मोकर्रम, अब्दूस समद, विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर मदरसा के मौलाना वसीम, मुफ्ती फिरोज सहित चार महिला शिक्षिकाएं जो अपनी सेवाएं दे रही हैं सभी मौजूद थी।

क्राइम कंट्रोल के साथ ट्रैफिक व्यवस्था पर रहेगी विशेष नजर : एसएसपी चंदन सिन्हा

* रांची के नवपदस्थापित एसपी चंदन सिन्हा ने किया पदभार ग्रहण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी चंदन सिन्हा रांची एसएसपी पद पर शनिवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने पूर्व एसएसपी कौशल किशोर से पदभार लिया। पदभार लेने के बाद चंदन सिन्हा ने कहा कि झारखंड की राजधानी में क्राइम कंट्रोल के साथ ट्रैफिक व्यवस्था पर भी विशेष नजर रहेगी। हर इलाके के छोटे से बड़े अपराधी पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। जिला में तैनात डीएसपी और थानेदार एक टीम के तहत काम करेंगे। यहां अपराध नियंत्रण करना अपने आप में कई चुनौतियां है, महिला और बच्चों की सुरक्षा को लेकर 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा। आगे उन्होंने कहा कि पुलिस को पब्लिक फ्रेंडली बनाना उनकी प्राथमिकता है। यहां वीआईपी मूवमेंट बहुत ज्यादा है साथ ही कई संगठित आपराधिक गिरोह भी समय-समय पर शहर को अशांत करने की कोशिश करते हैं, वैसे अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिन्हा ने बताया कि उनकी प्राथमिकताओं में यह सबसे ऊपर यह है कि किसी भी आम जनता को पुलिस तक पहुंचने में कोई परेशानी ना हो। कोयला,पशु तस्करों, जमीन दलालों और हूं माफियाओं सहित वैसे अपराधियों पर भी नजर रहेगी जो जेल से छूटे है लेकिन अभी क्या कर रहे हैं। वैसे अपराधियों को चिन्हित करेंगे जो पुराने मामले में जेल जा चुके हैं लेकिन अभी उसकी गतिविधियां कैसी है। सभी थानेदार अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। बता दें कि नवपदस्थापित एसएसपी चंदन सिन्हा इसे पूर्व पलामू के एसपी थे। यहां उनकी पहचान गरीबों के मसीहा के रूप में थी। जब तक वे पलामू के एसपी रहे, उन्होंने खून की कमी से किसी भी मरीज को मरने नहीं दिया। खून के जरुरतमंद मरीजों को वे तुरंत खून उपलब्ध करा देते थे। पलामू में चंदन सिन्हा को रक्तबीर के रूप में भी जाना जाता है। साथ ही यहां खिलाड़ियों को खेल का समान देकर एक खेल प्रेमी होने का भी उन्होंने पहचान बनाई। इसके अलावे वे गरीब बच्चों को पढ़ाई करने के लिए मोबाइल भी उपलब्ध कराया।

राज्य अल्पसंख्यक आयोग के गठन में गैर झारखण्डी को ताज और पासमंदा समाज की अनदेखी से समाज आहतः शाहिद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखण्ड प्रदेश यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष शाहिद इकबाल ने शनिवार को बयान जारी कर महागठबंधन सरकार के खिलाफ गहरा रोष जताया। श्री इकबाल ने कहा की नवगठित अल्पसंख्यक आयोग के गठन में पासमंदा/अंसारी समाज को ठगा गया है। उन्होंने सरकार से पूछा की आखिर किन कारणों से आयोग के गठन की अधिसूचना डुमरी चुनाव के नतीजे आने तक रोक कर रखी गई। डुमरी की पासमंदा मोमिनों के वोट की झलक परिणाम में साफ दिखाई दे रही है की किस तरह समाज ने एकजुट रहकर इंडिया के पक्ष में मतदान किया लेकिन हेमंत सरकार ने डुमरी के मोमिनों को जीत का जश्न मनाने के लायक भी नहीं समझा और शाम होते होते गैर झारखण्डी और गैर पासमंदा को अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने की अधिसूचना जारी कर देती है। सरकारे झारखण्ड गठन के बाद से ही पासमंदा समाज के 170 वर्षो से अधिक के योगदान को भूलती चली आ रही है जबकि पासमंदा समाज ने 1857 के गदर से लेकर झारखण्ड राज्य के गठन तक बलिदान की मिसाल पेश की है। आज पासमंदा समाज सरकार के आचरण और भेदभाव की नीति से आहत है, सरकार की घोषणाएं और कार्यप्रणाली से ये साफ दिख रहा है की सरकार पूंजीपतियों और सामंतवादी शक्तियो के आगे नतमस्तक है अगर राज्य गठन के 24 साल बाद भी मोमिन समाज की अनदेखी की जाती रहेगी और हमे हमारा हक नही दिया जाएगा तो समाज नया उलगुलान करने के लिए भी तैयार है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

डुमरी विधानसभा उपचुनाव की जीत पर झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खूंटी में मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की बड़ी जीत पर झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बाजे गाजे के साथ शहर में जुलूस निकालकर पार्टी के इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। पथ निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन से बाजे गाजे के साथ निकाले गए इस विजय जुलूस में बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। जुलूस के रूप में भगत सिंह चौक पहुंचने के बाद जीत की खुशी में शहर के इस प्रमुख चौक में जमकर बम पटाखे फोड़े गए और लोगों के बीच मिठाइयां बांटकर जीत की खुशियां मनाई गई।

मौके पर जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद ने उपचुनाव के इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस जीत से यह स्पष्ट हो गया कि झारखंड वासी झामुमो के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार के कामकाज से पूरी तरह से संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह काफी बढ़ा है साथ ही कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का भी संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से यह भी स्पष्ट हो गया कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले राज्य के विधानसभा चुनाव में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन के प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत होगी और राज्य से भाजपा का सुपड़ा साफ होगा।

इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य सह 20 सूत्री अध्यक्ष मकसूद अंसारी केंद्रीय सदस्य सुशील पाहन मगन मनजीत तिडू किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत तोपनो जिला महासचिव गुलशन सिंह मुंडा सुदीप गुड़िया वीरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह मुंडा शंकर सिंह मुंडा राजेन मुंडा विजय सांगा प्रकाश नाग मुंडा सनिका बोदरा मोजीर अंसारी वीरेंद्र सिंह डेविड उदय चौधरी आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक के द्वारा इटकी के विभिन्न पंचायत में हर घर जल नल योजना का शिलान्यास किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

इटकी : शनिवार को इटकी प्रखंड अंतर्गत कुंदी, इटकी पूर्वी एवं इटकी पश्चिमी पंचायत मे जल मिशन योजना के तहत हर घर जल नल योजना का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़ कर किया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की। इस दौरान इस शिलान्यास कार्यक्रम मे आये तमाम ग्रामीण लोगो को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक पंचायत मे गर्मी के समय पानी की बहुत बड़ी समस्या होती है, पानी को लेकर महिला मे क्या गुजरती है, महिला ही जानती है, पानी के लिए एक दो किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ता है। विधायक ने कहा कि इस योजना से पूरे पंचायत के ग्रामीणों को गर्मी के समय पानी से नही जुझना पड़ेगा।। इस योजना मे प्रत्येक 20 घरों को एक बोरिंग देना है, और पैम्प के माध्यम से घर घर मे पानी पहुँचाना है। इस योजना का लाभ पंचायत के सभी घरों को देना है। विधायक ने कहा इस योजना को पुरा कराने मे ग्रामीण भी अपनी सहभागिता दे, जहाँ निजी भूमि की जरूरत पड़े तो आप सभी ग्रामीण भूमि उपलब्ध कराने मे कांट्रेक्टर की मदद करे। साथ ही यह भी ध्यान रखे कि भूमि मे पैम्प डेढ़ फिट अंदर बिछा रहा है की नही। अगर उसपर लापरवाही कर रहा है, तो उस डेढ फिट अंदर बिछाने के लिए कहे। अगर वे आपकी बात नही मानते है तो उसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी पंचायत अध्यक्ष या मुखिया को दे।। ताकी वे सही से काम करने के लिए कह सके या कारवाई कर सके।। विधायक ने अपने कम समय के कार्यकाल मे कितना काम किया और कितने योजनाओं को धरातल मे उतारा है उसके बारे मे जानकारी ग्रामीणों को दिया।। साथ ही झारखंड सरकार की जो जो योजना चलाई जा रही है उसकी भी जानकारी ग्रामीणों को दिया। मौके पर कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, प्रमुख किरण उरांव , उप प्रमुख परवेज़ राजा , मुखिया, विधायक प्रतिनिधि अबू माज़, बलराम गोप, राजन किसपोट्टा, सुनील उरांव, अहमद अंसारी, रहमान अंसारी, मंजर अंसारी, ताहिर अंसारी, सोमरा उरांव, विजय तिग्गा, अजय मिंज, प्रभात तिर्की, पप्पू हासमी, कुशूम खलखो, श्वेता मिंज, निमजन खातून, संगीता केरकेट्टा, इबरार इमाम, अजय केरकेट्टा, अजय गोप एवं अन्य उपस्थित थे ।

डुमरी की नवनिर्वाचित विधायक बेबी देवी सपरिवार पहुंची मां छिन्नमस्तिका के दरबार

गोला : झारखंड सरकार की मंत्री सह् डुमरी विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक बेबी देवी शनिवार को सपरिवार प्रख्यात सिद्धपीठ रजरप्पा में माँ छिन्नमस्ता की विधिवत पूजा अर्चना की। इससे पहले उनके यहाँ पहुँचने पर रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी एवं पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो सहित आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनकी जीत पर उन्हें बधाई दी। विधायक बेबी देवी ने देवतुल्य मतदाताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी ने बताया कि माता रानी के दरबार में मंत्री बेबी देवी पूरे परिवार के साथ आज यहां पर माता रानी के दर्शन करने आई है माता रानी से क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की प्रार्थना की ।

विजय संकल्प यात्रा में शामिल हुए पिपरवार से भाजपा कार्यकर्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत भुरकुंडा मे आयोजित भारतीय जनता पार्टी के विजय संकल्प यात्रा में पिपरवार क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।जानकारी के अनुसार बचरा चार नंबर चौक से भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एक साथ नारेबाजी करते हुए भुरकुंडा के लिए रवाना हुए।मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि 2024 के चुनाव से पूर्व भाजपा के द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विजय संकल्प यात्रा में कार्यकर्ताओं सहित आम जनता की भारी भीड़ उमड़ रही है और भाजपा को आपार समर्थन मिल रहा है।उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहरायेगा और केंद्र के साथ राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी।कार्यक्रम में शामिल होने वालों में पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो, संजय कुमार गंझु,उदय शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।इधर दुसरी ओर भुरकुंडा मे आयोजित भाजपा के विजय संक्ल्प यात्रा मे बचरा के सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद के नेतृत्व में भी कई भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।जिसमे दिलिप अम्बष्ट, संतोष गिरी,प्रवीण दराद,अनिल सिन्हा सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

पिपरवार के बचरा में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शनिवार को हवन यज्ञ व विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुआ।महायज्ञ के आठवे और अंतिम दिन मन्दिर प्रागंण मे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया,जिसमे बाहर से आये हुए यज्ञाचार्य व पुजारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सामुहिक हवन यज्ञ कराया गया।हवन यज्ञ मे काफी संख्या मे श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।वही महायज्ञ के उपलक्ष्य मे विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमे बचरा और आस पास के इलाको सहित दुर दराज के लोग भी शामिल हुए।भंडारा मे हजारो की संख्या मे श्रध्दालु शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।बिहार के बक्सर से आये हुए यज्ञाचार्य सह कथावाचक कृष्णानन्द प्रोणानिक जी महाराज की देख-रेख मे महायज्ञ के सभी अनुष्ठान संपन्न कराया गया।इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुनील प्रसाद,सचिव रविंद्रनाथ सिंह, आशिष दुबे,मुखिया गुजंन कुमारी सिंह,रीना देवी,धीरेन्द्र शर्मा,रविन्द्र सिंह,विद्यापति सिंह,पिंकी सिंह,अरूण सिंह, मुकेश राणा, संतोष ठाकुर, बिजेन्द्र सिंह, नन्ददेव राम, बिनोद कुमार,मुकेश सोनी, मुरारी प्रसाद,संतोष गिरी, सोनू तिवारी सहित काफी संख्या मे श्रद्धालु भक्त मौजुद थे।

बचरा में भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतिम दिन भागवत कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओ की काफी भीड़ देखी गई।बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कृष्ण-रूकमणि का विवाह कराया गया।बिहार के बक्सर से आये हुए कथावाचक कृष्णानन्द पोराणीक महाराज द्वारा भागवत कथा के उदेश्य के बारे मे बताया गया।संगीतमय के साथ उन्होंने भागवत कथा के उदेश्य के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा भागवत कथा से लोगो को धार्मिक ज्ञान मिलता है और उनमे धार्मिक भावना बढ़ती है।भगवान की अराधना करना ही सबसे बड़ी भक्ति होती है।भागवत कथा सुनने के लिए अंतिम दिन बचरा, राय,चुरी डकरा,खलारी,बचरा बस्ती,राय कोलियरी,बेंती, किचटो,चिरैयांटाड़,बिलारी सहित अन्य जगहों से सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।महायज्ञ को सफल बनाने मे महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील प्रसाद,सचिव रविंद्रनाथ सिंह, धीरेन्द्र शर्मा,सोनू तिवारी, मुकेश राणा,अरूण सिंह, आशिश दुबे,गांधीराम साहु, बिजेन्द्र सिंह,अरूण सिंह, नन्ददेव राम सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

चोरी के आरोप में पिटाई से एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर, सड़क पर लगाया जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : सिकिदरी थाना क्षेत्र के ढेलुआ खूंटा में शनिवार को बल्ब चोरी के आरोप में दो युवकों की लाठी से जमकर पिटाई की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान ढेलुआ खूंटा निवासी उमेश मुंडा के रूप में हुई है जबकि बबलू मुंडा गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज कराया जा रहा है। पिटाई की घटना तब सामने आयी जब उमेश मुंडा का शव नीलकांत प्रसाद के घर के पीछे से पुलिस ने बरामद किया। उमेश का चचेरा भाई शनिवार की सुबह उमेश को खोजते खोजते नीलकंठ का घर पहुंचा.घर पहुंचने के बाद अपने भाई के बारे पुछा तो नीलकंठ ने बोल दिया कि वह घर चला गया है.संतुष्टि नहीं होने पर नीलकंठ के घर के बारी तरह देखने गया तो देखा कि उमेश का शव ओल की झाड़ी में पड़ा हुआ है.इसकी सूचना सिकिदिरी पुलिस को दी.सिकिदिरी पुलिस शव को अपने कब्जे में ले ली है.इधर ग्रामीणों को सूचना मिलने के बाद ओरमांझी गोला सड़क को शनिवार की सुबह से जाम कर दिया है.वहीं ग्रामीणों ने बताया कि उमेश के साथ एक ओर युवक बब्लू मुंडा को नीलकंठ से डंटे से मारा था.जिससे बब्लू अचेत हो गया था.ग्रामीणों ने बब्लू को अस्पताल में भर्ती कराया .होश आने के बाद बब्लू ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी. इधर ग्रामीणों ने प्रशासन से तीस लाख रुपए की मुआवजा व एक सरकारी नौकरी की मांग व आरोपी को सामने लाने की मांग को लेकर सुबह ग्यारह बजे से शाम 5ः30तक ओरमांझी गोला सड़क को जाम कर रखा था.वहीं आरोपी नीलकंठ प्रसाद ने सिकिदिरी थाना में आत्म समर्पण कर दिया है. इधर ग्रामीण व जनप्रतिनि थाना प्रभारी व थाना के मुन्सी को तत्काल निलंबित करने की मांग पर अड़े हुए थे.वहीं सिल्ली डी एस पी क्रिस्टोफर केरकेट्टा , ओरमांझी इंस्पेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आप लोगों की मांग पुरी होगी . मृतक के परिजनों को तत्काल दाह संस्कार के लिए 30 हजार रुपए का सहयोग राशि दिया गया . आश्वासन मिलने के बाद ओरमांझी गोला सड़क को खोल दिया गया.मौके पर पर मुआवजा की मांग को लेकर सुबह से कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, तुलसी खरवार,रमेश उरांव, जैलेंद्र कुमार,पंचु तिर्की, प्रसाद, रामपोदो महतो,राजेश पाहन,श्रवण कुमार मुंडा, अजगुत करमाली, निर्मल करमाली,कमलेश पाहन सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे.

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0– नसरुदीन खाँ, पिता– सिराजुदिन खान,सा0– पल्हे, थाना– रंका, जिला– गढ़वा। रंका थाना काण्ड संख्या–77/2020, दिनांक–15.05.2020, धारा–147/341/323/324/ 307/504/506 भ0द0वि0,03/04 एसी0एसटी0 एक्ट के प्राथ0 अभि0– नसरुदीन खाँ, पिता– सिराजुदिन खान,सा0– पल्हे, थाना– रंका, जिला– गढ़वा के प्राथमिक अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माननीय न्यायालय Addl. S.J.I Garhwa में आपके विरूद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, निर्गत इश्तेहार का तामिला 03.09.2023 को कराया गया। किन्तु आप अपने स्थाई पता सा0– पल्हे, थाना– रंका, जिला– गढ़वा से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 306512 Police(23-24).D

इटकी में प्रखंड स्तरीय एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता): सामुदायिक पुलिसिंग को लेकर आयोजित प्रखंडस्तरीय एसएसपी कप फुटबॉल टुनामेंट का फाइनल मैच दिनांक 09/09/2023, शनिवार को थाना के समीप स्थित खेल मैदान में खेला गया। टुनामेंट में प्रखंड के सभी पंचायत से एक एक टीम ने हिस्सा लिया था, जिसमें रानीखटंगा एवं कुंदी की टीम फाइनल में पहुंची। दोनो टीमों के बीच मैच का शुभारंम से पूर्व, दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों से एक एक कर मुलाक़ात किया, एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। दोनो ही टीमों के बीच मैच रोमांचक रहा, गोल करने के लिए दोनो ही टीम काफी संघर्ष किया। समय के सम्पति तक दोनो ही टीमों का गोल 0-0 रहा। फाइनल मैच को देखते हुए दोनो टीमों को गोल करने के लिए और 8 मिनट का समय दिया गया। लेकिन समय के सम्पति तक फिर दोनो टीमों ने गोल की कोई बढ़त नही बनाई। दोनो टीमों के बीच प्लेंटी कराया गया। जिसमे रानीखटंगा की टीम ने स्स्क फुटबॉल मैच टूर्नामेंट 2023 का ख़िताब अपने नाम किया।। और इस तरह कुंदी टीम उप विजेता रहे।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

Email – dddopalamu@gmail.com **Contact No- 8210813662**

–:इच्छा की अभिव्यक्ति:–

वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान(इग्नू शिक्षार्थी सेवा केन्द्र 32023), धुर्वा, राँची के माध्यम से IGNOU द्वारा संचालित DDT एवं APDF प्रशिक्षण हेतु इस जिला के अभ्यर्थियों/पशुपालकों से दिनांक– 11.09.2023 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

क्र0 सं0	प्रशिक्षण कार्यक्रम	वांछित योग्यता	प्रशिक्षण लक्ष्य	अवधि	अभ्युक्ति
1	डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी (DDT)	10+2 उत्तीर्ण	02	01 वर्ष	Course fee का 50% IGNOU को देय राशि
2	अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग (APDF)	प्रगतिशील डेयरी कृषक	02	02 माह	

नोंट– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस के उपरोक्त वर्णित तिथि में जिला गव्य विकास कार्यालय, सुदना, डालटेनगंज से मोबाईल सं0– 9835586928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.306546 Animal Husbandry(23-24):D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू

GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE,ANIMAL HUSBANDRY AND CO-OPERATIVE
DEPARTMENT(CO-OPERATIVE DIVISION)
CO-OPERATIVE TRAINING CENTRE, GUNGU TOLI, BAHU BAZAR, RANCHI

Ref. No.- 98 /Ranchi **Dated – 08-09-2023**

Very Short Re–Tender Notice -01 / 2023 -2024

Invitation of bid for providing catering service during training programme for the year 2023-24

Co-operative Training Centre, Ranchi invites tenders from reputed Agency / Firm / Individuals for providing catering services during training programme. A complete set of tender documents may be purchased by interested eligible Bidders from office of the **Co-operative Training Center, Ranchi** during office hours on all working days from **12-09-2023 to 15-09-2023** after payment of a non-refundable fee of **Rs. 1000/-** (Rupees One Thousand only) in the form of cash / Demand Draft in favour of Principal, Co-Operative Traning Centre, Ranchi, payable at Ranchi.

Detailed information, terms and conditions are displayed in the Notice Board of Co-operative Traning Centre, Ranchi and at www.prdjharkhand.in

Last date for submission of the Tender Documents : 18-09-2023 upto 01.00 pm.

Date & time for opening of Bid: 18-09-2023 at 2.00 pm (Financial bid will be opened for those who qualify in the technical bid)

PR NO.**299561** Agriculture, Animal Husbandry and Co-operative Department (23-24)D
PR NO.**302293** Agriculture, Animal Husbandry and Co-operative Department (23-24)D
PR 306530 Agriculture,Animal Husbandry
And Co-opretive Department (23-24)_D

Principal,
Co-operative Traning Centre, Ranchi

जिला स्वास्थ्य समिति, रॉंची, सदर अस्पताल परिसर, रॉंची

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे अटल क्लिनिकों के लिए चिकित्सकों को सूचीवद्ध करने हेतु डमतपज स्पेज के प्रकाशन हेतु विज्ञापन

विज्ञापान संख्या :– 03/2023 साक्षात्कार की तिथि :– 01.09.23

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे अटल क्लिनिकों के लिए चिकित्सकों की आवश्यकता के आलोक में उन्हें सूचीवद्ध करने हेतु दिनांक 01.09.23 को **Walk In Interview** आयोजित की गई थी। जिसके आलोक में चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु चयनित सूची के चिकित्सकों का विवरण निम्नवत है :–

Sl No	Name of Medical Officer	Date of Birth	Category ST/SC/OBC	Total Marks	Place of Posting Atal Clinic	Result
	Selected Medical Officer for Empanelment of Atal Clinic Ranchi					
1	Dr. Murli Manish	25.04.56	SC	46.50	Pahari Mandir	Selected
2	Dr. Kumar Aman	18.12.92	General	46.25	Hinoo	Selected
3	Dr. Rajendera Pd Barnwal	12.03.62	OBC	46.00	Karwala Chowk	Selected
4	Dr. Jaideo Chandra Das	08.01.57	SC	45.50	Kalyanpur Hatia	Selected

उपरोक्त सूची रॉंची जिला के बेवसाईट www.ranchi.nic.in एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय रॉंची के सूचना–पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है।

चयनित चिकित्सकों से अनुरोध है कि दिनांक 15.09.23 से पूर्व अनुबन्ध प्रकिया को पूर्ण करने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति रॉंची के कार्यालय मे कार्यावधि में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे ताकि रिक्तियों का आलोक योगदान संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

PR.NO.306515
Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS रॉंची।

जिला स्वास्थ्य समिति, रॉंची
सदर अस्पताल परिसर, रॉंची

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए चिकित्सकों को सूचीवद्ध करने हेतु **Merit List** के प्रकाशन हेतु विज्ञापन

विज्ञापान संख्या :– 02/2023 साक्षात्कार की तिथि :– 01.09.23

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्र में संचालित किये जा रहे शहरी स्वास्थ्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए चिकित्सकों की आवश्यकता के आलोक में उन्हें सूचीवद्ध करने हेतु दिनांक 01.09.23 को **Walk In Interview** आयोजित की गई थी। जिसके आलोक में चिकित्सकों को सूचीबद्ध करने हेतु चयनित सूची के चिकित्सकों का विवरण निम्नवत है :–

Sl No	Name of Medical Officer	Date of Birth	Category ST/SC/OBC	Total Marks	Place of Posting	Result
	Selected Medical Officer for Empanelment of UPHCs Ranchi					
1	Dr. Vandana Verma	08.02.65	General	46.75	Adalhatu	Selected
2	Dr. Sanjeev Jaiswal	03.03.62	OBC	44.80	Tipudana	Selected
3	Dr. Sanjay Kumar	01.09.63	General	44.60	Lem-Barigain	Selected
4	Dr. Satwik	20.12.87	General	44.45	Hatia	Selected
5	Dr. Kumari Namrata	07.07.85	General	43.75	Chutia	Selected

उपरोक्त सूची रॉंची जिला के बेवसाईट www.ranchi.nic.in एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय रॉंची के सूचना–पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है।

चयनित चिकित्सकों से अनुरोध है कि दिनांक 15.09.23 से पूर्व अनुबन्ध प्रकिया को पूर्ण करने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति रॉंची के कार्यालय मे कार्यावधि में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे ताकि रिक्तियों का आलोक योगदान संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

PR 306516 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS रॉंची।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-14/2023-24 1st Call
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/14/2023-24 Date:-06.09.2023

1	Name Of Work	Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) of Hata-Chaibasa Main Road Govindpur, Ganjiaghat, Adityapur-Kandra Main Road up to Gamharia Thana turn including DPR of bridge over Kharkai river and DPR of Dugdha village bypass Gengeruli, Kusumbani village bypass till Sidadih-Judi including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Hazaribagh in the State of Jharkhand. ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid.**
2	Tentative Length	26.00 Km
3	Period of Completion of Work	60 Days
4	Cost of Tender documents	Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid.
5	Mode of Bid Submission	e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)
6	Date/Time of Publication of Tender on Website	11.09.2023,10:30 AM
7	Last Date/Time of Bid Submission	18.09.2023 12:00PM
8	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD	18.09.2023 12:00PM
9	Date and Time of Bid opening	20.09.2023 12:30 PM
10	Bid validity	120 days
11	Bid Submission Address	Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004
12	Designation and Contact no. of Tender inviting Officer	Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-7903169581.

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./- Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR 306523 Road(23-24).D

रोजगार शिविर में 149 अभ्यर्थियों को किया गया शॉर्टलिस्ट

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, सरायकेला खरसावां में शनिवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार से मिली जानकारी अनुसार रोजगार मेला में टाटा स्टील, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज, अमलगम स्टील, रामकृष्ण फोर्जिंगस, रुंगटा माइन्स लिमिटिड, एलआईसी ऑफ इंडिया, श्री राम होंडा एवं टैलेंटनेक्सा सर्विसेज के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से फर्निश आपरेशन ऑफिसर, स्टील स्ट्रक्चरल ऑफिसर, अकाउंटेंट, तकनीशियन, मैनेजमेंट ट्रेनी, सेफ्टी मैनेजर, केमिस्ट, क्रेन ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, सीएनसी ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, रिसेप्शनिस्ट सहित विभिन्न के पदों पर जिला अंतर्गत नियुक्ति हेतु 149 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। रोजगार मेला में जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार सहित श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वाईपी रवि प्रकाश सिंह, परियोजना सहायक जेम्स मिंज एवं नियोजनालय के सभी कर्मी तथा संबंधित नियोजक संस्थानों के एचआर मैनेजर उपस्थित रहे।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ कथा का विश्राम

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मंगल अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ शनिवार को कथा का विश्राम हो गया। उपस्थित सैकड़ों भक्तों द्वारा भागवत कथा के विश्राम पर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। हवन एवं पुर्णाहुति के बाद लगभग एक हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व कथा वाचक हिमांशु महाराज ने धर्म, सत्य और कलयुग की महिमा का वर्णन समेत कृष्ण और सुदामा की मित्रता की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि जहां मित्रता होती है वहां मतलब नहीं होता। आज के मनुष्य को कृष्ण और सुदामा से सीखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में मित्रता की कितनी अहम भूमिका रहती है। इनका रहा योगदानः- सातों दिन कथा को सफल बनाने में सचिव सुरेश कुमार अगीवाल, संतोष संघी, कुंजबिहारी नागेलिया, सुरेश सोंथालिया, अशोक नरेड़ी, अशोक संघी, रमेश आगीवाल, कमल अग्रवाल, किशन संघी अमित मूनका, विनय अग्रवाल, कमल अगीवाल, पंकज अग्रवाल, नरेश नरेड़ी, महावीर नागेलिया, हरि अगीवाल, बाबुलाल सोंथालिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडे के स्वास्थ्य का हाल लेने पहुंचे भाजपाई

चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शंकर पांडे के आवास पर उनकी स्वास्थ्य की खबर लेने भाजपा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ललित मोहन गिलुवा, जिला मंत्री अशोक दास और जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवलाल रवानी पहुंचे। मालूम हो कि श्री पवन शंकर पांडे ऑपरेशन के बाद डॉक्टर के सलाह के अनुसार अपने आवास में बेड रेस्ट पर हैं । पहले से तबीयत में काफी सुधार है वे बेहतर हालत में है। जल्द ही वे स्वास्थ्य होकर अपने कार्य में लग जाएंगे।

सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी, चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में इलाजरत

चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): बंदगांव प्रखंड की मतकमबेड़ा गांव में सर्पदंश से एक महिला की तबियत बिगड़ गई। महिला की ज्यादा तबियत बिगड़ने पर महिला को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि मतकमबेड़ा गांव निवासी झींगी सामड अपने घर के गुहाल में काम कर रही थी। इसी दौरान एक जहरिले सांप ने उसके हाथ में काट लिया। इससे उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने इसकी सूचना चक्रधरपुर के समाजसेवी सदानंद होता को दी।इसके बाद महिला को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद महिला की स्थिति में सुधार है।

झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने श्राद्धकर्म में की मदद

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): पोटका प्रखंड के कोवाली पंचायत अंतर्गत पहाड़ के तलहट्टी में बासा सुदूर ग्राम तेलेन कोचा ग्राम निवासी लक्ष्मण महतो का विगत दिनों निधन हो गया था। जिसका श्राद्धकर्म के लिए झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उसके घर जा कर शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया एवं मृतक के बेटा गणेश महतो को सुखा राशन देकर सहयोग किया। उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा की आगे भी हर संभव दुःख सुख में आप सभी के साथ रहूंगा। मौके पर झामुमो पोटका प्रखंड पूर्व सचिव अवित्र सरदार, झारखंड आंदोलनकारी कमल लोचन महतो, माटकू पंचायत के पूर्व मुखिया बिल्टू हांसदा, पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी, युवा नेता दुर्गा प्रसाद हांसदा, ग्राम प्रधान फूलचांद महतो, आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

तैलिक साहू महासभा का बागबेड़ा थाना क्षेत्रीय कमिटी गठित

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में बागबेड़ा सिद्धू कानू मैदान स्थित लोहिया भवन में मिलन समारोह सह चिंतन शिविर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें संतोष गुप्ता को बागबेड़ा थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष, आकाश गुप्ता को महासचिव एवं उमेश कुमार साह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने तीनों को नियुक्ति पत्र देकर एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने नयी कमेटी का गठन 15 दिनों के अंदर करके देने को कहा। कार्यक्रम का संचालन वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन शाह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, संचालन समिति सदस्य चंद्रिका प्रसाद, सत्यदेव प्रसाद, जिला सलाहकार शैलेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष पप्पू साहू, सुरेश कुमार, जिला सचिव अशोक साहू, भोला प्रसाद, जिला महिला उपाध्यक्ष नेहा साहू, नंदनगर क्षेत्रीय अध्यक्ष सागर साहू, जुगसलाई थाना क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र शाह, गौतम साहू, को फूलों गुलदस्ता एवं माला पहनकर स्वागत किया।

मंत्री बन्ना गुप्ता के जनता दरबार में ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का हुआ समाधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : कांग्रेस के पटमदा प्रखंड कमेटी की ओर से शनिवार को 11 बजे से पटमदा के डाकबंगला परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जबकि ग्राम प्रधान संघ की ओर से 11 सूत्री मांगपत्र अध्यक्ष बृंदावन दास, सुधीर चन्द्र टुडू , फूलचांद महतो, मृत्युंजय महतो व काशीनाथ महतो आदि ने सौंपा। लेकड़ो से आये लुबा राम मुर्मू ने मंत्री के समक्ष अंचल कर्मचारी के खिलाफ जमीन का ऑनलाइन के नाम पर डेढ़ हजार रुपये घूस मांगने की शिकायत की गई। मौके से मंत्री सीओ चंद्रशेखर तिवारी को फोन करते हुए अगले दो दिनों के अंदर काम करने का निर्देश दिया। एसएफसी गोदाम के मजदूरों ने ग्राम प्रधान शम्भू दास के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर उन्हें काम नहीं मिलने की शिकायत की जिसपर मंत्री ने विभागीय सचिव से बात करते हुए समाधान का निर्देश दिया। लावा निवासी एक मरीज को रिम्स में बेड उपलब्ध कराने के लिए मंत्री ने वहां डीएस को निर्देश दिया। टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की ओर से तापस हालदार व पंचानन महतो ने समायोजन की मांग पर ज्ञापन सौंपा। जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने बंगाल सीमा से सटे स्वास्थ्य उपकेंद्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। प्रखंड मुख्यालय में दीदी कैफे का संचालन करने वाली लावा निवासी साबित्री सिंह ने कहा कि कोविड के दौरान टीकाकरण कर्मियों के लिए भोजन का पैकेट दिया था जिसमें 4 लाख रुपये की बकाया राशि का भुगतान 3 वर्ष बीतने के बावजूद नहीं हुआ है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से केंद्र सरकार को कोविड का बकाया 100 करोड़ रुपये की मांग की गई है जो अब तक नहीं मिला है। उन्होंने धैर्य रखने की सलाह देते हुए भुगतान का आश्वासन दिया। कोविड का वैक्सीन ढोने वाले कर्मियों ने भी करीब ढाई लाख रुपये बकाया राशि का भुगतान की मांग की। बोड़ाम थाना प्रभारी के पूर्व चालक लक्ष्मण महतो ने थाना प्रभारी धनंजय बैठा के खिलाफ शिकायत की जिसमें मंत्री ने थाना प्रभारी से फोन करते हुए उसे दुबारा काम पर रखने को कहा। इस दौरान कई और लोगों ने समस्याएं रखीं जिसके समाधान का आश्वासन दिया गया। मंत्री ने कहा कि जनता के लिए मंत्री बने हैं और हेमंत सोरेन सरकार में जनता का काम करने के लिए ही विभिन्न जगहों पर जनता दरबार आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उसके समाधान का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, कांग्रेस नेता मौलाना अंसार खान, मोहनलाल बनर्जी, किशनलाल महतो, विश्वामित्र दास, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, अश्विनी महतो, अश्विनी दास, बलराम महतो के अलावे पटमदा सीएचसी प्रभारी डॉ. क्रिष्टोफर बेसरा, डॉ. सौमेन कुमार दत्ता व डॉ. प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चाकुलिया दौरा 12 को

डीडीसी, एडीसी ने किया स्थल का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 12 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा द्वारा चाकुलिया प्रखंड स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर एलआरडीसी रविन्द्र गागराई, प्रखंड विकास पदाधिकारी चाकुलिया देवलाल उरांव तथा अन्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री का बांशदा स्थित शहीद स्थल में शहीद गणेश हांसदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं केरूकोचा चौक स्थित फुटबॉल मैदान में शहीद साबुआ हांसदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल में तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था आदि की समीक्षा कर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

टांगराईन में हुआ झारखंड साइंस फिल्म क्लब का उद्घाटन, लोगो जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन में आज तीन फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ झारखंड साइंस फिल्म क्लब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महिला समाजसेवी अंजलि बोस ने क्लब का लोगो जारी किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराईन के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने सिनेमा को सशक्त माध्यम बताते हुए बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। साइंस फार सोसायटी झारखंड के सचिव डीएनएस आनंद ने बताया कि टांगराईन से शुरुआत की गई है। इसे पूरे झारखंड के स्कूलों में फिल्मों के जरिए वैज्ञानिक चेतना के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। टांगराईन में तीन फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई । आकाश राजपूत की फिल्म माय लाइफ ऐज ए स्नेल, नरेंद्र सिंह पार्धी एवं साहेब राय बेदिया की फिल्म गज ढूंढ रहे हैं गलियारा तथा सीमा मुरलीधर निर्देशित फिल्म ध्वनि की स्क्रीनिंग की गई। घोंघा और हाथी पर बनी दो फिल्मों के जरिए पारिस्थितिकी संतुलन के प्रति बच्चे जागरुक हुए। फिल्मों की स्क्रीनिंग के बाद बच्चों के साथ संवाद के जरिए मुद्दों को गहराई से समझने की कोशिश की गई। फिल्म ध्वनि की रुचिकर प्रस्तुति को भी बच्चों ने समझा। संवाद में पर्यावरणविद् अजीत सिंह, समाजसेवी सिद्धेश्वर सरदार, उज्जवल मंडल , गौतम बोस एवं कारू फाउंडेशन के दीपक आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्था झारखंड साइंस फिल्म क्लब के अभिषेक गुप्ता ,हीरा प्रसाद एवं विकास कुमार ने सक्रियता से किया।

खेलो झारखंड के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन

कबड्डी के बालक व बालिका वर्ग में युएचएस अरुवां बना विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : कुचाई प्रखंड के बिरसा स्टेड़ियम में सर्व शिक्षा अभियान सरायकेला खरसावां के सौजन्य से खेलो झारखंड के तहत तीरंदाजी, कबड्डी, बॉलीबॉल, दौड़, रिले रेस, गोला फेंक, ऊंची व लंबी कूद आदि का आयोजन किया गया. रिले रेस में आश्रम विद्यालय कुचाई विजेता व प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय कुचाई विजेता रहे. वॉलीबॉल में बालिका वर्ग में कस्तुरबा गांधी विद्यालय कुचाई व बालक वर्ग में आश्रम विद्यालय कुचाई विजेता बना. कबड्डी के अंडर 14 बालक व बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरुवा विजेता बना. कबड्डी के अंडर 17 बालक वर्ग में आश्रम विद्यालय कुचाई व बालिका वर्ग में कस्तुरबा गांधी विद्यालय कुचाई विजेता बना. तीरंदाजी प्रतियोगिता में आश्रम विद्यालय कुचाई के मुचीराम हेंब्रम व उच्च विद्यालय कुचाई के ब्रजमोहन मुंडा,बालक वर्ग के 100 मीडटर के दौड़ में युएणएस तोडांगडीह के मोटाय मुंडा व युएमएस बांडी के विनोद कुम्हार, 200 मीटर के दौड़ में आश्रम विद्यालय कुचाई के बालेमा सोय व युएमएस भुरकुंडा के चेलसी मुदैया को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार दिया गया.1500 मीटर के दौड़ में उच्च विद्यालय दलभंगा के नरपति मुंडा विजेता बने. बालिका वर्ग के लंबी कूद में दलभंगा उच्च विद्यालय के चंद्रीका हजाम विजेता बनी.गोला फेंक में कुचाई के गोविंद हेंब्रम व सिगीदा के रोविन मुंडा विजेता व उप विजे बने. सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. पुरस्कार वितरण में मुख्य रुप से बीपीओ नाथो महतो, कृष्ण मोहन महतो आदित्य कुमार, परिपद मुंडा, तिलक प्रसाद महतो, सुधाकर ठाकुर, संजय कुम्हार, प्रदीप महतो, देवेंद्र कुम्हार, दैतारी लेंका, अतुलानंद कुम्हार, मनोज बोईपाई, कुशल सिंह सोय, कृष्ण सिंह मुंडा आदि शिक्षक उपस्थित थे.

ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने शिक्षकों को किया एपीआर नायर अवार्ड से सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : शनिवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने केरला पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय ए पी आर नायर की सातवी पुण्यतिथि, पुरुलिया रोड स्थित आजाद मैरेज हाल में मनाया। मुख्यअतिथि के तौर पर केरला पब्लिक स्कूल के निर्देशक शरत चंद्रन नायर,आजादनगर थाना के विकासकुमार, प्रोफेसर अहमद बद्र और करीम सिटी कॉलेज के प्रोफेसर जकी अख्तर, आज़ाद नगर थाना पीस कमीटी के शेख बद्रुदिन, शाहिद खान भी मौजूद थे। सभी अतिथियों ने ए पी आर नायर के द्वारा जमशेदपुर में शिक्षा का स्तर ऊंचा करने के लिए स्कूल खोला और जनता के लिए शिक्षा का उचित मार्ग बनाया। मौके पर जकिरनगर के कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद औरंगाबादी, साकची के सेंट्रल कारिमिया हाई स्कूल के सेवा नियुक्त काल श्री रियासत हुसैन और सरायकेला खरसावा के अभिषेक शर्मा सचिव गोविंद विद्यालय तामुलिया को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा शाल ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता भेंट कर ए पी आर नायर अवार्ड से सम्मानित किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 4571 मामलों का हुआ निष्पादन, 1.5 करोड़ सरकारी राजस्व की प्राप्ति

राष्ट्रीय लोक अदालत
समय : सुबह बजे से अंतिम सुलहनामा समाप्ति तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : नालसा एवं झालसा के निर्देशन में व्यवहार न्यायालय परिसर, सरायकेला और अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, चांडिल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। अदालती कार्यवाही हेतु सरायकेला में पाँच एवं चांडिल में दो पीठों का गठन किया गया था। जिसमें न्यायालय के लंबित लगभग 4571 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमे प्री लिटिगेशन के चार हजार मामले थे। लगभग डेढ़ करोड़ के सरकारी राजस्व की भी प्राप्ति हुई। निष्पादन होने योग्य मामलों में बैंक, एक्साइज एक्ट, बिजली विभाग तथा अपराधिक सुलहनीय तथा अन्य प्रकृति के मामलों का निष्पादन किया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान ज़िले के एक लाख उनतीस हज़ार से अधिक लाभुकों में विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 54 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, जिला जज प्रथम, जिला जज द्वितीय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, चांडिल न्यायालय के जिला न्यायाधीश प्रथम, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, तथा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सचिव ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने सभी विभागों का आभार व्यक्त किया कि उनके प्रयास से बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए एवं लोक अदालत का लाभ उठाए। उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने सभी विभागों से आपसी तालमेल स्थापित कर जनहित में कार्यक्रम करने तथा सुयोग्य लाभुकों को योजनाओं के माध्यम लाभान्वित कराए जाने की बात कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद ने लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया।

जुस्को स्कूल साउथ पार्क में आयोजित अलंकरण समारोह में 58 विद्यार्थियों ने ली शपथ

JUSCO SCHOOL SOUTH PARK

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : शनिवार को जुस्को स्कूल साउथ पार्क का अलंकरण समारोह पूरे जोश, उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। पीपल फॉर चेंज और जमशेदपुर क्वीर सर्कल के संस्थापक सौविक साहा ने इस अवसर पर प्रमुख के रूप में भाग लिया। उन्होंने छात्रों को समय की पाबंदी, समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के मूल्यों को विकसित करने की सलाह दी। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने चयन प्रक्रिया के दौरान पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शित ईमानदारी, आत्मविश्वास और विचारों में स्पष्टता की सराहना की। स्कूल के अध्यक्षों, स्कूल कप्तानों और उप-कप्तानों, पांचों सदनों के कप्तानों और उप-कप्तानों, खेल और अनुशासन मॉडरेटर और सह मॉडरेटर के साथ-साथ पंद्रह क्लबों के मॉडरेटर और सह मॉडरेटर ने शपथ ली, जिसे स्कूल के प्रिंसिपल ने दिलाई और उन्हें बैज प्रदान किए गए।

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर आयोजित

न शिविर - सह - ग्राम सभा
दिनांक - 09/09/2023

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरूलडीह : कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में शनिवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर सह ग्राम सभा का आयोजन किया गया। चिंतन शिविर में पंचायत प्रतिनिधि, सरकारी पदाधिकारी , प्रखंड, पंचायत के कर्मचारी , बुद्धिजीवी, किसान, शिक्षक आदि उपस्थित रहे। चिंतन शिविर में पंचायत की मुलभूत समस्या,भावी योजना, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, स्वच्छता, बाल विकास, विद्युत, सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी लिया गया व योजनाओं के संबंध में जानकारी दिया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय नहीं रहने, विद्यालयों में बच्चों की कम उपस्थिति, कुपोषितों के लिए नीमडीह स्वास्थ्य केंद्र में सीट नहीं मिलने कि समस्या आदि पर चिंतन किया गया। वहीं तिरूलडीह पंचायत सचिवालय में उप विकास आयुक्त प्रविन कुमार गागराई ने पंचायत के मुखिया निधी के 15 वीं वित्त आयोग से सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय का निर्माण व मरम्मती कराने का निर्देश भी पंचायत सचिवों को दिया गया। चौड़ा पंचायत मे परियोजना पदाधिकारी संदिप कुमार दरायबुरू ,कुकड़ु पंचायत में अपर उपायुक्त सुबोध कुमार ,ईचाडीह पंचायत में डीटीओ शंकराचार्य सामड सहित सभी 9 पंचायतों में जिला के पदाधिकारी चिंतन शिविर में भाग लिया। वहीं उप विकास आयुक्त प्रविन कुमार गागराई ने कहा कि जिला में तीन प्रखंडों को आकांक्षी प्रखंड का दर्जा दिया गया है, जिसमें कुकड़ु भी शामिल है। मौके पर डीपीएम आसीयाना मार्की, मुखिया सुधीर सिंह मुण्डा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

करीम सिटी कॉलेज में सतरंग का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज के सोसाइटी फॉर प्रमोशन आर्ट्स एंड कल्चर (स्पार्क) द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव - सतरंग का आज शुभारंभ हुआ। सतरंग साहित्य एवं कला प्रेमियों को वह मंच प्रदान करता है जहाँ वे विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसे निखार सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व वित्त अफ़सर डॉ प्रभात कुमार पाणी ,स्पार्क के संयोजक डॉ एस.एम याहिया इब्राहिम तथा करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वल्लन द्वारा की गयी। मुख्य अतिथि प्रभात कुमार पाणी के साथ , डॉ याहिया इब्राहिम , डॉ अनवर शाहब , डॉ बसूधरा रॉय, डॉ मोज़्ज़ाम नज़री की उपस्थिति में सतरंग के मैस्कॉट का उद्घाटन किया गया एवं कॉलेज के सफाई कर्मचारियों द्वारा सतरंग की औपचारिक शुरुआत की गयी। इसके बाद सभी अतिथियों एवं विद्याथियो के लिए श्रेया घोष द्वारा स्वागत नृत्य किया गया। कविषेक कालिंदी द्वारा गीत प्रस्तुत किया। स्पार्क की मुख्य आयोजन सचिव अदिति सिंह ने सतरंग में होने वाले प्रतियोगिताओं की सभी को जानकारी दी। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों द्वारा गुजराती समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। सतरंग के शुभारंभ समारोह का संचालन स्वाति शर्मा ने किया। सतरंग के शुभारंभ समारोह के समापन के बाद अदाकारी - नाट्य कला प्रतियोगिता की शुरुआत की गयी जिसमें निर्णायक के तौर पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित जीतराय हांसदा एवं सुमन पूर्ति उपस्थित रही। इस नाट्य प्रतियोगिता को दो भागो में विभाजित किया गया - समूह नाट्य एवं एकल नाट्य। एकल नाट्य में झाँसी की रानी का किरदार निभाकर तानिया पारकर ने प्रथम स्थान एवं चंद्रशेखर आज़ाद का किरदार निभाते हुए प्रियांशु दास को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। समूह नाट्य में आरजू एवं दल को प्रथम और हर्ष एवं दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। एकल नाट्य में झाँसी की रानी का किरदार निभाकर तानिया पारकर ने प्रथम स्थान एवं चंद्रशेखर आज़ाद का किरदार निभाते हुए प्रियांशु दास को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। समूह नाट्य में आरजू एवं दल को प्रथम और हर्ष एवं दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अदाकारी का सफल संचालन सना वकील ने किया। अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन स्पार्क की सांस्कृतिक सचिव स्नेहा शर्मा ने किया।

संपादकीय

परिवहन का ब्रांड हिमाचल

हिमाचल में सडक़ परिवहन का विस्तृत स्वरूप यहां की उम्मीदों को परवान चढ़ाता है और इसीलिए किसी भी परिवहन मंत्री के आजू बाजू प्रगति का एक संसार बसता रहा है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पुनः सडक़ परिवहन के खाके में सरकारी बसों की पेशकश में कुछ इजाफा किया है। शक्ति पीठों के लिए 15 फीसदी कम किराए पर बसें उपलब्ध करवा कर एक ऐसी परिकल्पना कर रहे हैं, जो पर्यटन के पहलू को तसदीक करता है। पर्यटन, परिवहन तथा कला संस्कृति विभाग अगर एक दूसरे के साथ मिलकर समन्वित योजनाएं बनाएं तो बिखरी हुई क्षमताओं का जोड़ सशक्त होगा। कहना न होगा कि हिमाचल के पर्यटन को सडक़ परिवहन की दृष्टि से मजबूत करें, तो कई परिकल्पनाएं अपना काम करेंगी। उदाहरण के लिए धार्मिक पर्यटन की जिम्मेदारी में एचआरटीसी खुद में सैलानियों को ढोने का जज्बा पैदा करे, तो न केवल बाहरी श्रद्धालु हिमाचल आने के लिए सरकारी बसों की सुविधा में अपना कार्यक्रम बनाएंगे, बल्कि प्रदेश के लोगों के लिए भी राष्ट्र दर्शन के कई रूट सुविधाजनक होंगे। चिंतपूर्णी से राजस्थान के खाटू श्याम तथा नादौन-वृंदावन जैसे रूट ऐसी ही पर्यटन परिकल्पना का मार्ग प्रशस्त करते हैं। एचआरटीसी को दिल्ली व चंडीगढ़ में अपने अलग से डिपो विकसित करके इनका पर्यटन परिवहन डिपो के रूप में संचालन करना चाहिए। परिवहन की एक परिधि अगर पड़ोस के पर्यटन केंद्रों से जुड़े, तो न केवल एचआरटीसी बसें पर्यटन ब्रांड बन सकती हैं, बल्कि अपने साथ निजी बसों के नेटवर्क को जोडक़र ब्रांड हिमाचल को भी मजबूत करेंगी। प्रदेश में पर्यटन की खोज में निजी वोल्वो बसों की अहमियत को नजरअंदाज करने के बजाय इन्हें किसी न किसी रूप से एचआरटीसी की व्यवस्था से जोडऩा होगा। या तो एचआरटीसी की अंतरराज्यीय बसें निजी कंपनियों के सहयोग से अपनी मार्केटिंग का ढर्रा बदलें या निजी वोल्वो बसों की प्रणाली से सीखते हुए फ्लीट संचालन में परिवर्तन लाए। प्रमुख सडक़ों पर एचआरटीसी व हिमाचल पर्यटन को मिल कर हाई-वे टूरिज्म के ऐसे पक्ष को नया मोड़ देना चाहिए, जिससे आने वाले सैलानियों के लिए मंजिलें बढ़ सकती हैं। इसी तरह चंडीगढ़- दिल्ली के बीच किसी केंद्रीय स्थल पर एचआरटीसी पर्यटकों व यात्रियों की सुविधा के लिए रिजार्ट व विश्राम स्थल बनाएं, लेकिन इसी के साथ हिमाचल को क्षेत्रीय परिवहन का नेतृत्व करते हुए पंजाब-पेप्सू रोडवेज, सीटीयू और हरियाणा रोडवेज को बदले में हिमाचल के मुख्य मार्गों पर ऐसे ही रिजार्ट एवं विश्राम स्थल विकसित करने को योजना लानी चाहिए। हिमाचल पथ परिवहन को अंतरराज्यीय मार्गों के अलावा राज्य के भीतर भी खुद को पर्यटन परिवहन की जरूरतों में पारंगत करना होगा। मसलन प्रदेश के धार्मिक स्थलों को जोड़ते हुए विभिन्न पर्यटक क्षेत्रों से देवी दर्शन बसें व प्रमुख पर्यटक स्थलों पर साइट सीइंग के लिए एचआरटीसी अपनी क्षमता व निरंतरता से माहौल में परिवर्तन ला सकती है। प्रदेश के तीन हवाई अड्डों पर आ रही उड़ानों की सफलता के लिए सैलानियों की ग्राउंड हैंडलिंग में एचआरटीसी को शिमला से जुब्बलहट्टी, मकलोडगंज से गगल तथा मनाली से भुंतर एयरपोर्ट्स के लिए पूर्व निर्धारित किराए पर बस सेवाएं शुरू करनी चाहिए। शिमला से दिल्ली-धर्मशाला उड़ानों की सफलता के लिए एचआरटीसी की ऐसी सेवा उत्प्रेरक का काम करेगी। इसी के साथ चंडीगढ़, अमृतसर और दिल्ली हवाई अड्डों के लिए हिमाचल के प्रमुख स्थलों से सीधी वोल्वो बसें शुरू करने की जरूरत है। अंब-अंदौरा से शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन सुविधा में एचआरटीसी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए मकलोडगंज, हमीरपुर व अन्य शहरों से बस सेवाएं जोडक़र इसे ट्रैवल सर्किट के रूप में प्रचारित कर सकती है।

प्रदेश में पर्यटन की खोज में निजी वोल्वो बसों की अहमियत को नजरअंदाज करने के बजाय इन्हें किसी न किसी रूप से एचआरटीसी की व्यवस्था से जोडऩा होगा। या तो एचआरटीसी की अंतरराज्यीय बसें निजी कंपनियों के सहयोग से अपनी मार्केटिंग का ढर्रा बदलें या निजी वोल्वो बसों की प्रणाली से सीखते हुए फ्लीट संचालन में परिवर्तन लाए। प्रमुख सडक़ों पर एचआरटीसी व हिमाचल पर्यटन को मिल कर हाई-वे टूरिज्म के ऐसे पक्ष को नया मोड़ देना चाहिए, जिससे आने वाले सैलानियों के लिए मंजिलें बढ़ सकती हैं। इसी तरह चंडीगढ़- दिल्ली के बीच किसी केंद्रीय स्थल पर एचआरटीसी पर्यटकों व यात्रियों की सुविधा के लिए रिजार्ट व विश्राम स्थल बनाएं, लेकिन इसी के साथ हिमाचल को क्षेत्रीय परिवहन का नेतृत्व करते हुए पंजाब-पेप्सू रोडवेज, सीटीयू और हरियाणा रोडवेज को बदले में हिमाचल के मुख्य मार्गों पर ऐसे ही रिजार्ट एवं विश्राम स्थल विकसित करने को योजना लानी चाहिए। हिमाचल पथ परिवहन को अंतरराज्यीय मार्गों के अलावा राज्य के भीतर भी खुद को पर्यटन परिवहन की जरूरतों में पारंगत करना होगा। मसलन प्रदेश के धार्मिक स्थलों को जोड़ते हुए विभिन्न पर्यटक क्षेत्रों से देवी दर्शन बसें व प्रमुख पर्यटक स्थलों पर साइट सीइंग के लिए एचआरटीसी अपनी क्षमता व निरंतरता से माहौल में परिवर्तन ला सकती है। प्रदेश के तीन हवाई अड्डों पर आ रही उड़ानों की सफलता के लिए सैलानियों की ग्राउंड हैंडलिंग में एचआरटीसी को शिमला से जुब्बलहट्टी, मकलोडगंज से गगल तथा मनाली से भुंतर एयरपोर्ट्स के लिए पूर्व निर्धारित किराए पर बस सेवाएं शुरू करनी चाहिए।

कुछ अलग

संसद सत्र एजेंडे के बिन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय और प्रवक्ता का कहना है कि संसद का सत्र 18-22 सितंबर को बुलाया गया है, लेकिन संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत कई मंत्री और पार्टी प्रवक्ता इसे 'विशेष सत्र' करार दे रहे हैं। यह राष्ट्रपति के कथन और निर्णय में 'अतिक्रमण' है और महामहिम तथा केंद्र सरकार के बीच विरोधाभास भी है। हमने यह स्थिति पहली बार देखी और महसूस की है। विपक्ष में सोनिया गांधी और 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं का भी मानना है कि सरकार ने संसद के 'विशेष सत्र' का निर्णय मनमुताबिक लिया है। विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया। दरअसल भारत सरकार के परामर्श पर ही राष्ट्रपति ने संसद सत्र आहूत किया है। बहरहाल इस असमंजस से बाहर निकलते हुए हम मानते हैं कि पांच दिन का संसद सत्र बुलाया गया है। यदि यह 'विशेष सत्र' है, तो कमोबेश मोदी सरकार को स्पष्ट करना चाहिए था कि किस 'विशेषता' के तहत यह सत्र बुलाया गया है, जबकि मानसून सत्र 11 अगस्त को ही 'अनिश्चितकाल के लिए स्थगित' किया गया था। संसद का शीतकालीन सत्र भी नवम्बर के अंत अथवा दिसंबर के शुरू में बुलाया जाता है। उस दौरान कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा राजनीतिक दलों के केंद्रीय नेता भी चुनाव-प्रचार में व्यस्त होंगे। क्या इसी के मद्देनजर यह 'विशेष सत्र' बुलाया गया है? क्या शीतकालीन सत्र नहीं होगा? इन सवालों के संदर्भ में कहा जा सकता है कि संपूर्ण सत्र की तुलना में पांच दिवसीय सत्र पर्याप्त नहीं होता, क्योंकि विधायी कार्य लटके रहेंगे! चूंकि प्रस्तावित सत्र में 'शून्यकाल' और 'प्रश्नकाल' सरीखी संवैधानिक व्यवस्थाओं को अनुपस्थित रखा गया है, लिहाजा सवाल उठता है कि क्या सत्र वाकई 'विशेष' है? यदि ऐसा है, तो उसका विशेष एजेंडा सार्वजनिक करने में दिक्कत क्या है? यह भी परंपरा रही है कि कोई विधेयक पेश करने से पहले कमोबेश विपक्ष के सदनीय नेताओं को मसविदा जरूर मुहैया कराया जाता रहा है, ताकि उसका समुचित अध्ययन वे कर सकें और संसद में अपने संशोधन पेश कर सकें। 'विशेष सत्र' का एजेंडा गोपनीय अथवा सनसनीखेज बनाने के लाभ क्या हैं? उससे सरकार की कौन-सी खुफियागीरी खंडित होगी? यदि 'विशेष सत्र' में 'एक देश, एक चुनाव' या 'महिला आरक्षण बिल' अथवा 'भारत नामकरण' सरीखे प्रस्ताव पेश किए जाने हैं, तो इनमें 'विशेष जल्दबाजी' की जरूरत क्या थी कि संसद सत्र आनन-फानन में बुलाना पड़ा? यदि सरकार 'चंद्रयान-3', 'आदित्य एल-1' और 'जी-20 शिखर सम्मेलन' सरीखी अमृत-काल की उपलब्धियों पर संसद का 'शाबाश प्रस्ताव' पारित कराना चाहती है, तो इस कार्य-सूची को सार्वजनिक करने में परेशानी क्या है? कौन-सी गोपनीयता भंग हो सकती है? दरअसल मोदी सरकार की यह प्रवृत्ति बन गई है कि वह अत्यंत सामान्य फैसले को भी सनसनीखेज बना कर पेश करती है। प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' वही जानते हैं, इस पर सरकार और भाजपा बड़ा 'महान' महसूस करती है।

लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है

रेवड़ियां बांटने की राजनीति देश के लोकतंत्र का बड़ा नुकसान कर रही है

ललित गर्ग

लोकसभा एवं पांच प्रांतों में विधानसभा चुनाव सन्निकट है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हैसियत से आगे निकलकर राजनीतिक दल जनता को मुफ्त की रेवड़ियां एवं सुविधाएं देने के लिए वादों का पिटारा खोलते जा रहे हैं, चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़ें खोखली होती चली जाती हैं। चुनाव प्रक्रिया महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन करने वाली हो जाती है।

करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। हाल के वर्षों में चुनाव सुधार की दिशा में जितने भी कदम उठे हैं, उनमें राजनीतिक दलों की बजाय सर्वोच्च न्यायालय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका रही है या फिर चुनाव आयोग की। लोकप्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत चुनाव आयोग भारत में चुनाव कराता है। साल 1990 में जब टीएन शेषन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए तो उन्होंने चुनाव सुधारों की दिशा में वे कदम उठाए जो असंभव समझे जाते थे। शेषन चुनाव-सुधार के प्रेरक बने एवं उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए पहली बार देश को अहसास कराया कि चुनाव आयोग नामक कोई दमदार संस्था भी होती है, जो चाहे तो बंदूकों के दम पर बूथ लूटने वाले आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा सकती है। तभी पता चला कि चुनावी प्रशासन कितना कठोर और अनुशासनबद्ध हो सकता है।

शेषन के बाद चुनाव आयोग सक्रिय हुआ है, लेकिन शेषन जैसे प्रभावी कदम उठाने की कमी अब भी दिखाई दे रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान में अशोक गहलोत सरकारों ने मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की झड़ी लगा रखी है। धनबल एवं बाहुबल के बाद इन वर्षों में सर्वाधिक मुक्त सुविधाएं देने की घोषणाएं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब बन रही है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना जनता की राष्ट्र के प्रति उदासीनता का द्योतक है, जरूरत इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाने की है। यह समस्या या विकृति किसी एक प्रांत की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की लोकतांत्रिक समस्या है।

साल 2015 में चुनाव आयोग ने अपनी चुनावी गाइड लाइन में कहा था कि राजनीतिक दल चुनावी मैदान में उतरते वक्त मतदाताओं से जो वादे करते हैं, उन्हें यह भी बताना होगा कि किस स्रोत से सत्ता में आने के बाद उन्हें पूरा करेंगे। ऐसी गाइन लाइन का पालन कहां होता है? आम चुनाव एवं पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग को चाहिए कि कम से कम इस बार अपने दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू करे। चूंकि राजनीति में सेवा अब ज्यादातर दिखावटी हो गई है, मकसद व्यक्तिगत और दलगत दोनों स्तरों पर सिर्फ सत्ता प्राप्ति ही रह गया है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधाओं की घोषणाएं करने के पीछे भी मकसद यही है। इस पूरी प्रक्रिया में अंततः नुकसान जनता को ही होता है। तरह-तरह के नये टैक्स और महंगाई के बोझ से आखिर जनता ही दबती है। अब जरूरी हो गया है कि साल 2015 के अपने ही दिशा-निर्देश को कड़ाई से लागू करने की दिशा में चुनाव आयोग आगे बढ़े। राजनीतिक दल जनता को बताएं कि जो वादे वे कर रहे हैं उन्हें किस स्रोत से पूरा करेंगे। तब मतदाता भी फायदा या नुकसान समझ पाएगा। तब शायद वोट देते वक्त वह अपने विवेक पर भरोसा करने की दिशा में भी आगे बढ़ना शुरू कर सकेगा।

चुनावों में धनबल का बढ़ता प्रयोग एवं मुफ्त रेवड़ियां बांटने का दूषित एवं पूर्वाग्रहपूर्ण प्रचलन चिन्ता का सबब होना चाहिए। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, चौपट काम-धंधे एवं जीवन संकट के समाधान में क्या पांच राज्यों के विधानसभा एवं अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव कोई आदर्श प्रस्तुत कर पायेंगे? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, आम जनता पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही हैं, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती हैं, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान की भारतीय राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है।

यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, आतंकवाद, बेरोजगारी, महंगाई की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती हैं। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती हैं। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए हैं, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है, बात चाहें विधानसभा चुनावों की हो या लोकसभा चुनाव की।

लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। आगामी चुनावों की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति भी जो सामने आने वाली है वह यह है कि चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होंगे। क्योंकि ये चुनाव अब तक के सर्वाधिक खर्चीले होने जा रहे हैं, इन चुनावों से पहले जिस तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं या देने की घोषणाएं की जा रही हैं, वे नयी बनने वाली सरकारों के लिये बड़ी चुनौती होगी। संभव है ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं मुफ्त रेवड़ियां बांटने वाले दलों की सरकारें बन भी जाये।

चुनाव सुधार की दिशा में सार्थक कदम इन चुनावों में भी उठते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिताऊ उम्मीदवार अब भी राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया पर हावी है, धनबल एवं बाहुबल का ही वर्चस्व एक बार फिर देखने को मिले, तो कोई आश्चर्य नहीं है। योग्यता और उपलब्धियां एक बार फिर हवा होगी। प्रश्न है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया कब मजबूती से आगे बढ़ेगी, चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है।

पहाड़ों की स्थिरता को विकास की चुनौती

'स्थावराणां हिमालयः', इस प्रसंग का उल्लेख श्रीमद्भागवदगीता के दशवें अध्याय के 25वें श्लोक में हुआ है। इसमें 'श्रीकृष्ण' ने कहा है कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। सुखमय जीवन के लिए वेदों में हिमालय की आराधना का उल्लेख भी हुआ है। महाकवि कालीदास ने अपने महाकाव्य 'कुमारसंभव' में हिमालय को 'धरती का मानदंड' तथा 'दुनिया की छत व आश्रय' बताया था। अनादिकाल से पहाड़ आध्यात्मिक चेतना की पुण्यभूमि रहे हैं। प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केन्द्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं। सैकड़ों धार्मिक स्थलों के अलावा कई वैदिक ऋषियों के सदियों पुराने आश्रम आज भी देवभूमि हिमाचल के पहाड़ों पर मौजूद हैं। पौराणिक ग्रंथों में 'मरूतगणों' को पहाड़ों का देवता कहा गया है। इसीलिए सनातन संस्कृति में पहाड़ों को आस्था की दृष्टि से देखा जाता है। जन्नत का एहसास कराने वाले पहाड़ों पर प्राकृतिक संसाधनों के अथाह भंडार मौजूद हैं। भागदौड़ भरी जीवनशैली में सुकून के लम्हें बिताने के लिए पर्यटकों का आकर्षण पहाड़ ही बनते हैं। अपनी सैकड़ों पारंपरिक संस्कृतियों को समेटे पहाड़ आध्यात्मिक मूल्यों, शांतिपूर्ण माहौल, स्वच्छ वातावरण तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए भी विख्यात हैं। कई प्रजातियों के वन्यजीवों व जंगली जानवरों का कुदरती आशियाना भी पहाड़ हैं। अपनी मजबूती व बुलंदी के लिए विख्यात पहाड़ों का सामरिक महत्त्व बेहद अहम है। देश रक्षा के मद्देनजर पहाड़ सरहदों के पास्बां बनकर एक मजबूत सेना व मुस्तैद सैनिक का किरदार भी अदा करते हैं। सन् 1962 की भारत-चीन जंग में हिमाचल के पहाड़ चीन की पेशकदमी के आगे अभेद्य रक्षा कवच बन गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई राष्ट्रीय राजमार्ग पर्वतीय क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं, लेकिन मौजूदा दौर में हिमालय की आगोश में बसे हिमाचल के पहाड़ों पर रंजो-गम की स्याही सूखने का नाम नहीं ले रही है। बीते कुछ वर्षों से भौतिकतावादी प्रवृत्ति तथा विकास का नकाब ओढ़ चुकी व्यवस्था की पहाड़ों के साथ एक जद्दोजहद चल रही है। आधुनिक मशीनीकरण के प्रहारों से पर्यावरण के दोहन के साथ प्राकृतिक संसाधनों का वजूद मिटाकर तथा बारूदी धमाकों से पहाड़ों को गिराकर निर्माण कार्यों में मशगूल व्यवस्था जब कुछ हद तक कामयाबी हासिल कर लेती है तो प्रकृति विनाश के उस खेल को चहुंमुखी विकास की संज्ञा दी जाती है। परन्तु प्रकृति जब विकराल रूप धारण करके पलटवार करती है तो व्यवस्थाओं की नाकामी तथा इनसानी गुस्ताखियों को छुपाने के लिए कुदरत के आक्रोश भरे परिणाम को प्राकृतिक आपदा कहा जाता है। पहाड़ों की खूबसूरती को इस आधुनिक विकास की नजर लग चुकी है। मशीनीकरण का यही आत्मघाती विकास पर्वतों के दरकने का नुक्ता-ए-आगाज साबित हो रहा है। हर दरकते पहाड़ की तहरीर एक अफसोसजनक अफसाना लिख रही है। पहाड़ हादसों की वजह बन रहे हैं। निर्माण कार्यों में बरती जा रही लापरवाही से उपजी दुर्घटनाओं का खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। भौतिक विकास के खुमार में प्रकृति के सिद्धांतों को नजरअंदाज करना आपदाओं को दावत साबित हो रहा है। लाखों आबादी की प्यास बुझाने वाली कई मुकद्दस नदियों का उद्गम स्थल भी हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में मौजूद है। कई पड़ोसी राज्यों को रौशन करने वाली पनबिजली परियोजनाएं हिमाचल के पहाड़ों पर चल रही हैं। सैकड़ों लोगों की आजीविका बन चुके पर्यटन उद्योग के अलावा पैराग्लाइडिंग, एडवेंचर व ट्रैकिंग जैसी गतिविधियों का संचालन भी पहाड़ों पर होता है। देश के कुछ पर्यावरणविदों की कोशिशों से उत्तराखंड राज्य में नौ सितंबर 2010 को 'हिमालय दिवस' मनाने की शुरुआत हुई थी ताकि पहाड़ों के संरक्षण की जागरूकता के लिए लोगों का ध्यान आकर्षित किया जा सके। पहाड़ों की अहमियत को समझते हुए 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' ने ग्यारह दिसंबर का दिन 'अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस' के रूप में मुकर्रर किया है। पेड़-पौधे जंगल व बर्फ से ढकी हसीन वादियों, पहाड़ों का श्रृंगार होते हैं। मगर बेतरतीब तरीके से बढ़ रहा शहरीकरण, धुआं उगलते उद्योग तथा गगनचुंबी मीनारों का अंधाधुंध निर्माण विकास कार्यों का पैमाना बनकर पहाड़ों की जीनत बन रहे हैं। पहाड़ों पर पर्यटकों की भारी भीड़ के साथ बढ़ती आबादी का बोझ, भूस्खलन, सैलाब जैसी चुनौतियों के साथ इनसानी दखलअंदाजी से प्रकृति के हो रहे खिलवाड़ तथा अनियोजित विकास के कहर से पहाड़ बिखर रहे हैं। हाल ही में जोशीमठ के दरकते पहाड़ों की आपदा ने जो पैगाम दिया था, उसे भी गंभीरता से नहीं लिया गया। अतः पहाड़ों का दिलशाद चेहरा बिगाडने वाले अंधाधुंध विकास कार्यों पर पर्यावरणविदों की हिदायतों को अमल में लाना होगा। पहाड़ों पर निर्माण कार्यों की संगे बुनियाद से पूर्व भू-वैज्ञानिकों से गहन मशविरा होना चाहिए। पहाड़ों पर निवास करने वाले स्मस्त जीव-जन्तु व मानव सभ्यता की सुरक्षा के लिए आधुनिक विकास से पहले पहाड़ों का सुरक्षित रहना जरूरी है। स्मरण रहे इनसानी ऐब-ओ-हुनर को खामोशी से देखने वाली कुदरत अपने स्वाभिमान का नेतृत्व खुद करती है। प्रकृति अपने साथ हो रहे खिलवाड़ का एहतेजाज लफ्जों से नहीं करती, बल्कि एक निश्चित वक्त पर आईने की तरह चेहरे की कैफियत को पूरी तफसील से ब्यान करती है। विनाश को अंजाम देने वाले निर्माण कार्यों की सख्त मुखालफत होनी चाहिए। अवैध खनन व अतिक्रमण तथा दिशाहीन निर्माण का शिकार हो रहे पहाड़ों पर भूस्खलन स्थलों की बढ़ती तादाद के कारणों पर वैज्ञानिक मंथन की जरूरत है।

प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केन्द्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं। सैकड़ों धार्मिक स्थलों के अलावा कई वैदिक ऋषियों के सदियों पुराने आश्रम आज भी देवभूमि हिमाचल के पहाड़ों पर मौजूद हैं। पौराणिक ग्रंथों में 'मरूतगणों' को पहाड़ों का देवता कहा गया है। इसीलिए सनातन संस्कृति में पहाड़ों को आस्था की दृष्टि से देखा जाता है। जन्नत का एहसास कराने वाले पहाड़ों पर प्राकृतिक संसाधनों के अथाह भंडार मौजूद हैं। भागदौड़ भरी जीवनशैली में सुकून के लम्हें बिताने के लिए पर्यटकों का आकर्षण पहाड़ ही बनते हैं। अपनी सैकड़ों पारंपरिक संस्कृतियों को समेटे पहाड़ आध्यात्मिक मूल्यों, शांतिपूर्ण माहौल, स्वच्छ वातावरण तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए भी विख्यात हैं।

देश दुनीया से

जाति व्यवस्था के अंदर व बाहर का समाज

भारत में वर्ण संकल्पना एवं जाति आधारित समाज व्यवस्था बहुत पुरानी है। वर्ण संकल्पना का उल्लेख तो इतिहास के वैदिक काल से ही मिलना शुरू हो जाता है। उसी को ब्रिटिश शासन काल में जाति कहा जाने लगा। लेकिन क्या यह व्यवस्था पूरे भारतीय या हिन्दू समाज को अपनी लपेट में ले सकी? कोई व्यवस्था किसी प्रकार की भी हो, किसी समाज का ताना बाना कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, लेकिन किसी भी व्यवस्था को पूरे समाज में लागू करना हिन्दुस्तान जैसे विशाल देश में सम्भव नहीं है। दूसरे हिन्दू/भारतीय समाज के सामाजिक विधि विधान, रीति रिवाज, पूजा पद्धति, खानपान सारे देश में एक जैसे नहीं हैं। ऐसा हो भी नहीं सकता। यह हिन्दू/भारतीय समाज की भीतरी शक्ति का प्रतीक है। यही कारण है कि जाति व्यवस्था इतिहास के किसी भी कालखंड में पूरे हिन्दू समाज को आच्छादित नहीं कर सकी। उत्तरी व पूर्वी भारत में ही गुज्जर, गोंड, सन्थाल इत्यादि समुदाय जाति व्यवस्था के बाहर हैं। मणिपुर में कूकी, नागा समुदाय जाति व्यवस्था के घेरे में नहीं आते। मेघालय के गारो, खासी व जयन्तिया समुदाय ने अपनी सामाजिक संरचना जाति के आधार पर नहीं बनाई। अरुणाचल में आदी, मिशमी, शेरदुकपेन इत्यादि अनेक समुदाय जाति व्यवस्था से बाहर हैं। सिक्किम के लेप्चा, भुटिया, त्रिपुरा के जमातिया समुदाय की सामाजिक संरचना जाति आधारित नहीं है। इसलिए यह कहना कि पूरे हिन्दू समाज की सामाजिक संरचना जाति पर आधारित है, ठीक नहीं होगा। लेकिन आज के समाजशास्त्री अपना पहला पाठ ही यहां से शुरू करते हैं कि भारतीय/हिन्दू समाज की सामाजिक व्यवस्था जाति पर आधारित है। डा. भीमराव अंबेडकर भी जब हिन्दुओं की चर्चा करते हैं तो वे हिन्दू समाज के उसी हिस्से की चर्चा करते हैं जिसकी सामाजिक संरचना जाति व्यवस्था पर आधारित है। उस सामाजिक जाति व्यवस्था में वे अस्पृश्य समाज के साथ किए जा रहे दुव्र्यवहार पर चिन्ता प्रकट करते हैं। वे जानते हैं कि भारतीय/हिन्दू समाज का बहुत बड़ा भाग इस जाति व्यवस्था को ही स्वीकार नहीं करता। हिन्दू समाज की सामाजिक संरचना जाति व्यवस्था पर आधारित नहीं है, बल्कि हिन्दू समाज के एक हिस्से की सामाजिक संरचना जाति व्यवस्था पर आधारित है। यह प्रश्न समाज शास्त्र के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन में भारतीय और हिन्दू शब्द को समानार्थक माना गया है। इसलिए जरूरी है कि सबसे पहले हिन्दू शब्द की अवधारणा को स्पष्ट कर लिया जाए। जब हिन्दू शब्द का प्रयोग किया जाता है तो उससे क्या अभिप्राय है? क्या यह मजहब सूचक है, राज्य सूचक है या राष्ट्रीयता सूचक है? वर्तमान में हिन्दू को इस्लाम मजहब और ईसाई मजहब के समकक्ष माना जाता है। यानी जिस प्रकार इस्लाम और ईसाई मजहब हैं, उसी प्रकार एक मजहब हिन्दू है। अंग्रेजी भाषा का प्रयोग करने वाले मजहब का अनुवाद रिलीजन करते हैं। लेकिन क्या सचमुच हिन्दू भी एक मजहब है? इसके लिए सबसे पहले मजहब को समझ लिया जाए। मजहब में तीन तत्व ऐसे हैं, जिनके बिना किसी भी मजहब की कल्पना नहीं की जा सकती। पहली शर्त है उसका कोई संस्थापक हो। इस्लाम पंथ के संस्थापक हजरत मोहम्मद थे। इसी प्रकार ईसाई पंथ के संस्थापक ईसा थे। यदि मजहबों की इस सूची में यहूदी पंथ को भी शामिल कर लिया जाए तो इन सभी पंथों के पितामह अब्राहम थे। यही कारण है कि इन तीनों को संयुक्त रूप से अब्राहम रिलीजन भी कहा जाता है। मजहब या रिलीजन की दूसरी शर्त है कि उसकी कोई पवित्र किताब हो जिस पर सभी आस्था रखते हों और उसे अंतिम ग्रन्थ मानते हों, यानी इस ग्रन्थ में जो लिखा गया है वही अंतिम सत्य है, यह अटल है। यहूदी मजहब के उपासकों की पवित्र किताब ओल्ड टैस्टामैंट है, ईसाई मत के उपासकों की पवित्र किताब बाईबल या न्यू टैस्टामैंट है। वैसे वे ओल्ड टैस्टामैंट को भी मान्यता देते हैं।

मणिपुर में कूकी, नागा समुदाय जाति व्यवस्था के घेरे में नहीं आते। मेघालय के गारो, खासी व जयन्तिया समुदाय ने अपनी सामाजिक संरचना जाति के आधार पर नहीं बनाई। अरुणाचल में आदी, मिशमी, शेरदुकपेन इत्यादि अनेक समुदाय जाति व्यवस्था से बाहर हैं। सिक्किम के लेप्चा, भुटिया, त्रिपुरा के जमातिया समुदाय की सामाजिक संरचना जाति आधारित नहीं है। इसलिए यह कहना कि पूरे हिन्दू समाज की सामाजिक संरचना जाति पर आधारित है, ठीक नहीं होगा। लेकिन आज के समाजशास्त्री अपना पहला पाठ ही यहां से शुरू करते हैं कि भारतीय/हिन्दू समाज की सामाजिक व्यवस्था जाति पर आधारित है।

दृष्टिकोण

सच का सामना करें

यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जाएगी कि देश में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (EGI) के अध्यक्ष और उसकी फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों को गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़े। हालांकि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देकर इन सबके सिर पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार फिलहाल हटा दी है, जो निश्चित रूप से राहत की बात है, लेकिन यह मुद्दा अभी बना हुआ है। ध्यान रहे, मणिपुर अगर मई महीने से ही हिंसा की लपटों से घिरा दिख रहा है और तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक ये लपटें पूरी तरह शांत नहीं हो पाई हैं, तो इसके पीछे एक बड़ी भूमिका गलत और झूठी सूचनाओं के निरंतर प्रवाह की भी रही है। स्थानीय समुदायों के बीच दूरी आ गई जिसे फेक न्यूज और दुष्प्रचार अभियान और बढ़ाते रहे। इसी संदर्भ में EGI की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने बताया कि कैसे 'दोनों तरफ से परस्परविरोधी नैरेटिव चलाए जाते रहे।' इस रिपोर्ट पर मणिपुर पुलिस का FIR दर्ज कर लेना जितना बेतुका और आपत्तिजनक है उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है खुद मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का इस मुद्दे पर प्रेस में आकर बयान देना और व्यक्तिगत रूप से EGI रिपोर्ट की निंदा करना। जब मणिपुर सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर अपनी नाकामी के कारण खुद कटघरे में है, वह ऐसा जताने की कोशिश कर रही है कि उसे सवाल किया जाना पसंद नहीं। हालांकि किसी भी संस्था की कोई भी रिपोर्ट आलोचना से ऊपर नहीं होती। उस पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं और उससे असहमति भी दर्ज कराई जा सकती है। लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री कुछ पत्रकारों को देशद्रोही और व्यवस्था विरोधी बताने लग जाए तो उससे बेहतर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने में कोई मदद नहीं मिलती। इस तरह की पुलिस कार्रवाई से मीडिया का स्वतंत्र कामकाज बाधित होता है। गौर करने की बात है कि राज्य के हिंसा पीड़ित लोगों के बीच राहत और पुनर्वास के कार्यों में मदद के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमिटी में किसी मणिपुरी को स्थान नहीं मिला तो इसके पीछे भेदभाव और पक्षपात की आशंकाओं को खत्म करने की ही भावना थी। राज्य सरकार ने अपने अफसरों को सोशल मीडिया ग्रुप्स से हटने को कहा तो उसके पीछे ये खबरें थीं कि नौकरशाही और पुलिस में जातीय आधार पर विभाजन दिख रहा है। ऐसे माहौल में विश्वास बहाल करना आसान नहीं होता। इसके लिए कड़वे सच को न सिर्फ सुनना होगा बल्कि उसे स्वीकार करना और उससे निपटना भी होगा। संवाद और सूचनाओं के प्रवाह पर लगी रोक हटाते हुए राज्य से बाहर के मीडिया को भी पूरी पहुंच देनी होगी। एन बिरेन सिंह सरकार EGI सदस्यों के खिलाफ दायर FIR को वापस लेने की प्रक्रिया के साथ इस दिशा में सही शुरुआत कर सकती है।

विधायक ने महुआडांड़, सड़क निर्माण समेत अन्य निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : मनिका विधायक रामचंद्र सिंह दिन शनिवार को महुआडांड़ पहुंचे। जहां उन्होंने सड़क निर्माण समेत अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत चैनपुर पंचायत के बोहटा ग्राम पहुंचकर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम बोहटा खपूरतल्ला के रास्ते बरदौनी तक 5.5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा विधिवत नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया। इसके बाद महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम हामी पहुंचकर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। अपनी इस दौर में उन्होंने प्रखंड के ग्राम सुग्गी व चटकपुर में आखरा के पास चबूतरा निर्माण का भी शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मोहम्मद इफ्तेखार अहमद, उप प्रमुख सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज, मुखिया उषा खलखो, राजेश कुजूर, मोहम्मद रानू खान, रामनरेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखंड युवा अध्यक्ष आमिर सोहेल, किशोर तिर्की, बशारत अली, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार चलाया जा रहा है औचक छापेमारी अभियान।जिला खनन पदाधिकारी चतरा गोपाल कुमार दास ने बताया कि खान निरीक्षक राजेश हंसदा के द्वारा पुलिस केंद्र के पुलिस बल के साथ निलंजन नदी के सिंधवारिया घाट सदर थाना एवं अन्य जगहों में हो रहे बालू के अवैध खनन की जांच की गई। जांच के क्रम में एक ट्रैक्टर अवैध बालू लदा हुआ पकड़ा गया। जिसे सदर थाना प्रभारी को विधिवत जप्त करते हुए सुपुर्द कर दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु एमएमडीआर एक्ट 1957 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। अवैध खनन करता जांच दल को देखकर वाहन छोड़कर भाग गए। आगे खनन पदाधिकारी ने बताया कि औचक जांच अभियान जिले में जारी रहेगी। अनुमंडल स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा भी अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वालों के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान जारी है। अवैध खनन में संलिप्त लोगों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक सह मंत्री यमुना सिंह

बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता): शनिवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह की बारहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। जहाँ कार्यक्रम में उनकी पुत्री मंजू सिंह और सुपौत्र शुभम कुमार के साथ जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, प्रिंसिपल अश्वनी मिश्रा, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल प्रखंड महामंत्री प्रदीप सिंह मनोज प्रसाद उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह महामंत्री पारस जायसवाल हेमंत कश्यप, तुसार सिंह, विष्णु राम, नन्देव सिंह, उपेंद्र प्रसाद, अमित मल्होत्रा समेत काफी संख्या में मौजूद लोगों के द्वारा यमुना सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

करंट लगने से वृद्ध की मौत, एक युवक को भेजा गया जेल

बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता): बरवाडीह थाना अंतर्गत पंचायत उक्कामाड टोला थुकदाहा में शुक्रवार वृद्ध व्यक्ति सुखलाल सिंह पिता बितन सिंह की मृत्यु विद्युत प्रवाहित एलटी तार की चपेट में आने से हो गई , जिसकी सूचना पाकर बरवाडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां घटनाक्रम मामले में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि पुलिस के द्वारा सत्यापन के क्रम में पता चला कि गांव के बिनोद सिंह पिता विशुनदेव सिंह के द्वारा अपनी फसल (मक्का) की सुरक्षा के लिए बिजली के नंगे तार में विद्युत प्रवाहित किया है, चूंकि जंगली सुअरों के द्वारा फसल बर्बाद किया जा रहा है।इसी दौरान वृद्ध आदमी की करंट लगने से मौत हो जाती है ।इस दौरान अपराधी के द्वारा साक्ष्य छुपाने की नियत से मृतक के शव को उसी स्थान पर रख दिया जहां वह सोया करता था। इस संदर्भ में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पिता की दौलत के लिए बेटे ने ही कराई थी हत्या, जेल

महुआडाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): (लातेहार) 22 जुलाई 2023 को महुआडाड़ थाना क्षेत्र के सिदरा धवाईटोली में अज्ञात अपराधियों के द्वारा सेवानिवृत शिक्षक कलमेंट लकड़ा की हत्या कर दी गई थी, इस संबंध में महुआडाड़ थाना कांड संख्या 41/2023 दिनांक 23.7.2023 धारा 302 भा0द0वी दर्ज कर छापेमारी दल का गठन कर अनुसंधान शुरू किया गया था। जिस पर डेढ़ महीने के अंदर ही महुआडाड़ पुलिस प्रशासन के द्वारा हत्या के मामले का उद्बेदन कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है।

प्रशासन की सख्ती के बाद भी चोरी छुपे बालू उठाव का अवैध खेल जारी

मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता): राज्य सरकार एनजीटी का हवाला देकर भले ही पूरे राज्य में कानूनी तौर पर बालू उठाव प्रक्रिया पर बेशक रोक लगा रखी हो लेकिन इसका असर बालू माफीयाओं पर सूई के नोंक भर भी नहीं पड़ रहा है और बालू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से बालू का उठाव निरंतर जारी है।बीते दो दिनों से सीओ के दिशा निर्देश पर प्रखंड के मुख्य रूप से बराकर नदी के दो बालू घाट पेटादेरी और सोकी से बालू उठानेवाले माफियाओं पर पुलिस की सख्ती देखने को मिल रही है।पुलिस प्रशासन की इतनी दखलंदाजी के बाद भी बालू माफिया चोरी छिपे बालू का उठाव करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है क्या कोई अपराधी चाहे वह किसी भी प्रवृत्ति का हो या कोई भी कार्य करता हो क्या वह संविधान के नियमों से ऊपर है।आखिरकार प्रशासन ऐसे बालू माफियाओं पर नकेल कसने में क्यों फिसड्डी साबित हो रही है अगर पुलिस प्रशासन बालू उठाव पर रोक नहीं लगा पा रही है तो कुछ तो राज छुपा है जिस पर से पर्दा उठना भी बाकी है।

पत्थलगड़ा में मनरेगा लोकपाल ने किया मनरेगा पार्क का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : मनरेगा लोकपाल ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा कार्यों के सफल संचालन के लिए कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान मनरेगा लोकपाल ने सिंघानी पंचायत सचिवालय के सामने वृक्षारोपण कर बेलहर,नवाडीह में मनरेगा योजना से संचालित मनरेगा पार्क सहित टीसीबी का औचक निरीक्षण श्रीमती संध्या प्रधान ने किया। बैठक के दौरान उन्होंने मनरेगा अधिकारियों को निर्देश दिया। मनरेगा योजना के तहत कार्य कराए जा रहे हैं। सभी कार्य मानक के अनुरूप व पारदर्शिता के साथ होने चाहिए । अन्यथा किसी स्थिति में कमी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। लोकपाल ने बताया कि मनरेगा कार्यों में अनियमितता व धांधली का शिकायत ग्राम सभा की बैठकों व उनके रिकार्ड का रखरखाव, परिवारों का पंजीकरण, जॉब कार्ड पंजीकरण, जॉब कार्डो का रखरखाव, कार्यों की मांग का रजिस्टर, मजदूरी का समय से भुगतान, कार्य की गुणवत्ता, ठेकेदारों व मशीनों द्वारा कार्य कराया जाना, मस्टररोल का सत्यापन, लिंग के आधार पर भेदभाव आदि पर लोकपाल कार्यालय में शिकायत किया जा सकता है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि आप सभी लोग ईमानदारी व मानक के अनुरूप कार्य कराएं। जिससे जन कल्याणकारी योजनाएं भली-भांति संपन्न हो सके। बैठक में पांचों पंचायत के रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जेई, ऑपरेटर, में प्रमोद कुमार, पुंकेस कुमार सिंह,सुरेश साव, दुर्गेश कुमार दांगी,मनोज कुमार समेत मनरेगा के कई अधिकारी उपस्थित थे।

प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन, मिला निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : शनिवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड बीस सुत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष नसीम अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत सदन के पिछले बैठक में सदन के द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर अनुपालन की प्रति की जानकारी ली गई। वहीं बिजली विभाग के द्वारा लापरवाही पर सदन ने पुरजोर तरीके से नाराज़गी जताते जर्जर तार, जर्जर खंभे सेपरेटर वायरगार्ड लगाने व दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। वहीं सौ यूनिट बिजली बिल माफी योजना से लाभान्वित उपभोक्ताओं की जानकारी ली। जहां सदन के द्वारा पुछा गया कि जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं का खाद्यान्न की कटौती क्लोजिंग बैलेंस से किया गया है उसे लेकर डीलरों के द्वारा कार्डधारियों को दिग्भ्रमित करके कम राशन दिए जा रहे हैं, साथ ही लाभुकों को पर्ची निकाल कर थमा दिया जा रहा है।इसपर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण ने कहा कि अगर ऐसी शिकायत कहीं से भी मिलती है तो संबंधित डीलर के विरुद्ध अवश्य कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह,बीस सुत्री उपाध्यक्ष राजू रंजन सदस्य प्रिंस कुमार गुप्ता, महबूब आलम,रानी देवी, मंजीत सिंह, प्रखंड कर्मियों के साथ विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

पत्रकार ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान, दिया इंसानियत का संदेश

रक्त अधिकोष, लातेहार
आप सभी रक्तदाताओं का हार्दिक स्वागत है

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : रक्तदान सबसे बड़ा दान है रक्तदान से नई जिंदगी मिलती है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए लातेहार के पत्रकार राहुल पाण्डेय ने रक्तदान करते हुए एक 12 वर्षीय लड़की की जान बचाने का काम किया है। बता दें कि संतोषी कुमारी उम्र 12 वर्ष को बी पोजेटिव ब्लड की सख्त आवश्यकता है जिसके बाद बिना देरी किए हुए राहुल ने रक्तदान करते हुए समाज को एक संदेश देने का कार्य किया।राहुल का कहना है कि रक्तदान से सबसे पहले तो शरीर स्वस्थ हो जाता है हर किसी को रक्तदान करना चाहिए वही रोगी की भी जिंदगी बच जाती है. कहा कि हर किसी को साल में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए रक्त की कमी की वजह से किसी की जान भी ना जाए और हर व्यक्ति स्वस्थ रहें उन्होंने कहा कि मेरी दिली इच्छा है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रक्तदान कर रोगियों को नई जिंदगी देने का कार्य करे। वही राहुल की इस कार्यशैली को लेकर पत्रकार नीरज सिन्हा, संजय प्रजापति, रामकुमार विश्वकर्मा, बिरेन्द्र प्रसाद, राजेश प्रसाद ने श्री पाण्डेय का उत्साह वर्धन किया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ भाजपा मंडल के द्वारा बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया ग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।जिसके के तहत एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह किया गया।मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता एकता, अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायकों के लिए अमृत महोत्सव के स्मारक का निर्माण होगा। इसके अलावा गांव में मौजूद तालाबों के संरक्षण के लिए उसके किनारे पर देश और कर्तव्य के लिए जान देने वाले शहीदों का स्मारक बनाया जाएगा। इसका समापन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होगा जहां देश भर की पंचायत से लाई गई मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। मौके पर बूथ अध्यक्ष कामेश्वर वर्मा, दिलीप राणा, मोहन महतो,मनमोहित राम सुधीर कुमार, नरेश महतो, बैजनाथ राणा, विष्णु देव महतो, लखन महतो डॉक्टर बंगाली, प्रयाग महतो, सलीम मियां स्माइल मियां समेत कई लोग उपस्थित रहे।

सिमरिया विधायक से मिलने पहुंचे एनटीपीसी के नये मुख्य महाप्रबंधक

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : नार्थ कर्णपुरा ताप विद्युत परियोजना (एनटीपीसी) के टंडवा ईकाई में शुक्रवार को मुख्य महाप्रबंधक स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने योगदान देने के बाद सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विधायक श्री दास को पौधा भेंट की। इसके बाद कई विषयों पर विशेष चर्चा हुई। तत्पश्चात उनके पदभार ग्रहण की बधाई देते हुए विधायक श्री दास ने नवनियुक्त परियोजना महाप्रबंधक श्री पांडा एवं पूर्व मुख्य महाप्रबंधक तजिंदर गुप्ता को अंगवस्त्र व सिनहरी भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ में एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक अनील चावला, धीरज गुप्ता भी उपस्थित रहे।

प्रखण्ड स्तरीय पंचायत समिति संघ की बैठक की गयी

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति संघ का किया गया गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से राजेश चौधरी को संघ का अध्यक्ष, आशा सिन्हा, इना कुमार को उपाध्यक्ष, गीता देवी को सचिव, कुमारी अनुप्रिया को उपसचिव, कोषाध्यक्ष यशोदा देवी, उपकोषाध्यक्ष विमला देवी को बनाया गया। अन्य पंचायत समिति सदस्य संघ के सदस्य बनाया गया है। संघ के अध्यक्ष बनने पर श्री चौधरी ने भ्रष्टाचार और गरीब दुबके लोगों को हक अधिकार दिलाने में संघ करेगी काम। उड़सू व कुमरांग के भूमि पर बाहरियों दबंगों द्वारा फर्जीवाड़ा मामले में कहा टंडवा कोयलांचल के रैयतों के भूमि पर जालसाजी कर दबंगों द्वारा फर्जी पेपर पर नौकरी लेने वालों को बेनकाब किया जाएगा।

कौशल जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन

कौशल जागरूकता
कार्यक्रम
दिनांक:- 09.09.2023
11:30 बजे सुबह
स्थान:- पंचायत सचिवालय जालिम खुर्द, लातेहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : श्रम नियोजन , प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा शनिवार को कौशल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन पंचायत सचिवालय जालिम खुर्द के प्रांगण में किया गया। कार्यशाला का उद्घघाटन मुख्य अतिथि विनोद उरांव ज़िला परिषद् सदस्य, लातेहार सुनीता देवी मुखिया,जालिम खुर्द, सरिता देवी,पंचायत समिति सदस्य, जालिम खुर्द के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर जिला परिषद् सदस्य ने कहा कि युवा लोग इस कौशल प्रशिक्षण का लाभ ले क्योंकि जब आप कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर लीजिएगा तो आपको रोजगार मिलने में कभी भी कठिनाई नही होगी। सुनीता देवी, मुखिया ने कहा कि जिनकी आर्थिक स्थिति या कोई अन्य कारण से अपना पढ़ाई पूरा नहीं कर पाए उनके लिए यह सुनहरा अवसर है प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने हुनर को आगे बढ़ाएं तथा रोजगार प्राप्त करें। कार्यक्रम के दौरान दक्ष अकैडमी के 05 प्रशिक्षणार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के रंजीत कुमार, योजनाओं के विस्तृत जानकारी अभिषेक कश्यप एवं धन्यवाद ज्ञापन एमजीएनएफ लातेहार मृदुला कुमारी ने किया। मौके पर विजय सिंह, शिव कुमार रवि, पवन कुमार राम श्रमिक मित्र, ब्रजेश कुमार रवि एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

जेजेए चतरा इकाई की बैठक हुई संपन्न, संस्थापक सहित प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

आंचलिक पत्रकारों के लिए कार्यशाला का आयोजन करेगी जेजेए : अमरकांत

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएसन चतरा जिला इकाई की बैठक शनिवार को टंडवा रुक्मिणी होटल में आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मामून रशिद व संचालन जिला महासचिव विनय सिन्हा ने किया।बैठक में जेजेए संस्थापक सह राष्ट्रीय महासाचिव शहनवाज हसन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत समेत प्रदेश के पदाधिकारी व चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आंचलिक पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।वहीं कार्यक्रम के आयोजक जेजेए टंडवा प्रखंड इकाई द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।बैठक में प्रदेश महासचिव सीयाराम शरण ने आज के दौर में पत्रकारिता के चुनौतियों पर प्रकाश डाला।कहा कि आज पत्रकारिता करना आसान नहीं है कहने को तो हमे भारत का चौथा स्तंभ कहा जाता है। पर सच्चाई है कि आज हम कलमकारों तीनों स्तंभो न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका से भी संघर्ष करना पड रहा है।इस परिस्थिति में हम पत्रकारों को संरक्षण प्रदान कर रहा वो जेजेए संगठन है।जिसका सच्चा प्रमाण चतरा जिले के पत्थलगडा के दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी के परिजनो को मुआवजा व नौकरी दिलाना है। जेजेए का लक्ष्य हीं है पीडित व परताडित पत्रकारों के साथ खड़ा रहना। प्रदेश पदाधिकारी संजय पाण्डेय ने कहा की जेजेए आंचलिक पत्रकारों के हित में कार्य करने वाली पहली पत्रकार संगठन है, जो पत्रकारों के लिए संघर्ष स्थापना काल से कर रही है। स्थापना काल से अभि तक सैकड़ों पत्रकारों को मदद पहुंचाई है। चाहे वो कोरोना काल हो या झुठे मुकदमे में फसाने की मामला हर मोड पर सारथी बनकर खडा हुआ है।चतरा जिला ईकाई को मजबूत बनाने को लेकर इटखोरी प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर सिंह, मयूरहंड मुन्ना कुमार, गिद्धोर घनश्याम दास, सिमरिया शिव कुमार सिंह, पिपरवार नरेश चौरसिया एवं लावालौंग में मोहम्मद शाजीद को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने टाऊन हॉल में की बैठक

राष्ट्रीय जनता दल

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): टंडवा प्रखंड के नगर भवन में शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने किया। इस बैठक में राष्ट्रीय जनता दल पार्टी को और बेहतर करने को लेकर विचार विमर्श पर जोर दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश आने वाला 2024 का लोकसभा चुनाव के बारे में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा चर्चा किया गया।तथा राष्टीय जनता दल पार्टी को मजबूती करने पर विचार किया।बैठक में निर्णय लिया गया की सभी पंचायत में जा कर बैठक कर कमिटी विस्तार करने एवं अगला बैठक 20 सितंबर को रखा गया है। इस बैठक के मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश सचिव सह टंडवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव उपस्थित थे। इसके अलावा प्रखंड बीस सूत्री सदस्य जियाउल हक अंसारी, मिडिया प्रभारी मोइन अंसारी, मोहन राणा, रामजतन, राजेंद्र यादव, मोबिन, सोनू कुमार, विक्की कुमार, बिनोद कुमार, सुरेश, मनोज, पार्टी प्रवक्ता निर्मल यादव, यमुना प्रसाद यादव, मोहन, अनिल कुमार एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

मंजूर अंसारी का बरही में कांग्रेसियों ने गर्मजोशी से किया स्वागत

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के बरही आगमन पर कांग्रेसियों ने बरही चौक पर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। साथ ही डुमरी उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन के जीत पर पटाखे फोड़कर खुशी मनाया। इस अवसर पर मंजूर अंसारी ने कहा डुमरी अभी झांकी है 2024 बाकी है। हम पूरी तरह से इंडिया गठबंधन तैयार हैं। मौके पर मुमताज खान,मुख्तार खान, जावेद रज़ा,रुस्तम अली,प्रदेश सचिव , अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इक़बाल रज़ा,तोखन रविदास, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहु मो गुलजार अंसारी, गौतम मेहता,मो नईम जावेद,तौकीर रजा,रिजवान अली,मनोज रविदास,मो वारिस,मो असलम,मो तैयब अंसारी,अशोक सिंह,विकाश यादव,मो इजहार,मो हासिम,मो परवेज,अंसारी गुलाम, सरवर मो निजामुद्दीन,मो कमाल,मो आसिम,मो मजहर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

विष्णुगढ़ में पेयजल आपूर्ति के सफल संचालन को लेकर बैठक

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विष्णुगढ़ चेडरा पंचायत भवन में विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना की बैठक हजारीबाग सहायक अभियंता चंद्रिका राम की उपस्थिति में स्वक्छ पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता हेतु बैठक की गई।जिसमे बेड़ाहरियारा मुखिया रामचन्द्र यादव,विष्णुगढ़ मुखिया पति विनय कुमार दास की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता चेडरा मुखिया निर्मल कुमार ने किया । बैठक में तीनो पंचायत प्रतिनिधि एवं जलसहिया की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पड़वापोखर स्थित पेयजल आपूर्ति प्लांट की त्रुटियों को तत्काल दुरुस्त किया जाय,और 11 सितंबर 2023 तक टंकी से पानी छोड़ कर वितरण लाइन में आई लिकेज को 15 सितम्बर 2023 तक चिन्हित कर लगातार मरम्मति का कार्य दुरुस्त होने तक किया जाना तय किया गया ।विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति के सफल संचालन के लिए आ रही परेशानियों से भी विभाग को अवगत कराया गया । बैठक में मुख्य रूप से पीएचडी कनीय अभियंता दिनेश एक्का,शैलेंद्र यादव,सुलेखा देवी,कुंती देवी,रीना देवी,कंचन देवी,वीना देवी,राम प्रसाद,कृष्णा लाल यादव की मौजूदगी रही।

बरसाती बीमारियों से बचने के लिए कुआं में डालें ब्लीचिंग पॉउडर, पानी उबाल कर सेवन करें : पार्षद

रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत बारलोंग पंचायत के दर्जनों पेयजल कुआं में बिलीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया जिसमें मुख्य रूप से रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो शामिल हुए पंचायत क्षेत्र के कई पेयजल कूपों में ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करते हुए पार्षद ने कहा कि बरसाती बीमारियो से बचने के लिए हर ग्रामीण को अपनी कुआं में ब्लीचिंग का छिड़काव करना जरूरी है तथा पानी उबालकर आवश्यक रूप से पीने का सलाह दिया उन्होंने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के दिशा निर्देश अनुसार विधानसभा के कई ग्रामीण इलाकों में ब्लीचिंग घोल कुआं में दिया जा रहा है, जिससे लोगों को शुद्ध पीने योग्य पानी मिल सके, इस मौके पर बारलोंग पंचायत की रामगढ़ बुद्धिजीवी मंच सचिव चिंतामणि प्रसाद जिला उपाध्यक्ष संतोष महतो मुखिया रेखा देवी, कुंदरु कलां मुखिया किशुन राम मुंडा पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, अजय महतो, ललिता देवी ,सीता देवी, जगदेव महतो दर्जनों गांव के ग्रामीण शामिल थे ।

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ पोषण रंगोली कार्यक्रम का आयोजन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) : केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण रंगोली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं द्वारा ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण में मनाए जाने के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही सभी को अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, शौचालय का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, अंडा सहित अन्य प्रोटीन युक्त सामग्रियां शामिल करने, नवजात बच्चों के पोषण हेतु शुरुआत के हजार दिनों में ध्यान देने योग्य बातों आदि के संबंध में जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की कई दुविधाओं को भी दूर किया गया।

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में प्राथमिक चिकित्सा दिवस का आयोजन

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 एवं 2 के छोटे बच्चों ने भाग लिया। प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।? बच्चों ने प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स के बारे में आवश्यक जानकारी फैलाने के लिए नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों को बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा कौशल और आपात स्थिति के दौरान उनकी भूमिका से अवगत कराया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों को घर पर प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह सभी कार्यस्थलों पर उपलब्ध होना चाहिए और यहां तक ??कि यात्रा में भी इसे ले जाना चाहिए। अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोरा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्चिन्दर सिंह छाबड़ा, सरदारकुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी मौजूद रहे।

डॉक्टरों, कर्मियों, नर्सो, सफाईकर्मियों, सहिया दीदियों को धनंजय कुमार पुटूस ने किया सम्मानित

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : शनिवार को रामगढ़ ब्लॉक के निकट स्थित पुराना सदर अस्पताल में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने अस्पताल खुलने के सात वर्ष पूरे होने की खुशी में पुराने सदर अस्पताल में सेवा दे रहे डॉक्टरों, कर्मियों, नर्सो,सफाईकर्मियों, सहिया दीदियों को फूल देकर एवं मिठाई खिला कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में धनंजय कुमार पुटूस के समर्थक व रामगढ़ के विभिन्न प्रखंडों से आए आम लोग शामिल हुए।ज्ञात हो कि छत्तरमाण्डू में सदर अस्पताल शुरू होने के बाद रामगढ़ ब्लाक के निकट स्थित पुराने सदर अस्पताल को बंद कर दिया गया था, जिससे रामगढ़ शहर व आस पास के लगभग एक लाख लोगो को काफी दिक्कत हो रही थी। पुराने सदर अस्पताल में फिर से चिकित्सा व्यवस्था शुरू कराने के लिए ÷अस्पताल दो या मौत दो÷ के नारे के साथ धनंजय कुमार पुटूस ने आमरण अनशन किया था। काफी संघर्ष के बाद मांग को सही मानते हुए जिला प्रशासन द्वारा लिखित आदेश दिया गया था और 9 सितंबर 2016 को तत्कालीन एसडीओ किरण कुमारी पासी ने जूस पिला कर धनंजय कुमार पुटूस का अनशन तुड़वाया था। उसके बाद से ही पुराने सदर अस्पताल में मेडिकल सुविधा चालू है।

अरगड्डा सड़कों की जर्जरता बढ़ी, वाहन व लोगों को हो रही असुविधा, दुर्घटना की आशंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कोयलांचल अरगड्डा-सिरका मुख्य सड़क की दुर्दशा लगातार बढ़ती जा रही हैं। यहां की जर्जर सड़कों के कारण वाहनों, यात्रियों एंव लोगों को मार्ग पर चलने में भी असुविधा हो रही हैं। आए दिन दो पहिया वाहन चालक फिसलते गिरते रहते हैं। वाहन चालक वाहनों को गढ्ढो से बचाने के लिए आड़े तिरछे गाड़ी चलाने को मजबूर हैं। बीते समय में गढ्ढो से निजात पाने के लिए छाई मिट्टी भरवाई गई थी। लेकिन वर्षा होने के कारण फिर से सड़क पर गड्ढे उभर आए हैं।

साथ ही सड़क पूरी तरह फिसलन वाली कीचड़ जैसी बन गई हैं। यदि सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटना और असुविधाओं का तांता लगने से रोक नहीं जा सकता हैं। लोगों ने सीसीएल प्रबंधन और प्रशासन से अरगड्डा मुख्य सड़क मरम्मत करने की अपील किया हैं।

रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग पर चितरपुर में ट्रक और हाईवा की जोरदार टक्कर, ड्राइवर घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग स्थित चितरपुर एसबीआई बैंक के समीप ट्रक और हाइवा की सीधी टक्कर हो गई। बोकारो से रामगढ़ की ओर से गाड़ी संख्या और विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी संख्या की जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर से दोनो वहां के चालक गाड़ी के अंदर ही फैंस रहे। घटना लगभग 4 बजे रात की बताई जा रही है। इधर, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। जिसके बाद पुलिस और ग्रामीणों की मदद से चालकों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। वही, इस घटना से दोनो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। इधर घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

वेंडर मार्केट निर्माण के पहले टीवीसी मेंबर की होनी चाहिए बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : वेंडर मार्केट बनाने से पहले टीवीसी की बैठक अनिवार्य है, क्योंकि यह कानून केंद्र के द्वारा लाया गया है।उक्त बातें गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ अध्यक्ष सह टीवीसी मेंबर राजेश कुमार गुप्ता ने देते हुए बताया कि यह कानून इसलिए बनाया गया है कि हमेशा फुटपाथ दुकानदारों के नाम पर मार्केट बनाया जाता है।उसके बाद इन दुकानों को बड़े-बड़े पूंजीपतियों को दे दिया जाता है। इसलिए यह कानून बनाया गया है कि टीवीसी की बैठक के बिना आप वेंडर मार्केट का काम शुरू नहीं कर सकते हैं। बिना टीवीसी के बैठक के यदि काम शुरू किया गया तो यह कानून की अवहेलना होगी।

ढाई महीने से जलजमाव, गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने की आशंका से भयभीत ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के बेड़ाहरियारा पंचायत के ग्राम रमुआ में अरुण कुमार सिन्हा के घर से मांडू के सांसद प्रतिनिधि विपिन सिन्हा के घर होते हुए विधायक प्रतिनिधि डोमन गुप्ता घर के आगे से बौलियागंज जाने वाले मार्ग पर हल्की बारिश में ही सड़क पर भारी जलजमाव हो जाता है, सड़क पर कीचड़युक्त पानी जमा होने के कारण राहगीरों एवं विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं के परेशानी का सबब बन गई है यह सड़क। आये दिन कोई ना कोई जमे पानी मे फिसल कर जरूर गिरता है। प्रतिदिन दर्जनों वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सड़क से पानी निकासी का कोई उपाय नहीं दिख रहा है,जिससे आने वाले दिनों में बड़ी-बड़ी बीमारियां जैसे हैजा, मलेरिया, फलेरिया जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं,इससे गुस्साये ग्रामीणों ने उक्त सड़क की दुर्दशा पर कहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि इस समस्या के समाधान के लिए आगे नही आ रहे। यहाँ तक कि हजारीबाग साँसद जयंत सिन्हा भी अपने माण्डू विधानसभा साँसद प्रतिनिधि के सेहत का हाल-चाल लेने विगत दो-तीन पूर्व आकर सड़क की दुर्दशा से अवगत है,फिर भी आमजनों को कोई राहत भरी खबर इनसे नही मिला। जबकि उक्त सड़क साँसद जयन्त सिन्हा की अनुशंसा पर 12 लाख 42 हजार 200 रुपए की लागत से करीब छह से सात माह पूर्व ही बनाई गई है। इस कार्य मे एनईआरपी कनीय अभियंता ने सड़क बनाने से पूर्व बनाई गई इस्तिमिट में आगे की परिस्थितियों को ध्यान में नहीं रखा जिसकी वजह से वहाँ रह रहे एवं उस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले ग्रामीण और राहगीरो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजैया व डपोक पंचायत में पीएचईडी विभाग से बन रहे जल मीनारों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बिजैया और डपोक पंचायत में पीएचईडी विभाग से बन रहे जल मीनारों को निरीक्षण करने बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार स्थल पर पहुंची और निर्माण कार्य की स्थिति से अवगत हुई। निरीक्षण के दौरान बिजैया और डापोक पंचायत में जलमीनार का स्ट्रक्चर बन कर तैयार है, लेकिन पाइप लाइन का कार्य अधूरा दिखा। वहीं माधव जरहिया पंचायत साइड का भी भीजिट की।वहीं कई स्थानों पर बोरिंग का कार्य अधूरा पाई। इस संदर्भ में जय विमल कुमार ने बताया कि बिजैया और डपोक पंचायत में करीब 7 करोड़ की राशि से करीब 100 जलमिनर तैयार करना है। जिसमें जल मीनार का 20 स्ट्रक्चर तैयार है। जल मीनार निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई जगह बोरिंग सफल नहीं हो पाया है, जिसके वजह से दूसरे जगह वाटर लेबर चेक कर बोरिंग किया जाएगा। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुमार, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अस्सिटेंट इंजीनियर, जेई विमल कुमार, जेई मो अशिफ अकरम, जेई बीरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

बरही विधायक ने शिवपुर में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत के शिवपुर गांव में बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधिवत किया। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। उदघाटन कार्यक्रम मेंकरियातपुर मुखिया मनोज कुमार,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, वीरेंद्र यादव, राजू राणा , मो.वारिस, उमेश प्रताप, पूरन राम, मोहन प्रजापति, राजीव रंजन, अर्जुन महतो, अजय प्रजापति, प्रसादी महतो, विजय प्रजापति, राम जी साव, भोला दास, सुनील प्रजापति, ललन राणा, अनुज साव, डोमन राम, तुलसी राम, चितो प्रजापति, मनोज कुमार, कैलाश राम, छोटन दास, पवन कुमार, गायत्री देवी, बसंती देवी, पार्वती देवी, मंजू देवी, लीलावती देवी, कंचन देवी, मोहनी देवी,सारो देवी व अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया।

संकल्प यात्रा पहुंची हजारीबाग, गरजे बाबूलाल कहा.. चुनाव में खिलेगा कमल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : भाजपा का संकल्प यात्रा शनिवार को हजारीबाग विधानसभा पहुंचा। संकल्प यात्रा के चौथे चरण की शुरुआत हजारीबाग विधानसभा से करते हुए उन्होंने शनिवार को हजारीबाग के जिला स्कूल मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने अध्यक्षीय व स्वागत भाषण देते हुए हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संकल्प यात्रा में पहुंचे बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनता का स्वागत किया साथ ही कहा की झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन की लहर संकल्प यात्रा में बखूबी दिख रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा की झारखंड में लुटेरे दलालों और बिचौलियों की सरकार चल रही है और झारखंड को इनसे बचने के लिए हम संकल्प यात्रा के माध्यम से आपसे यह अपील करने आएं हैं की आने वाले 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार के बने हुए 4 साल होने वाले हैं इन्होंने चुनावी घोषणा पत्र और चुनावी मंच से जो घोषणाएं की थी उसे पर अमल नहीं किया। सरकार बनने के बाद तो इन्होंने विधानसभा के पटल से सरकार के माध्यम से यह घोषणा किया था कि राज्य के बेरोजगार नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन यह भी जुमला ही साबित हुआ। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार से जनता की पहला उम्मीद रहती है कि कानून व्यवस्था ठीक रहे और लोग भय मुक्त होकर अमन चैन से जी सके और शासन से भ्रष्टाचार मुक्त हो। लेकिन वर्तमान हेमंत सरकार में चोरी, डकैती, हत्या यहां तक कि बहु बेटियां भी सुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं। बहु - बेटियों को कहीं पेट्रोल छिड़क कर जला दिया जा रहा है, कहीं दुष्कर्म के बाद हत्या कर टांग दिया जा रहा है तो कहीं 50 टुकड़ों में काटकर हत्या कर दी जा रही है, हजारीबाग जिले में भी लगातर चोरी,डकैती और हत्याएं हो रही है ।

बड़कागांव में परिवार छोड़कर बाहर से कम करने आने वाले कंपनी के लोगों की हत्या हो रही है। चोरी, डकैती और अपराधियों पर नकेल कसने वाली पुलिस को रिश्वत वसूली में लगा दिया गया है। झारखंड में चारों ओर भ्रष्टाचार का आलम व्याप्त है। थाना- ब्लॉक के

शिकागो स्मृति दिवस पर सांसद सांस्कृतिक महोत्सव आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन रविवार को स्थानीय नगर भवन में होगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल सांस्कृतिक मंच के मुख्य संरक्षक सांसद जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल होंगे।उद्घाटन जयंत सिन्हा के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान तीन विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है । जिसमे 10 सितंबर को दो वर्गों में दो प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिसमे पुर्वाह्आन 11बजे से स्थानीय प्रधान कैफेटेरिया, बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता होगी जिसमे उच्च विद्यालय के विद्यार्थी जूनियर वर्ग एवं इन्टरमीडिएट स्तर के विद्यार्थी सीनियर वर्ग में भाग ले सकते है। इसके साथ ही 11 सितंबर को नगर भवन हजारीबाग में संध्या 4 बजे से स्वामी विवेकानंद जी पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 10 वर्ष तक के बच्चे जूनियर वर्ग एवं 10 वर्ष से ऊपर के बच्चे सीनियर वर्ग में भाग ले सकते है। नगर भवन में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित शिक्षाप्रद, आकर्षक कार्यक्रमो में गीत, संगीत, नृत्य एवं लघु नाटिका हजारीबाग के विभिन्न कलादलों के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आज की प्रेस वार्ता में अटल सांस्कृतिक मंच महासचिव जीतेन्द्र सिन्हा,सचिव प्रभात प्रधान, अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय के साथ अटल सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आकाश सुबोध कुमार, उपाध्यक्ष दीपक घोष,सचिव चुन्नू ,प्रवीण जायसवाल,संयुक्त सचिव अमित कुमार गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक गजानन पाठक ,ज्ञानसागर,पप्पू माथुर एवं दीपक झा, उपस्थित थे।

व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : व्यवहार न्यायालय रामगढ में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीके गौतम की देख-रेख में इस राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकार्ड 2279 सुलहनिय मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें सर्वाधिक 3 करोड़, 47 लाख, 1 हजार, 628 रुपए प्राप्त हुए।सबसे ज्यादा राजस्व बैंक संबंधित 192 मामलों के निष्पादन से कुल 1 करोड़, 87 लाख, 71 हजार 765 रुपए प्राप्त हुए।

--इन मामलों के निष्पादन से प्राप्त हुए राजस्व

शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2279 मामलों का निष्पादन किया गया।

--बिजली संबंधित 2 मामलों में कुल राशि 16 हजार प्राप्त हुए।

एमएसीटी के 4 मामलों में कुल 39.25 लाख रुपए प्राप्त हुए।

-- वैवाहिक संबंधित 58 मामलों के निष्पादन में कुल 71.22 लाख रुपए प्राप्त हुए।

--एनआई एक्ट के 1 मामलों के निष्पादन में कुल 2.35 लाख रुपए प्राप्त हुए।

-- ट्रैफिक चालान और बीएसएनएल से संबंधित 1302 मामलों के निष्पादन में कुल 16.29 लाख रुपए प्राप्त हुए।

-- सर्विस मैटर से संबंधित 5 मामलों के निष्पादन में कुल 24.33 लाख रुपए प्राप्त हुए।

-- पानी बिल से संबंधित 110 मामलों के निष्पादन में कल 3.26 लाख रुपए प्राप्त हुए।

झामुमो की जिला इकाई डुमरी जीत पर गदगद, मिठाइयां बांट कर मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला इकाई में हर्ष का माहौल है।इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का जोश और उमंग साफ-साफ तौर पर झलक रहा है पूरे झारखंड में जीत का जश्न उत्साह के साथ मनाया जा रहा है सभी नेता व कार्यकर्ता एक दूसरे को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं। जीत की खुशी को साझा करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन के द्वारा मिठाईयां बांटने एवं आतिशबाजियों का दौर लगातार जारी है। इस जीत की खुशी में संजीव बेदिया के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन द्वारा विशाल विजय जुलूस निकाला गया और जीत का जश्न मनाया गया।

केंद्रीय सचिव झामुमो सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य सह हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने सभी जिला संयोजक मंडली सदस्यों, प्रखंड संयोजक मंडली सदस्यों, नगर संयोजक मंडली सदस्यों और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सम्मानित नेताओं और कार्यकर्ताओं को बेबी देवी की जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत डुमरी की जनता की ओर से स्वर्गीय जगन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि है।

बेबी देवी की जीत डुमरी की जनता की जीत है। डुमरी उपचुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन दलों का आभार जताते हुए कहा कि सभी दलों ने मिलकर पूरी एकजुटता का परिचय देते हुए सेक्युलर ताकतों को मजबूत करने का काम किया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

करकट्टा भूमिगत खदान में लगी आग को लेकर सांसद और सीएमडी से हुई बात, मिला आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : राज्यसभा सांसद सह भारत सरकार कोल, स्टील माइंस एंड खान की पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य महुआ माजी और सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी से कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई. यह मुलाकात बीते शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित एक कार्यक्रम के दौरान हुई. उक्त संबंध की जानकारी झामुमों नेता नंदकिशोर सिंह चंदेल ने दी. उन्होंने बताया कि सांसद महुआ माजी ने खलारी-कोयलांचल के एनके एरिया अंतर्गत बंद पड़े करकट्टा भूमिगत खदान में लगी आग से आए दिन भू-धसान, रिहासी इलाके में आग, धुआं निकलना एवं निरंतर निकल रहे जहरीले गैस जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर विशेष बातचीत हुई. बातचीत के दौरान सांसद महुआ माजी ने सीएमडी रेड्डी को अति संवेदनशील मामले को स्वयं प्रमुखता देकर मामले का भौतिक सर्वेक्षण करने, जल्द से जल्द इन सभी मामलों को निष्पादित करने एवं करकट्टा भूमिगत खदान में लगे आग से जो भी लोग प्रभावित हैं उन्हें सरकारी एवं औद्योगिक नीति के तहत लाभ देते हुए तत्काल विस्थापित करने को कहा.इस पर सीसीएल के सीएमडी ने राज्यसभा सांसद को आश्वास्त करते कहा कि इस पूरे मामले की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से लिया जाएगा. साथ ही जल्द से जल्द निष्पादित करने का प्रयास किया जाएगा.

समाजसेवी को प्रशिक्षु आईपीएस ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी, कांटा टोली निवासी समाजसेवी सह आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद सजाद को रित्विक श्रीवास्तव प्रशिक्षु आईपीएस नामकुम थाना ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मोहम्मद सजाद नामकुम थाना क्षेत्र में रहते हैं वह एक सक्रिय और कुशल समाज सेवी हैं .ऋतिक श्रीवास्तव ने अपने 3 माह के कार्यकाल में पाया कि सामाजिक कार्यो में मोहम्मद सजाद काफी सक्रिय रहते हैं, उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा की समाज के लिए किया गया उनका कार्य अति महत्वपूर्ण और सराहनीय है.

वन विभाग ने 8 अवैध कोयला खदान को डोजरिंग कर किया बंद

Latitude: 23°46'24"
Longitude: 85°18'9"
Elevation: 548.52±9 m
Accuracy: 5.2 m
Time: 08-09-2023 13:36
Note: barwaniya PF 4
Powered by NoteCam

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत इंदिरा बरवनिया जंगल में अवैध कोयला खद्दान के विरुद्ध हजारीबाग सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार व बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व तथा बड़कागांव पुलिस के द्वारा संयुक्त करवाई किया गया, जिसमें 8 अवैध कोयला खद्दान को डोजरिंग करके भरा गया तथा दो ट्रैक्टर (6 टन) अवैध कोयला जब्त करके बड़कागांव वन कार्यालय लाया गया। खबर लिखे जाने तक अवैध कोयला खद्दान माफियाओं के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज करने कि प्रक्रिया जारी था। बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह ने कहा कि अवैध कोयला खदान संचालित करने वाले माफियाओं के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा निरंतर करवाई किया जा रहा है और आगे भी करवाई किया जाएगा। श्री सिंह ने आगे कहा कि जंगल को नुक्सान तथा अवैध कोयला खद्दान माफियाओं के विरुद्ध चिन्हित करके कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। करवाई में मुख्य रूप से बड़कागांव वनपाल संतु कुमार, वनरक्षी केशव महतो,अजय कुमार यादव, नजीर हुसैन, संजय कुमार यादव,मृणाल भास्कर, अमर कुमार साहू, तथा हजारीबाग सदर वनपाल व वनरक्षी इत्यादि लोग शामिल थे ।

संकल्प रैली में बड़कागांव व केरेडारी प्रखंड से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): बड़कागांव व केरेडारी प्रखंड से सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता भुरकुंडा स्थित रिभर साइड मैदान में आयोजित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी झंडा व टोपी पहन रखा था। नरेंद मोदी जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिन्दाबाद के नारों से गुंजायमान हो रहा था। इस मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि बड़कागाँव तथा केरेडारी प्रखंड से सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं की फ़ौज बाबूलाल मरांडी के भाषण को सुनने जा रहा है। बाबूलाल मरांडी के संकल्प रैली की तैयारी में दिन रात कार्यकर्ताओं ने परिश्रम किया है यही वजह है कि इस रैली में भारी संख्या में कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं। दोनों नेताओ ने कहा कि अब हेमन्त सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। आने वाला समय निसन्देह भाजपा का होगा जिसका नेतृत्व बाबूलाल मरांडी करेंगे। नेताद्वय ने यह भी कहा कि खनिज, बालूलूट, जमीन लूट तथा लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार में आकण्ड डूबी हेमन्त सरकार से जबतक निजात नही मिलेगी तबतक झारखंड की स्मिता नही बचनेवाली है। भाजपा ने बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बिगुल फूक दिया है।

तमाड़ में भाजपा ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

तमाड़ : रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के अं खखसीडीह बुथ न. 211 में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के निमित्त ÷ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । जानकारी हो कि पुरे भारत वर्ष में हर घर पवित्र स्थल से एवं धार्मिक स्थलों से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिट्टी संग्रहण किया जाना है जो दिल्ली कर्तव्य पथ भेजा जाएगा। पूरे देश के इस पवित्र मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण होगा। ÷चन्दन है इस देश की माटी तपोभूमि हर ग्राम है÷ की उक्ति को सार्थक किया जाएगा ?। हर घर मिट्टी संग्रहण के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता की जय, नरेन्द्र मोदी ज़िंदाबाद का नारा लगाया गया। मेरी माटी मेरा देश के हर घर मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला प्रभारी विनोद सिंह, रांची जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा सहित महावीर सोनी, विवेक कुमार गुप्ता, संजय दास, अमरजीत गोंझु, शिवनाथ गोंझु, गोविंद सिंह मुंडा, उदय महतो, बैजनाथ गोंझु, योगेन्द्र अहीर, सुधिर अहिर,सरस्वती देवी,सरला देवी रीता देवी, हरेकृष्ण अहीर,लखन अहिर, सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

झामुमो व कंग्रेस महागठबंधन प्रत्याशी की जीत का जश्न मनाया गया

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): डुमरी उपचुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत को लेकर झामुमो एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा रामानंद बेदिया के नेतृत्व में सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से जीत के जश्न को लेकर स्टेशन रोड छोटा मुरी तक बाइक रैली निकाली गई। जुलूस में बम पटाखे फोड़े गए तथा हेमंत सोरेन जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे जोर-जोर से लगाए गए। हर चौक चौराहे पर लोगों को मिठाइयां भी खिलाई गई। वही जुलूस के नेतृत्व कर रहे रामानंद बेदिया में बताया कि यह जीत झारखंड की राजनीति को लेकर दिशा तय करेगी। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, अमित महतो, फलाहारी महतो, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, कांग्रेस के जिला सचिव नागेंद्र नाथ गोस्वामी, मणिराम दास, बलराम महतो, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पतराहातू के सचिन ने जीता गोल्ड व सिल्वर मेडल

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा आयोजित 2 सितंबर से 4 सितंबर तक झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स रांची खेलगांव में आयोजित 14 वीं राष्ट्रीय ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता सह द्वितीय भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी में पतराहातू (सिल्ली) के निवासी कृष्ण प्रमाणिक के सुपुत्र सचिन कुमार प्रमाणिक ने सीनियर वर्ग में क्यूरोगि में सिल्वर और फेशर्स में गोल्ड मेडल जीतकर सिल्ली क्षेत्र का नाम को रोशन किया है। सचिन ने बताया कि वह जमशेदपुर के एग्रीको क्लब से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस जीत के लिए सचिन के अभिभावकों ने कोच सुभाष प्रसाद को धन्यवाद दिया है।

मुखिया प्रतिनिधि ने किया नये ट्रांसफार्मर का उदघाट्न

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता): बेड़ो प्रखंड के कराँजी जराटोली गांव में शनिवार को मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान ने 100 केबी ट्रांर्स्फामर का फिता काटकार व स्वीच ऑन कर उदघाट्न किया। गांव के क्रिश्चयन कब्रिस्तान के समीप लम्बे समय से ट्रांर्स्फामर के जला हुआ था। जिसे समाजसेवी रूसतम अंसारी के खबर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के ने नये ट्रांर्स्फामर उपलब्ध कराया। ट्रांर्स्फामर के लगने और बिजली के आने से मुहल्ले के ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किये। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमीन अंसारी, इदरीस अंसारी, नाजीर अंसारी, समरूल अंसारी, सरफराज अंसारी, जाहिद अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।
(जिला निर्वाचन शाखा)

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आगामी लोकसभा/विधानसभा निर्वाचन – 2024 के निमित राँची जिलान्तर्गत पड़नेवाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 58–तमाड़ (अ॰ज॰जा॰), 61–सिल्ली एवं 64–हटिया के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के द्वारा वैसे मतदान केन्द्रों के नाम में परिवर्तन का प्रस्ताव राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर स्वीकृति के उपरान्त प्रेषित किया गया है, जो मतदान केन्द्र विद्यालयों में अवस्थित है एवं विद्यालय का नाम में परिवर्तन हो गया है। Manual Of Polling Station Edition 2020 के अध्याय–4 के कंडिका 4.5 के आलोक में निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के नामों में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

क्र॰	विधानसभा का नाम	मतदान केन्द्र संख्या	भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में अधिसूचित मतदान केन्द्र का नाम	नाम परिवर्तन हेतु प्रस्तावित मतदान केन्द्र का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	58 – तमाड़	91	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बारीगाडा	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बारीगड़ा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
2	58 – तमाड़	92	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मैपा	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मैपा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
3	58 – तमाड़	94	राजकीय मध्य विद्यालय, सरगेया (पूर्वी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सारगेया (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
4	58 – तमाड़	95	राजकीय मध्य विद्यालय, सरगेया (पंश्चिमी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सारगेया (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
5	58 – तमाड़	97	प्राथमिक विद्यालय, सिगीद	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिगिद	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
6	58 – तमाड़	98	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चैनपुर	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चैनपुर	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
7	58 – तमाड़	99	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हेठबालालौंग (उत्तरी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हेठबालालौंग, (उतरी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
8	58 – तमाड़	100	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हेठबालालौंग (दक्षिणी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हेठबालालौंग, (दक्षिणी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
9	58 – तमाड़	102	आंगनबाडी केन्द्र, बान्दू	आंगनबाड़ी केन्द्र, बान्दु	नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
10	58 – तमाड़	104	मध्य विद्यालय, सिन्दरी (भाग–1)	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिंदरी (भाग–1)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
11	58 – तमाड़	105	मध्य विद्यालय, सिन्दरी (भाग–2)	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिंदरी (भाग–2)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
12	58 – तमाड़	106	मध्य विद्यालय, सिन्दरी (भाग–3)	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिंदरी (भाग–3)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
13	58 – तमाड़	107	प्राथमिक विद्यालय, पिस्काहातु	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पिस्काहातु	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
14	58 – तमाड़	108	राजकीय मध्य विद्यालय, नौढी (पूर्वी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, नौढ़ी (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
15	58 – तमाड़	109	राजकीय मध्य विद्यालय, नौढी (पश्चिमी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, नौढ़ी (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
16	58 – तमाड़	110	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जबलाभुसुडीह	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जोबलाभुसुडीह	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
17	58 – तमाड़	111	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुजियाम्बा	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुजियाम्बा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
18	58 – तमाड़	112	मध्य विद्यालय, पुरनानगर (पूर्वी भाग)	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पुरनानगर (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
19	58 – तमाड़	113	मध्य विद्यालय, पुरनानगर (पश्चिमी भाग)	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पुरनानगर (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
20	58 – तमाड़	114	प्राथमिक विद्यालय, मोसंगा	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोसंगा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
21	58 – तमाड़	115	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोसोकुटी	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोसोकुटी	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
22	58 – तमाड़	116	मध्य विद्यालय, गितिलबेड़ा –1	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गितिलबेड़ा 1	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
23	58 – तमाड़	117	मध्य विद्यालय, जारंगा (पूर्वी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, जारंगा (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
24	58 – तमाड़	118	मध्य विद्यालय, जारंगा (पश्चिमी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, जारंगा (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
25	58 – तमाड़	119	मध्य विद्यालय, गम्हरिया (पूर्वी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, गम्हारिया (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
26	58 – तमाड़	120	मध्य विद्यालय, गम्हरिया (पश्चिमी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, गम्हारिया (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
27	58 – तमाड़	121	मध्य विद्यालय, अड़की (पूर्वी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, अड़की (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
28	58 – तमाड़	122	मध्य विद्यालय, अड़की (पश्चिमी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, अड़की (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
29	58 – तमाड़	123	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रूमचू (पूर्वी भाग)	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रूमचु (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
30	58 – तमाड़	124	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रूमचू (पश्चिमी भाग)	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रूमचु (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
31	58 – तमाड़	125	मध्य विद्यालय, हूँठ (पूर्वी भाग)	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हुँठ (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
32	58 – तमाड़	126	मध्य विद्यालय, हूँठ (पश्चिमी भाग)	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हुँठ (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
33	58 – तमाड़	128	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बान्दुगाडा	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बान्दुगड़ा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
34	58 – तमाड़	130	राजकीय मध्य विद्यालय, बाडीनिजकेल (उत्तरी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, बाड़ीनिजकेल (उतरी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
35	58 – तमाड़	131	राजकीय मध्य विद्यालय, बाडीनिजकेल(दक्षिणी भाग)	राजकीय मध्य विद्यालय, बाड़ीनिजकेल (दक्षिणी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
36	58 – तमाड़	132	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मरांगबुरू	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मारांगबुरू	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
37	58 – तमाड़	133	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गितिलबेड़ा प	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गितिलबेड़ा 2	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
38	58 – तमाड़	134	प्राथमिक विद्यालय, बगड़ी	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बगड़ी	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
39	58 – तमाड़	135	प्राथमिक विद्यालय, डोलडा	आर० सी० प्राथमिक विद्यालय, डोल्डा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
40	58 – तमाड़	136	प्राथमिक विद्यालय, तिनतिला	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तिनतिला	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
41	58 – तमाड़	137	मध्य विद्यालय, भुरसुडीह	राजकीय मध्य विद्यालय, भुसुडीह	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
42	58 – तमाड़	138	प्राथमिक विद्यालय, घाघरा	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घाघरा (कन्या)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
43	58 – तमाड़	139	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरूँगा	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरूगा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
44	58 – तमाड़	140	बालक मध्य विद्यालय, बीरबांकी (पूर्वी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिरबांकी (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
45	58 – तमाड़	141	बालक मध्य विद्यालय, बीरबांकी (पश्चिमी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिरबांकी (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
46	58 – तमाड़	142	मध्य विद्यालय, बड़ानी	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बाडानी	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
47	58 – तमाड़	143	प्राथमिक विद्यालय, सिंजानी	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिंजानी	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
48	58 – तमाड़	144	प्राथमिक विद्यालय, कोचांग	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोचांग	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
49	58 – तमाड़	145	राजकीय मध्य विद्यालय, आडाहातु	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अड़ाहातु	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
50	58 – तमाड़	146	राजकीय मध्य विद्यालय, इचाहातु	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ईचाहातु	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
51	58 – तमाड़	147	नव प्राथमिक विद्यालय, बोहण्डा	उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बोहण्डा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
52	58 – तमाड़	148	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, साके	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, साके	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
53	58 – तमाड़	149	मध्य विद्यालय, सिंजुडी	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सिंजुड़ी	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
54	58 – तमाड़	150	मध्य विद्यालय, तुबिल	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तुबिल	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
55	58 – तमाड़	151	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चलकद	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चलकद	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
56	58 – तमाड़	152	प्राथमिक विद्यालय, कटुई	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कटुई	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
57	58 – तमाड़	153	प्राथमिक विद्यालय, सारम्बदा (उत्तरी भाग)	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सारूअम्दा (उतरी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
58	58 – तमाड़	154	प्राथमिक विद्यालय, सारम्बदा (दक्षिणी भाग)	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सारूअम्दा (दक्षिणी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
59	58 – तमाड़	155	प्राथमिक विद्यालय, तोडांग	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, तोड़ांग	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
60	58 – तमाड़	156	प्राथमिक विद्यालय, लेबेद	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लेबेद	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
61	58 – तमाड़	157	प्राथमिक विद्यालय, सोनपुर	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोनपुर	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
62	58 – तमाड़	158	मध्य विद्यालय, डोरेया	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डोरेया	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
63	58 – तमाड़	159	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हुडवा	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हुडुवा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
64	58 – तमाड़	160	मध्य विद्यालय, कपरिया	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कपरिया	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
65	58 – तमाड़	163	प्राथमिक विद्यालय, चैपी (उत्तरी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चैपी (उतरी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
66	58 – तमाड़	164	प्राथमिक विद्यालय, चैपी (दक्षिणी भाग)	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चैपी (दक्षिणी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
67	58 – तमाड़	165	प्राथमिक विद्यालय, तोबगा	आर० सी० प्राथमिक विद्यालय, तोबगा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
68	58 – तमाड़	166	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरिया	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरिया	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
69	58 – तमाड़	93	राजकीय मध्य विद्यालय, कोटा	राजकीय मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कोटा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
70	58 – तमाड़	96	राजकीय मध्य विद्यालय, जोजोहातु	राजकीय मध्य विद्यालय, जोजोहातु	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
71	58 – तमाड़	101	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिरकाडीह	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिरकाडीह	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
72	58 – तमाड़	103	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टेटेबान्दू	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टेटेबान्दु	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
73	58 – तमाड़	127	पंचायत भवन ,उलीहातु	पंचायत भवन, उलिहातु	नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
74	58 – तमाड़	129	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सेल्द	राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सेल्दा	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
75	58 – तमाड़	161	एस0पी0जी0 मिशन प्राथमिक विद्यालय, कण्डेर (पूर्वी भाग)	एस० पी० जी० मिशन प्राथमिक विद्यालय, कण्डेर (पूर्वी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
76	58 – तमाड़	162	एस0पी0जी0 मिशन प्राथमिक विद्यालय, कण्डेर (पश्चिमी भाग)	एस० पी० जी० मिशन प्राथमिक विद्यालय, कण्डेर (पश्चिमी भाग)	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
77	61 – सिल्ली	32	राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय हलमाद (उत्तरी भाग)	रा0 उ0+2 उच्च विद्यालय हलमाद (उत्तरी भाग)	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (इस विद्यालय को उत्क्रमित कर +2 किया गया)
78	61 – सिल्ली	33	राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय हलमाद (उत्तरी भाग)	रा0 उ0+2 उच्च विद्यालय हलमाद (दक्षिणी भाग)	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (इस विद्यालय को उत्क्रमित कर +2 किया गया)
79	61 – सिल्ली	59	राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय किता	राज्यकीयकृत प्राथमिक विद्यालय किता	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (छात्र की सं0 नहीं होने के कारण क्महतंकम किया गया)
80	61 – सिल्ली	76	राज्यकीयकृत प्राथमिक विद्यालय चातमबाड़ी	राज्यकीयकृत उत्क0 मध्य विद्यालय चातमबाड़ी	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (प्राथमिक विद्यालय से मध्य विद्यालय में उत्क्रमित किया गया)
81	61 – सिल्ली	100	राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय बड़कीटांड़	राज्यकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बड़कीटांड़	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (छात्र की सं0 नहीं होने के कारण क्महतंकम किया गया)
82	61 – सिल्ली	102	राज्यकीयकृत उत्कमित मध्य विद्यालय बिसरिया (पूर्वी भाग)	राज्यकीयकृत उत्कमित प्राथमिक विद्यालय बिसरिया (पूर्वी भाग)	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (छात्र की सं0 नहीं होने के कारण क्महतंकम किया गया)
83	61 – सिल्ली	103	राज्यकीयकृत उत्कमित मध्य विद्यालय बिसरिया (पूर्वी भाग)	राज्यकीयकृत उत्कमित प्राथमिक विद्यालय बिसरिया (पश्चिमी भाग)	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (छात्र की सं0 नहीं होने के कारण क्महतंकम किया गया)
84	61 – सिल्ली	104	राज्यकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुटाम (उत्तरी भाग)	राज्यकीयकृत उत्कमित मध्य विद्यालय कुटाम (उत्तरी भाग)	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (प्राथमिक विद्यालय से मध्य विद्यालय में उत्क्रमित किया गया)
85	61 – सिल्ली	116	राज्यकीयकृत प्राथमिक विद्यालय जामरीटांड़	नव प्राथमिक विद्यालय जामरीटांड़	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (विद्यालय का नाम सुधार किया गया)
86	61 – सिल्ली	120	आर्दश राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय मुरी (दाया भाग)	राज्यकीयकृत प्राथमिक विद्यालय आर्दश मुरी (दाया भाग)	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (छात्र की सं0 नहीं होने के कारण क्महतंकम किया गया)
87	61 – सिल्ली	121	आर्दश राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय मुरी (बाया भाग)	राज्यकीयकृत प्राथमिक विद्यालय आर्दश मुरी (बाया भाग)	मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन किया गया स्थल नहीं (छात्र की सं0 नहीं होने के कारण क्महतंकम किया गया)
88	64 – हटिया	187	सरदार पटेल महिला महाविद्यालय सेक्टर –1 (कमरा नं० – 1)	Y.B.N. पब्लिक स्कूल कमरा नं० – 1	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
89	64 – हटिया	188	सरदार पटेल महिला महाविद्यालय सेक्टर –1 (कमरा नं० – 2)	Y.B.N. पब्लिक स्कूल कमरा नं० – 2	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
90	64 – हटिया	189	सरदार पटेल महिला महाविद्यालय सेक्टर –1 (कमरा नं० – 3)	Y.B.N. पब्लिक स्कूल कमरा नं० –3	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
91	64 – हटिया	190	सरदार पटेल महिला महाविद्यालय सेक्टर –1 (कमरा नं० –4)	Y.B.N. पब्लिक स्कूल कमरा नं० – 4	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।
92	64 – हटिया	191	सरदार पटेल महिला महाविद्यालय सेक्टर –1 (कमरा नं० –5)	Y.B.N. पब्लिक स्कूल कमरा नं० – 5	स्कूल का नाम परिवर्त्तन हो जाने के कारण।

PR (306537) 23-24 (D)

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, राँची।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

कतरासगढ में पांच ट्रेनो का ठहराव, रेल आंदोलनकारियों ने स्टेशन पहुंचकर खुशी जाहिर किया

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : चंद्रपुरा रेल लाईन के कतरासगढ स्टेशन पर पांच ट्रेनो का पुनः ठहराव शुरू हो गया है। जिससे कतरास कोयलांचलवासियों में खुशी का माहौल है। रेलवे ने रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस, हटिया पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, रांची गोड्डा एक्सप्रेस, कोलकाता अहमदाबाद एक्सप्रेस, कोलकाता मदार एक्सप्रेस का ठहराव दिया है. जिसको लेकर कतरासवासियों व रेल आंदोलनकारियों में खुशी का माहौल है। रेल आंदोलनकारियो ने शनिवार को कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचकर खुशी जाहिर किया। राजेंद्र प्रसाद राजा ने कहा कि कतरास की जनता रेल के लिए राजनीतिक झंडा को छोड़ तिरंगा के बैनर तले आंदोलन किया गया और सरकार ने बंद डीसी लाईन को चालू कर दिया। उन्होंने रेल प्रबंधन से बंद अन्य ट्रेनों को पुनः चालू करे। अशोक लाल ने कहा कि हर हाल में डीसी ट्रेन चालू किया जाये।

बालिका उच्च विद्यालय कतरास बाजार में बाल संरक्षण, बाल विवाह, पर कार्यक्रम

सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE
निवेदक - झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट,
सहयोग - कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लायंस क्लब ऑफ कतरास और झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास बाजार में बाल संरक्षण, बाल विवाह, चाइल्ड ट्रैफिकिंग इत्यादि के बारे में एक कार्यक्रम आयोजित करके सभी बच्चों को बल अधिनियम के बारे में बताया गया। लायंस क्लब ऑफ कतरास की कोषाध्यक्ष डॉ मधुमाला और झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के शंकर रवानी जी ने बच्चों को बहुत ही महत्वपूर्ण बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह का रोकथाम इत्यादि के बारे में बच्चों को समझाया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के सुरेंद्र प्रसाद, युगल खंडेलवाल और बाल संरक्षण के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन मिश्रा उनका बहुत बड़ा सहयोग इस कार्यक्रम को करने में मिला। लायंस क्लब कतरास की प्रथम महिला श्रीमती सरिता सिंह ने सभी बच्चों को बाल विवाह रोकने हेतु शपथ ग्रहण करवाया। जिसमें लायंस क्लब ऑफ कतरास के अंजनी देवी विष्णु चौरसिया रितेश दुबे प्रतीक मिश्रा कृष्ण कन्हैया राय संजय अग्रवाल डॉक्टर स्वतंत्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्कूल की सभी शिक्षिकाओं ने एवं शिक्षकों ने और वहां के समस्त कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम के आयोजन में एक सफल भूमिका निभाई।

नरेंद्र नाथ चौबे को ब्राह्मण समाज ने दी श्रद्धांजलि

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शनिवार को तोपचांची प्रखंड चौबेडीह ग्राम निवासी वरिष्ठ समाजसेवी स्व. नागेंद्र नाथ चौबे के एकादशा श्राद्धकर्म में ब्राह्मण समाज के सभी गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किये। मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चन्द्र तिवारी, आर्ष परिषद कतरास ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण चन्द्र तिवारी, सम्पूर्ण विप्र समाज के संगठन महासचिव मृणाल चौबे, जिला प्रभारी धुर्येटि प्रसाद दूबे, विमल कुमार चौबे, मीडिया प्रभारी बलराम उपाध्याय, हरेन्द्र नाथ तिवारी, सुशील कुमार तिवारी, राकेश आदि मौजूद हुए।

सीबीएसई द्वारा निर्धारित दो दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम संपन्न

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन सीबीएसई के तत्वाधान में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न भागों के विद्यालयों से 61 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया। इस भव्य कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह, प्रशिक्षक रिसोर्स पर्सन प्राचार्या मधु मिश्रा, ब्लू बेल्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, जमशेदपुर तथा वरिष्ठ शिक्षिका इंदु प्रसाद, डीएवी पब्लिक स्कूल, पुनदाग ने दीप प्रज्वलित कर, स्वागत गीत के साथ किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के विषय एवं कार्य क्षमता को सुदृढ़ तथा उत्कृष्ट बनाना है। साथ ही साथ बच्चों में कक्षा प्रबंधन से संबंधित विषयों में पारंगत बनाना है ताकि शिक्षण प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके।

डीलर द्वारा राशन वितरण में की जारी घोर अनियमिता

प्रति यूनिट 2 किलो की हो रही कटौती

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद/गिरिडीह : प्रखंड अंतर्गत लगभग सभी पंचायत में डीलर के द्वारा अनाज वितरण में घोर अनियमिता बरती जा रही है। डीलर द्वारा वितरण किए जा रहे राशन में प्रति यूनिट तीन किलो राशन दिया जा रहा है वही लाभुकों को प्रति यूनिट दो किलो राशन का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जब इस मामले में कुछ डीलर से बात करने पर डीलर ने कहा कि हम लोग को अनाज कम मिला है जिस कारण हम लोग पूरा नहीं दे पा रहे है। वही प्रखंड मुख्यालय आपूर्ति विभाग से संपर्क करने पर कहा की अनाज में कटौती किया गया है लेकिन कटौती का कारन यह है की सरकार के आदेशानुसार जिन डीलर के पास पुराना राशन जमा है उस हिसाब से कटौती की जा रही है। मान लीजिये की एक डीलर के पास 100 कार्ड धारी है लेकिन किसी कारन से 10 कार्डधारी को राशन नहीं उठा पाए तो उस 10 कार्डधारी का राशन डीलर के पास ही जमा रह जाता है ऐसे में उस राशन की कटौती करके डीलर को राशन दिया जा रहा है। विभाग के अनुसार साफ है की डीलर को पूरा राशन दिया गया है ऐसे में लाभुकों को पूरा राशन नहीं मिल पाना दुर्भाग्य की बात है डीलर अपना तर्क दे रहा है और विभाग अपना लेकिन नुकसान तो आम जनता को उठाना पड़ रहा है। राशन वितरण में अनियमिता का यह कोई पहली घटना नहीं है सालो से राशन घोटाले के मामले चलते आ रहे है लेकिन आज तक विभाग द्वारा ऐसा कोई करवाई नहीं हुवा जिससे राशन घोटाला को रोका जा सके। पिछले साल सितम्बर महीने के राशन में कटौती हुवा था जिसका वितरण आज तक नहीं हो पाया है समय के साथ लोगो के दिमाग से निकल गया और हजारो टन राशन कालाबाजारी का भेट चढ़ गया। अंदाजा लगाया जा सकता है प्रति वर्ष प्रति प्रखंड कितना रूपये का राशन का बंदरबांट हो रहा है और कौन इसे हजम कर रहा है इस पर सरकार और सबंधित विभाग खामोश क्यों है। इस पुरे मामले को लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग जिला पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

नशीली दवाइयों को बेचने के आरोप में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह ज़िले में कमलजोर में नशीले दवा के स्टॉक के साथ ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ कर गिरिडीह मुफ्फसिल थाना पुलिस को सौंप दिया. ग्रामीणों ने जिस युवक को सौंपा है वो शहर के चंदौरी रोड का शिवचरण बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार शिवचरण पूर्व कंप्यूटर के उपकरण बेचने का धंधा भी किया करता था. पुलिस भी पूछताछ में जुटी हुई है । पुलिस के अनुसार जब्त दवा प्लस 10 है और नशे के लिए युवक इसका सेवन करते है. हालांकि मामले को लेकर मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान की माने तो जब्त दवा की जांच के लिए गिरिडीह के औषधि निरीक्षक को बुलाया गया है. जांच के बाद स्पष्ट होगा की जब्त दवा किस चीज का है और इसका सेवन किसके लिए किया जाता है। बता दे शहरी क्षेत्र में लगातार नशीली दवा का सेवन कर युवक अपने आप को हानि पहुचा रहे है। वही यंहा तक कि दवा का सेवन कर लड़ई झगड़ा भी लगातार शहरी क्षेत्र ने किया जा रहा है।

जनता दल यू का एक दिवसीय बैठक संपन्न

धनबाद जिला जनता दल (यू) के जिला पदाधिकारी/प्रखण्ड अध्यक्ष
एक दिवसीय बैठक

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शनिवार को धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला, प्रखण्ड, नगर कार्यसमिति के पदाधिकारी सहित सभी प्रमुख नेताओं की बैठक गांधी सेवा सदन, धनबाद में की गई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने कहा कि आज सभी जिला पदाधिकारी एवं प्रखण्ड संगठन प्रभारी का घोषणा की गई है। सभी प्रखण्ड से लेकर वार्ड तक अक्टूबर, 2023 तक सभी कार्यसमिति गठन करने का आदेश दिया गया है। आगामी नवम्बर, 2023 में धनबाद में प्रमण्डलीय सम्मेलन करने का सामुहिक निर्णय लिया गया।

मंडल कारा में आने वाले हर सामान की होगी स्कैनर से जांच

हर महीने वृहद पैमाने पर चलाया जाएगा औचक छापामारी अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने धनबाद मंडल कारा की सुरक्षा को लेकर आज वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 अमर कुमार पांडेय, जेल सुपरीटेंडेंट सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि धनबाद मंडल कारा में आने वाले हर सामान की जेल अधीक्षक के नेतृत्व में स्कैनर से जांच होगी। साथ ही हर महीने मंडल कारा में वृहद पैमाने पर छापामारी अभियान चलाया जाएगा।

उपायुक्त में जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे की समीक्षा करते हुए उसे हमेशा चालू रखने तथा जहां ब्लाइंड स्पॉट है, उसको चिन्हित कर, उसे सीसीटीवी कैमरे की जद में रखने एवं चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरा को चालू रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल परिसर के सभी वार्ड एवं सेल पर विशेष निगरानी रखने तथा मंडल कारा परिसर में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। मंडल कारा में बंदियों द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग की शिकायत पर उन्होंने बंदी तक मोबाइल फोन पहुंचाने वाले जेल कर्मचारी को चिन्हित कर उस पर कड़ी कार्रवाई करने तथा बंदियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों की विशेष सूची तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त में जेल की विद्युत व्यवस्था, हाई मास्ट लाइट, अलार्म सिस्टम, नियमित रूप से मॉक ड्रिल करने, पानी, बंदियों की पढ़ाई-लिखाई, वैसे बंदी जो प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होना चाहते है इत्यादि की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने होमगार्ड की समीक्षा की। होमगार्ड में भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की लंबित स्क्रूटनी को दस दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया।

गणेश महोत्सव को लेकर केन्द्रीय पूजा समिति ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : विगत 2002 से गणेश महोत्स का आयोजन कर रही श्री श्री गणेश महोत्सव केन्द्रीय पूजा महासमिति की एक बैठक शहर के टावर चौक स्थित शिव महावीर मंदिर के प्रांगण में मुख्य संरक्षण नित्यानंद प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति से जुड़े कई लोग शामिल हुए और इस बार भी आगामी 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के मौके पर भव्य रूप से गणेश महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान समिति का पूर्णगठन करते हुए डॉ तारकनाथ देव को अध्यक्ष, आशुतोष तिवारी व अजीत भदानी को उपाध्यक्ष, ज्योतिष शर्मा को सचिव, टिंकु सिन्हा और शिवपूजन कुमार को सहसचिव, चन्द्रन सिन्हा को कोषाध्यक्ष व रिंकेश कुमार को सहकोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। वहीं समिति के संरक्षक सुबोध प्रकाश, विष्णु सिंह को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी समिति में जयशंकर अग्रवाल, नागेन्द्र चन्द्रवंशी, मनोज कुमार पिन्टू, अनिल चन्द्रवंशी, शक्ति साहा, पवन कंधवे, कुंदन केशरी, करण राज सिंह, करण दयाल को शामिल किया गया।

धूमधाम से गणेश महोत्सव मनाने का लिया गया निर्णय

मजदूरों की लड़ाई ईमानदारी से सिर्फ लाल झंडा ही लड़ सकता है : अरूप

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कि बरारी एवं जियलगोरा शाखा कि शनिवार को जियलगोरा अतिथि गृह में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि निरसा के पूर्व विधायक सह यूनियन के महामंत्री अरूप चटर्जी ने मजदूरों से अपना अस्तित्व बचाने को प्रबंधन के दलाल मजदूर संगठनों और आउटसोर्सिंग परियोजना प्रबंधन के खिलाफ गोलबद्ध होकर आंदोलन करने का आह्वान किया। वरिष्ट यूनियन नेता सबूर गोराई कि अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय सचिव शिव कुमार सिंह के संचालन में हुई सम्मेलन में श्री चटर्जी ने कहा कि एक समय लोदना क्षेत्र में हमारी यूनियन काफी मजबूत थी परआज हालात बदले है। पूर्व विधायक ने कहा की गोलबद्ध होने का समय आ गया है क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत जल्द आउटसोर्सिंग परियोजना शुरू होने वाली है।

धनबाद : गुलाम मुर्तजा आलम का हुआ जोरदार स्वागत अभिनंदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : शमशेर नगर के नागरिक मंच के द्वारा जन अधिकार पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर वासेपुर निवासी गुलाम मुर्तजा आलम का भव्य रूप से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उपस्थित लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माला पहना कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं इस मौके पर गुलाम मुर्तजा आलम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन अधिकार पार्टी के संगठन को घर-घर तक पहुंचाने एवं पार्टी के आशा के अनुरूप कार्य करने का वो निरंतर प्रयास करेंगे। आगे उन्होने कहा की आगामी 2024 के चुनाव में झारखंड के सभी सीटों पर जन अधिकार पार्टी के उम्मीदवार चुनाव लडेंगे तथा जीत हासिल कर पार्टी के राष्टीय सचिव माननीय श्री पप्पू यादव जी के हाँथों को और भी मजबूत करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी पारो खान, नियाजुल आलम, मो खालिद, ग्यास खान, मो शहाबुद्दीन, अंजुम परवेज, मो नौशाद, परवेज अंसारी, जुम्मन अंसारी, शौकत अंसारी एवं काफी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

तृतीय लाइन के कमीशनिंग के मद्देनजर आठ ट्रेनों का परिचालन रद्द, दो ट्रेनों का मार्ग

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट-बल्हारशाह रेल खंड के माकुड़ी- सिरपुर टाउन-सिरपुर कागजनगर स्टेशनों के मध्य तृतीय लाइन के कमीशनिंग हेतु एनआई कार्य किया जाना है। तीसरी लाइन के निर्माण से लाइन क्षमता में विस्तार होने के फलस्वरूप अधिक गाड़ियों का संचलन होगा तथा गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा ।

इसी क्रम में और 08 ट्रेनों का परिचालन रद्द एवं 02 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

रद्द ट्रेनें -

1.गाड़ी सं. 22352 एसएमभीबी बेंगलूरु-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस - 25 सितम्बर, 2023 को रद्द।

2.गाड़ी सं. 22351 पाटलिपुत्र-एसएमभीबी बेंगलूरु एक्सप्रेस - 22 सितम्बर, 2023 को रद्द।

3.गाड़ी सं. 03245 दानापुर-एसएमभीबी, बेंगलूरु स्पेशल - 20 सितम्बर, 2023 को रद्द।

4.गाड़ी सं. 03246 एसएमभीबी, बेंगलूरु-दानापुर स्पेशल - 22 सितम्बर, 2023 को रद्द।

5.गाड़ी सं. 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल - 20 सितम्बर, 2023 को रद्द।

6.गाड़ी सं. 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल - 22 सितम्बर, 2023 को रद्द।

7.गाड़ी सं. 17321 वास्को डी गामा-जसीडीह एक्सप्रेस - 22 सितम्बर, 2023 को रद्द।

8.गाड़ी सं. 17322 जसीडीह-वास्को डी गामा एक्सप्रेस - 25 सितम्बर, 2023 को रद्द।

परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1.मैसूर से 22 सितम्बर, 2023 को खुलने वाली 12578 मैसूर-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पेद्दपल्ली-मुदखेड जं.-पिंपल खुटी-मांजरी जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

भारतीय वायु सेना के द्वारा मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : भारतीय वायु सेना के द्वारा अहर्ता पूर्ण करने वाले झारखण्ड के उम्मीदवारों के लिए 15 और 18 सितंबर 2023 को पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना के बैरकपुर में स्थित भारतीय वायु सेना स्टेशन में मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए एयरमैन भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना के बैरकपुर में स्थित भारतीय वायु सेना स्टेशन में आयोजित भर्ती रैली में शामिल हो सकते है। 15 सितंबर से शुरू होने वाले पहले चक्र में, 26 दिसंबर 2002 और 26 दिसंबर 2006 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी, जिन्होंने 10+2 की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व अंग्रेजी विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया है, वे शामिल हो सकते हैं। वहीं 18 सितंबर को होने वाले रैली के अंतिम चक्र में 26 दिसंबर 1999 और 26 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी अथवा 26 दिसंबर 1999 से 26 दिसंबर 2002 के बीच जन्मे विवाहित अभ्यर्थी जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फार्मेसी में डिप्लोमा या डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया है वे शामिल हो सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए 12 सितंबर, 15 सितंबर व 18 सितंबर को रिपोर्टिंग का समय सुबह के 6:00 से सुबह के 10:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार www.airmenselection.cdac.in पर जाकर जानकारी हासिल कर सकते है।

धनबाद जिला विद्युत साउंड एंड डीजे डेकोरेटर्स संघ का 13वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : शनिवार को न्यू टाउन हॉल में धनबाद जिला विधुत,साउंड एंड डी.जे. डेकोरेटर्स संघ का 13 वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस 13 वां वार्षिक अधिवेशन के उपलक्ष्य पर ब्लड डोनेशन का भी कार्यक्रम किया गया जिसमें समाचार लिखे जाने तक 78 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस अधिवेशन के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न जिले से विधुत, साउंड एंड डीजे के ओनर उपस्थित हुए। साथ ही अधिवेशन में पश्चिम बंगाल के बर्नपुर, आसनसोल, दुर्गापुर, चंदन नगर, बिहार के सासाराम, झारखंड के बगोदर, चास, गिरिडीह, बरही, बगोदर, कोडरमा, बोकारो समेत अन्य जिलों के डेकोरेटर संगठन से जुड़े पदाधिकारी पहुंचे थे। अधिवेशन में करीब 1500 से अधिक लोगों की उपस्थित थी। अधिवेशन स्थल टाउन हॉल में विभिन्न ब्रांडों के जनरेटर, लाइफ इंश्योरेंस, लाइट, साउंड के स्टॉल्स लगाए गए थे। जिसमे साउंड एवं कई मशीन का प्रदर्शन प्रदर्शित किया गया। अधिवेशन में कई मांगो को लेकर लेबर लाइसेंस, ट्रैफिक बाधित तथा कार्यालय सम्बंधित मुद्दा छाया रहा।

धनबाद जिला विद्युत, साउण्ड एण्ड डी०जे० डेकोरेटर्स संघ
13वाँ वार्षिक अधिवेशन 2023
वन्दे भारत मातरम्

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राष्ट्रीय लोक अदालत में 753 वादों का हुआ निष्पादन

1,66,52,091 रुपए राजस्व की हुई प्राप्ति

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा
राष्ट्रीय लोक अदालत
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा
दिनांक – 09/09/2023
AM to 4:30 PM

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं जलसा रांची के निदेशक अनुसार आज वर्ष के तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष-सह- उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, बार के अध्यक्ष श्री प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छ बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या-1 बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में। बेंच संख्या -2 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए श्री अरविंद कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय के नेतृत्व में गठित किया गया। बेंच संख्या -3 मोटर वाहन अधिनियम के केस वाणिज्य कैसे सर्टिफिकेट केस आदि के लिए वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी के नेतृत्व में। बेंच संख्या- 4 सुलहनीय दांडिक वादों के लिए चंदन सीजीएम के नेतृत्व में गठित किया गया। विभिन्न बैंकों के ऋण संबंधी समस्याओं, बीएसएनएल आदि के लिए न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के नेतृत्व में बेंच संख्या-5 का गठन किया गया था । जबकि उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए बेंच संख्या-6 का गठन नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 753 केसों का निष्पादन किया गया जबकि 1,66,52,091 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 244 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। राष्ट्रीय गान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया।

विधिवत पूजन और मिट्टी संग्रह के साथ हुआ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बांसजोर : भारतीय जनता पार्टी बांसजोर मंडल अध्यक्ष तपेश्वर साहू के नेतृत्व में देश भर में चल रहे ÷मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त तरगा पंचायत के जगरनाथ मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के जिला सयोंजक पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने मौके पर कहा कि राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरो को समर्पित अभियान के निमित्त घर-घर से मिट्टी संग्रह करते हुए पूरे देश में 'मिट्टी को नमनः वीरों को वंदन' किया जा रहा है। अमृत कलश मंडल से जिला होते हुए प्रदेश से दिल्ली जाएगी , जहाँ अमृत कलश में लाई गई मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाले अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश भर से आए हुए स्वयंसेवको को संबोधित करेंगें कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा राय कोटवार, जिला महामंत्री मोतीलाल सिंह, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रामचन्द्र सिंह, मुकुंद सिंह, विशाल नायक, सुदर्शन सिंह, तपेश्वर सिंह, तारामती देवी, सुरबाला नाग, निशा बड़ाईक जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अविराम में महिला अधिकारों पर जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अविराम कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन टीको कुडू मे प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी की अनुमति द्वारा आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित प्रकोष्ठ से जंगबहादुर महतो, रेणुका महतो एवम लिंग संवेदीकरण सेल इंचार्ज ऋतु मुक्त की अगुवाई में प्रशिक्षुओं के साथ एक बैठक का आयोजन बहुउद्देशीय सभागार मे किया गया। बैठक का विषय- महिलाओं के अधिकार एवं उन पर बने विभिन्न कानून जैसे (कामकाजी महिलाओं के अधिकार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारों से संबंधित कानून, छुआछूत, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005, हिंदू विवाह संपत्ति का अधिकार, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948) थे। इस बैठक में प्राध्यपकों में पवन,अर्चना के साथ महाविद्यालय के प्रशिक्षु उपस्थित थे और निर्णय लिया गया कि इस विषय में साहित्य उपलब्ध कराया जाय ग्रामीणों को और जागरूकता कार्यक्रम किए जाए बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का बीईईओ, बीपीओ ने फीता काट किया उद्घाटन

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कैरो के डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय मैदान मे 09 सितंबर शनिवार को खेलो झारखंड 2023-24 के तहत प्रखंड के सभी विद्यालयों से प्रखंड स्तरीय विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहरा,बीपीओ ओम प्रकाश रंजन,+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, एवं प्रखंड के सभी विद्यालय प्रधानाचार्य,शिक्षक के द्वारा प्रतियोगिता का विधिवत फीता काटकर खेल शुभारंभ किया गया। उक्त प्रतियोगिता मे अंडर 14 आयुवर्ग के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता मे एथलेटीकस, खो-खो, कबड्डी, उंची कूद, लम्बी कुड, इत्यादि खेल मे प्रखंड के सभी मध्य,एवं उच्च विद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। 100 मीटर दौड़ मे बालक वर्ग मे सढाबे स्कूल के इमरान अंसारी विजेता रहे वही बालिका वर्ग मे कैरो स्कूल की सरस्वती उराँव विजेता रही,200 मीटर दौड़ मे बालक म0 वि0 चाल्हो के अनिल उराँव,व वलिका मे उच्च वि गराडीह की दुर्गा कुमारी रही। 400 मीटर दौड़ मे प्रथम बालक वर्ग मे सढाबे विद्यालय के ही अनिल उराँव, एवं बालिका वर्ग मे म0 वि0 हुद्दू की मनती कुमारी रही, वही 600 मीटर दौड़ मे बालक वर्ग उवि नगजुवा के कर्मदेव उराँव ने मारी बाजी,तो बालिका मे सढाबे के पूर्णिमा ने मारी बाजी उंची कुद मे बालक हनहट विद्यालय के राजु उराँव, एवं बालिका वर्ग मे कैरो की सरस्वती उराँव ने मरी बाजी।

हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : विधायक भूषण बाड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने ग्रामीण जलापूर्ति योजना का फिता काटकर किया उद्घाटन सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शनिवार को पालकोट के गुड़मा टांगरटोली में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का फिता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर। विधायक ने कहा कि सभी घरों में शुद्ध पेयजल नल-जल के माध्यम से उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। इस दिशा में मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। अब यहां के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। शुद्ध पेयजल से अनेक लोगों का स्वास्थ्य सुधरा है। 'पृथ्वी, वायु, भूमि और जल हमारे पूर्वजों से प्राप्त विरासत नहीं हैं अपितु ये हमारे बच्चों की धरोहरें हैं। इसलिए हमें उनको कम से कम उतना तो सौंपना ही होगा, जितना हमें सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल। यही सभी सभी जीवो के जीने का आधार है। विधायक ने कहा कि औद्योगिकीरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, वरीय सह विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सुषमा केरकेट्टा,ए सी जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, मंडल अध्यक्ष निमरोद एक्का, सुनीता देवी, दिव्या बिलुंग, यशोदा देवी, मनीष गोप, सोमरा खड़िया, बिमला देवी, प्रताप सिंह, शनीर पाहन, बंधन गोप, जागेश्वर सिंह, दिलीप सिंह, उज्वल बिलुंग, अनुज सोरेंग, मनोज चिक बड़ाइक, मांगरा खड़िया, अनिल डुंगडुंग, राजेश केरकेट्टा, संजय चिक बड़ाइक, रंजित खड़िया आदि उपस्थित थे।

लचरागढ़ के ईंद टांड़ में चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट खेल का हुआ क्वार्टर फाइनल, मौके पर पहुंचे संदेश एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : खेल से शारीरिक मानसिक और होता है बौद्धिक विकास,खेल में अनुशासन होना जरूरी, झारखंड पार्टी हर संभव करेगी मदद- संदेश एक्का* *लचरागढ़/कोलेबिरा-* प्रखंड के लचरागढ़ ईद टांड़ मैदान में आज शनिवार को लचरागढ़ फुटबॉल क्लब के द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के तीसरे दिन चार टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल का रोमांचक मैच खेला गया।कार्यक्रम में *मुख्य अतिथि के रूप में झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे*।आयोजन समिति के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत ढोल नगाड़े के साथ किया गया जिसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए अमन और शांति का प्रतीक कबूतर उड़ाकर खेल की शुरुआत हुई। मौके पर संबोधित करते हुए झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि किसी भी खेल में अनुशासन का होना अति आवश्यक है और अनुशासन से ही खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर जिला राज्य और देश का नाम रोशन करता है।झारखंड पार्टी हमेशा से खेल और खिलाड़ी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव काम करती है जमीन से जुड़े हुए हर खिलाड़ी को आगे लाकर उनकी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग की है और आगे भी करेंगी।इस प्रकार के आयोजन होने से आसपास के जो खिलाड़ी हैं जो खेल नहीं पाते हैं उनकी प्रतिभा खुलकर बाहर आती है और वह जिला स्तरीय राजा स्तरीय टूर्नामेंट में शामिल होकर आने वाले दिनों में नाम रोशन करते हैं।आप सभी इसी प्रकार अनुशासन बनाकर खेलें झारखंड पार्टी आपको बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। प्रथम मैच सारंडा टाइगर्स और सुरीन ब्रदर्स के बीच खेला गया जिसमें 1-0 से सारंडा टाइगर्स,दूसरा मैच पी. के. चैलेंजर्स और लोंगा एफ.सी. के बीच खेला गया जिसमें पी.के चैलेंजर्स ने 3-0 से तृतीय मैच रेडस्टोर्म बानो और जोहार झारखंड ऐडेगा के बीच खेला गया।

अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बने वारिस कुरैशी

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखण्ड आयोग अधिनियम 2001 की धारा 4 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग का पुनर्गठन किया गया, जिसमें जिले में अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य वारिस कुरैशी को बनाया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक आयोग में नई जिम्मेवारी के लिए झारखंड प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ग्रामीण विकास मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव,राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत को बहुत बहुत धन्यवाद व आभार प्रकट किया है।

मिशन इंद्रधनुष के तहत सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र में मिशन इंद्रधनुष के तहत डॉ दिव्या निशि और ब्लॉक एक्टेंशन एजुकेटर किरण मुर्मू के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्या निशि ने बताया कि उपायुक्त डॉ वाघमारे परसै कृष्ण के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से इंद्रधनुष कार्यक्रम को मिशन के तौर पर योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश है। मिशन इंद्रधनुष के अन्तर्गत द्वितीय चरण का कार्यक्रम 11 सितम्बर से 16 सितम्बर तक आयोजित होगा। जिसके तहत गर्भवती महिलाएँ, टीकाकरण से छूटे हुए बच्चे और बाहर से आये हुए मजदूरों को टिका लगाना आवश्यक है। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी गर्भवती महिला, बच्चे या मजदूर टीकाकरण से न बचें मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल बनाना है। मौके पर किरण कुमारी, यशोदा भगत,टिंकी देवी, अहिल्या देवी, शबनम आरा, रजनी देवी, शहनाज बानो, सरिता उराँव सहित सभी सेविका और सहायिका उपस्थित थे।

ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सदर प्राखण्ड के ग्राम हरमु में आज भाजपा के द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में हरमु गांव के घरों से एक कलश में मिट्टी संग्रहित किया गया। हरमू गांव के प्रबुद्धजनों, महिलाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ का भाग लिया, ग्रामिणों में भाजपा तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अप्रतिम उत्साह दिखलाई पड़ा। कार्यक्रम में ग्रा?मिणों के बीच भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने संबोधित करते हुवे कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत् देश की संस्कृति, सभ्यता तथा समाज के लिये कार्य करने वाले,वीर सैनिकों के परिवार देश के लिये सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी, किसान, मजदूर सामान्य वर्ग में आने वाले घरों से मिट्टी संग्रहित कर दिल्ली ले जाना है। जहां इस मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण कर संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही देश श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्रीतत्व में आज त्20 देशों का नेतृत्व कर विश्व पटल में एक नई लकीर खिंच दी है,देश को विश्वगुरु बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पशुपालन विभाग द्वारा शूकर वितरण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय के समीप पशुपालन चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत तीन लाभुकों को शूकर दिया गया। शूकर वितरण कार्यक में जिप सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव तथा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह के द्वारा शिला उराँव, राजकुमार पन्ना और सुखनी उराइन को 4 मादा और एक नर शूकर दिया गया.वही पशुपालन पद्धि डॉ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शूकर का बीमा किया हुआ है। इस लिये सभी को टैगिंग कर वितरण किया जा रहा है। जिसे शूकर का मृत्यु होने से किसानों को बीमा का लाभ मिलेगा साथ ही बताया कि साइन फ्लू का टीकाकरण कर एक लाभुक को 16 बैग दाना दिया जा रहा है। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कक किसानों का आय वृद्धि के लिये ज़रकर शूकर पालन, मुर्गी पालन, गाय पालन, बकरी पालन तथा मुर्गी और बतख पालन जैसा कई योजनाएँ चला रही है। जिसे गर्मिन क्षेत्र के किसान आय वृद्धि कर स्वालम्बी बन सकते हैं। और किसानों का आर्थिक स्थित मजबूत हो सके। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह के अलावे लाभुक शिला उराँव, राजकुमार पन्ना, सुखनी उराइन मौजूद थे।

प्रखंड प्रमुख ने सुदूरवर्ती गांवों के ग्रामीणों से मिलकर परेशानियों और अंधविश्वास को लेकर की बैठक

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के द्वारा दुमकी, चेटमल, ढोड़ीबहार,अंवराबाहर बांसपहार आदि गांव का दौरा किया गया एवं ग्रामीणों संग बैठक कर उन्हें अंधविश्वास के प्रति जागरूक किया । जैसे सांप कट्टी होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचाने एवं झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़ने की बातें कहीं , डायन विशाही अंधविश्वास है, साथ ही साथ उन्होंने ग्रामीणों से अपील भी किया की फोन पर अगर कोई पैसा डालने को कहता है जैसे कि ट्रैक्टर के नाम पर, लोन देने के नाम पर या फिर लॉटरी के माध्यम से जीत गए हैं बोलकर तो कृपया आप इस सब के चक्कर में ना पड़े, यह फ्रॉड है । कई लोग इस तरह के फ्रॉड में जालसाजी में फंसकर हजारों हजार रुपया गवां चुके हैं इसलिए आप भी सजग रहे। साथ ही साथ दुमकी पंचायत जाने वाले मार्ग पर जो पुल बना है उसका आधा हिस्सा पानी के तेज बहाव में कट चुका है जो की दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका है। ग्रामीणों ने उस पर भी जल्द से जल्द आवश्यकतानुसार मरम्मती करने का आग्रह किया, जिस पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने उन्हें आश्वासन दिया कि जिला स्तरीय योजना से इसे जल्द से जल्द बनाया जाएगा । मौके पर राजेश डुंगडुंग, हरून टेटे, प्रिंस कुमार एवं ग्रामीण मौजूद थे।

जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूह में जुड़ते ही दीपशिखा का फिरा दिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : दीपशिखा उराँव कैरो प्रखंड के कैरो गांव की रहने वाली हैं। मौसमी खेती करने के अलावा इनके पास आय का कोई अन्य साधन नहीं था। दीपशिखा अपने पति के साथ बाहर काम करने जाया करती थी,इसी तरह उनकी घर की आजीविका चलती थी द्व आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे हताश होकर घर पर ही हँड़िया बनाकर बेचने लगी। इसी बीच जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उन्हें अपने समूह में जोड़ा गया। सात्रह्य में जुड़े होने से उनको एक दिन फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के बारे में पता चला जिसकी सम्पूर्ण जानकारी दीपशिखा को छ्रस्क्र कैरो की 2 कैडर दीदी संगीता लकड़ा एवं सुमिता कुमारी ने दिया। साथ ही साथ उन्होंने 10 वीं तक पढ़ी लिखी दीपशिखा उराँव को नवजीवन सखी बनने के लिए प्रेरित भी किया। दीपशिखा उराँव अपने गाँव में नवजीवन सखी कैडर के रूप में कार्यरत है और एक नई पहचान बनकर उभर रही है। दीपशिखा अपने गाँव के अन्य लोगों को हँड़िया निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने की अपील करती हैं। दीपशिखा का फूलो झानो आर्शीवाद अभियान के अन्तर्गत सर्वे किया गया और उनको दारु-हँड़िया के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया जिससे प्रेरित होकर दीपशिखा ने दारु- हँड़िया निर्माण व बिक्री छोड़ने का निर्णय लिया। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ने के बाद उन्हें 10 हजार रूपये दिये गये जिससे उन्होंने बकरा व बकरी खरीदी और बकरी पालन में जुट गई। इनका पालन पोषण अच्छे से कर रही है। जो पैसे बचे उससे उन्होंने 15 सोनाली मुर्गी भी खरीदी जिसका अंडा बेचकर उन्हें अच्छी आमदनी भी प्राप्त हुई है। अंडा बेच कर वे लगभग 2से 3 हजार रूपये की आमदनी कर चुकी हैं।वर्तमान में उनके पास 5 मुर्गी एवं 4 चूजे हैं द्व आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य को लेकर उन्होंने सर्वप्रथम 1 लाख रूपये का लोन अपने सात्रह्य से लिया जिससे उन्होंने 1 दुधारू जर्सी गाय ख़रीदा। दीपशिखा उराँव गाय का प्रतिदिन सुबह शाम मिलाकर लगभग 13 लीटर दूध डेयरी को 30 रूपये प्रति लीटर की दर से बेच देती है जिसमे उनको प्रतिमाह कुल खर्चा काटकर 5000 से 6000 रूपये की बचत हो जाती है। द्वितीय लोन 50 हजार रूपये खेती करने के उद्देश्य से लिया जिसमे उन्होंने मिर्चा, टमाटर, गोभी, खीरा एवं धान की खेती की और सब्जी बेचकर 10 हजार रूपये से लेकर 12 हजार रूपये तक की आमदनी भी हर फसल से पास कर लेती हैं। दीपशिखा उराँव वर्तमान में खेती-बारी करने के साथ पशुपालन में भी जुटी हुई हैं।

अनुशासन व प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी : सुखदेव भगत

➲झालजमीरा गांव में आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट में गगेया हुआ चैंपियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेन्हा प्रखंड के झालजमीरा गांव में नवयुवक संघ जेएफसी क्लब के द्वारा आयोजित चार दिवसीय आठवीं स्वर्गीय सारु पाहन फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें गगेया बनाम दतरी के बीच फाइनल मैच खेला गया गगेया 1-0 से चैंपियन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक लोहरदगा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया गया ।फाइनल मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे को प्रगाढ़ करता है क्योंकि इसमें सभी वर्गो का सहभागिता होती है ।इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून रहता है। हमारे यहां काफी अच्छे अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी है लेकिन वे खस्सी मैच खेलने तक सीमित रहते हैं जिसके कारण अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद भी अच्छे खिलाड़ी सामने नहीं आ पाते हैं। श्री भगत ने कहा कि वह जिला स्तर पर फुटबॉल लीग का आयोजन कराते हैं ताकि जिले के अच्छे खिलाड़ी सामने आए ।उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि आप भी टीम बनाकर जिला स्तर पर फीफा के नियम से खेलेंगे तो खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल होगा।श्री भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हमें अनुशासन एवं प्रतिबद्धता के साथ खेलना होगा। मौके पर श्री भगत ने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजन समिति का आभार प्रकट किया।

आज खूंटी चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव में रितेश कुमार व राजेश महतो हुए पर्यवेक्षक नियुक्त

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): आज 10 सितंबर दिन रविवार को सत्र 2023-24 के नयी कार्यकारिणी के गठन हेतु होनेवाली खूँटी चैम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव निमित्त फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव पदाधिकारी श्री पवन शर्मा द्वारा पत्र जारी कर लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो को पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु जिम्मेवारी दी। इस जिम्मेवारी को सहर्ष स्वीकार करते हुए दोनों पदाधिकारी आज सुबह खूँटी के लिए रवाना हुए तथा निर्विवाद चुनाव सम्पन्न करवाने का पूर्ण प्रयास करने की बात कही।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

पत्रकार मो इमरान के पिता हाफिज इसहाक सुपुर्द ए खाक

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): फारूकी तंजीम के पत्रकार मो इमरान के पिता हाफिज इसहाक चानहो मासमानो का 8 सितंबर को निधन हो गया था। (इन्ना लिल्लाही व इन्ना इलैहे राजीओंन)। मिट्टी मंजिल आज 9 सितंबर को दस बजे दिन में नमाज जनाजा अदा की गई और चान्हो मास्मानो कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।। जनाजा में शामिल होने वालो में मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी, मुफ्ती रहमतुल्लाह, मौलाना वसीम नदवी, हाफिज दानिश आयाज, हाफिज मुकर्रम, पत्रकार आदिल रशीद, पत्रकार परवेज कुरैशी, समेत आसपास के कई गांव के लोग शामिल थे।

राजद सुप्रीमो लालू यादव 10 को पहुंचेंगे देवघर

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): राजद के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव दस सितम्बर को बाबा नगरी देवघर पहुंचेंगे। पार्टी सुप्रीमो के आगमन को देखते हुए राजद कार्यकर्ताओं ने उनकी जोरदार स्वागत करने की तैयारी की है। झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों, कार्यकारिणी के सदस्यों, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सहित सभी नेता-कार्यकर्ता को देवघर पहुंचने का निर्देश दिया है।

रांची में चोरी के आरोप में पिटाई से एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर, सड़क पर लगाया जाम

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिकिदरी थाना क्षेत्र के ढेलुआ खूंटा में शनिवार को बल्ब चोरी के आरोप में दो युवकों की लाठी से जमकर पिटाई की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान ढेलुआ खूंटा निवासी उमेश मुंडा के रूप में हुई है जबकि बबलू मुंडा गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज कराया जा रहा है। पिटाई की घटना तब सामने आयी जब उमेश मुंडा का शव नीलकांत प्रसाद के घर के पीछे से पुलिस ने बरामद किया। नीलकांत प्रसाद फिलहाल फरार है। दूसरी ओर घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आग जलाकर ओरमांझी-सिकिदिरी मार्ग को ढेलुआ खूंटा के पास जाम कर दिया। पुलिस के काफी समझाने के बाद लोगों ने सड़क जाम समाप्त किया। इसके बाद इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। इस दौरान कई वाहन लगभग तीन घंटे तक जाम में फंसे रहे। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

दुनिया के अखबारों में छाया जी-20

एजेंसी

वाशिंगटन-मॉस्को : भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत की खबरें दुनिया भर के अखबारों में छाई हैं। पश्चिमी मीडिया ने हमेशा की तरह इस आयोजन में भी कमियां निकालने की मशक्कत की है, जिस पर एक रूसी अखबार ने आईना दिखाते हुए फटकार लगाई है। भारत की राजधानी दिल्ली में शुरू हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से नेता पहुंचे हैं। दुनिया भर का मीडिया भी जी-20 शिखर सम्मेलन की कवरेज के लिए भारत पहुंचा है। दुनिया के अखबारों में जी-20 की चर्चा भी खूब हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के भारत पहुंचने की खबर को न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने होम पेज पर जगह दी है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संदर्भित करते हुए जी-20 से जुड़ी खबरें भी लगी हैं। अखबार ने दिल्ली में मोदी के पोस्टर, सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगी बैरीकेडिंग सहित कई चित्र भी लगाए हैं। वाशिंगटन पोस्ट ने भी जी-20 के आयोजन पर विशेष समाचार लिखे हैं।

G20
भारत 2023 INDIA

ब्रिटेन के अखबार गार्जियन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुलाकातों को प्राथमिकता प्रदान की है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने जी-20 से जुड़ी अन्य खबरों के साथ यहां आने व न आने वाले नेताओं पर केंद्रित खबर प्रकाशित की है। इस बीच, पश्चिमी मीडिया ने जी-20 से जुड़े नकारात्मक पहलुओं को प्रकाशित किये जाने के लिए रूस के अखबार रसियन टाइम्स ने आलोचना की है।

रसियन टाइम्स ने पश्चिमी मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा है कि भारत शानदार तरीके से पहली बार दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संगठन जी-20 की मेजबानी कर रहा है, लेकिन पश्चिमी मीडिया इन चीजों पर फोकस न करके, सिर्फ नकारात्मक खबरें ही चला रहा है, यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। चीन के अखबार ग्लोबल टाइम्स ने भी जी-20 की चर्चा करते हुए अमेरिका पर निशाना साधा है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 91 हजार मामलों का निष्पादन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान 35 पीड़ितों के बीच लगभग 65 लाख रुपये का वितरण झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत किया गया। साथ ही कुल 91 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया। इनमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के वादों का निष्पादन शामिल है। वहीं दसूरी ओर 123 करोड़ से अधिक रुपये की समझौता राशि की वसूली विभिन्न वादों में की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के दौरान झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार भी रांची सिविल कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत की गतिविधियां देखी और लोक अदालत का निरीक्षण भी किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 25 बेंच एवं कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने दी।

राज्य अल्पसंख्यक आयोग में नई जिम्मेवारी मिलने पर वारिस कुरैशी ने जताया आभार

वारिस कुरैशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत विभिन्न नेताओं का जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : वारिस कुरैशी ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग में नई जिम्मेवारी मिलने पर झारखंड प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, माननीय ग्रामीण विकास मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम साहब, माननीय खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया है।

संत मारियम स्कूल कजरी में

दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सीबीएसई के द्वारा आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का दो दिवसीय कार्यशाला संत मारियम स्कूल कजरी मेदिनीनगर के प्रांगण में आरंभ हुआ। कार्यशाला का प्रारंभ विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव तथा प्राचार्य कुमार आदर्श की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ब्राइटलैंड स्कूल मेदिनीनगर के प्राचार्य राहुल सिंह के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मौके पर सीबीएसई के ओर से आरपी के रूप में ब्राइटलैंड स्कूल मेदिनीनगर के टीजीटी शिक्षका श्रीमती चिंसु सिंह तथा लिंट्रा वैली स्कूल पटना से आए पी जी टी इंग्लिश के शिक्षक श्री राम रच्चा प्रसाद संयुक्त रूप से उपस्थित थे। प्राचार्य कुमार आदर्श ने सभी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्थानीय नगर के ब्राइटलैंड स्कूल मेदनीनगर हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल रोटरी स्कूल आदित्य बिरला स्कूल रेहला गुरु गोविंद सिंह स्कूल से आए सभी प्रशिक्षणार्थियों को टीका लगाकर आरती तथा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया । मौके पर विद्यालय के प्रचार कुमार आदर्श ने कहा की वर्तमान समय में प्रशिक्षित शिक्षकों की अनिवार्यता है सीबीएसई द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों से अपेक्षा है इसके नियमों का पालन परम आवश्यक मानते हुए बच्चों में ऐसे गुणवत्ता भर दें कि वे स्वावलंबी बनकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य कर सकें। सभी आगंतुकों तथा प्रशिक्षणार्थियों को मध्याह्न भोजन करवाया गया। मौके पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

निगम क्षेत्र को विकसित करने का उपायुक्त ने दिया भरोसा : अरुणा शंकर

* शहरी जलापूर्ति, वीआईपी रिंग रोड, स्विमिंग पूल युक्त

स्पोर्ट्स कंपलेक्स तथा ट्रैफिक सुदृढ़ करना प्राथमिकता

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कल उपायुक्त पलामू से मिलकर निगम क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2/3 तथा कोयल में मिनी बांध बांधकर शहर में पानी का लेयर बढ़ाने की बात राखी। जिसपर उन्होंने तत्काल जुड़को के पदाधिकारी से मोबाइल पर बात कर बताया शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य दिसंबर तक शुरू हो जाने की पूरी संभावना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शहर मैं गिरते जल स्तर को बनाए रखने के लिए मिनी बांध की योजना पर जल्द सरकार से सहमति लूंगा। क्योंकि पलामू में दिन पर दिन बारिश भी कम हो रही है। प्रथम महापौर ने उपायुक्त पलामू से शहर के अंदर।वीआईपी रिंग रोड, रेडमा चौक से महात्मा गांधी मार्ग होते छमुहान, सर्किट हाउस, बिसफुट्टा पुल,बाईपास होते रेडमा चौक तक रोड का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण की बात को रखी। जिस पर उपयुक्त पलामू ने जल्द कार्य करवाने का भरोसा दिया। प्रथम महापौर ने शाहपुर से नेउरा तक के मार्ग की दुर्दशा को बताते हुए दुरुस्त कराने की बात को रखी। जिसे भी उपयुक्त पलामू ने जल्द कराने की सहमति दी। चर्चा के क्रम में प्रथम महापौर द्वारा दिए गए अन्य प्रस्ताव में एक वूमेंस कॉलेज मार्ग में मिनी फ्लाईओवर बनाकर मुख्य फ्लाईओवर में जोड़ने की बात रखी। ताकि गढ़वा जाने वाली गाड़ियों से हो रहे शहर जाम से शहीद चौक को मुक्ति दिलाई जा सके। शहर के ट्रैफिक लाइट को दुरुस्त कराने, शहर के स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कराने एवं विमेंस कॉलेज के सामने पूर्व सर्किल ऑफिस एरिया जो अब खाली पड़ा है, में स्विमिंग पूल युक्त इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने पर सकारात्मक चर्चा की गई। प्रथम महापौर ने कहा कि उपायुक्त से वार्ता सकारात्मक रही। मुझे खुशी है कि उन्होंने मेरे कार्यकाल में बने कोयल रिवर फ्रंट,गांधी उद्यान, महात्मा गांधी मार्ग,चौक चौराहों का सुंदरीकरण को सराहा।

एनआईए ने तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में माओवादियों के आठ ठिकानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अगस्त महीने में विस्फोटकों की बरामदगी से जुड़े एक मामले में शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ ठिकानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। यह जानकारी एनआईए ने शनिवार को यहां जारी एक वक्तव्य में दी। एनआईए ने बताया कि चेरला ड्रोन मामले में जारी जांच के तहत एजेंसी ने शनिवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापेमारी की। यहां से कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। लंबे समय तक केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के कथित उद्देश्य के साथ विभिन्न प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल वामपंथी चरमपंथी संगठन सीपीआई (माओवादी) को रसद समर्थन प्रदान करने में आरोपितों की भागीदारी को उजागर करने के लिए इन उपकरणों और दस्तावेजों की विस्तृत जांच चल रही है।

रांची के नामकुम का युवक पेरवाघाघ जल प्रपात में डूबा, नहीं मिला शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: जिले के प्रसिद्ध पेरवाघाघ जलप्रपात में दोस्तों के साथ घुमने आया एक युवक नदी में गिर गया और देखते ही देखते नदी की तेज धारा में बह गया। । उसके दोस्त चाह कर भी कुछ नहीं कर सके। जानकारी के अनुसार शनिवार को रांची के नामकुम से पेरवाघाघ घुमने के लिए 35-36 युवक-युवतियों का दल आया था। सीढ़ी से नीचे उतरने के बाद सौरभ कुमार सिंह नामक युवक पानी मे हाथ मुंह धोने के लिए गया ही था कि उसका पैर फिसल गया और नदी की धारा में बह गया। इस दौरन उसके साथ आये दोस्तों को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें। तब तक सौरभ पानी में समा गया। सौरभ कुमार सिंह की मौत की आशंका जताई जा रही है। उसके बाद पूरी टीम शोक संतप्त होकर वापस रांची लौट गइ। घूमने के लिए आई टीम के लोग नामकुम स्थित ऑर्बिट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत हैं। सौरभ सिंह के डूबने की खबर मिलते ही तपकरा थाना की पुलिस और ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन के लिए काफी मशक्कत की, परंतु देर शाम तक सफलता नही मिल पाई। बाद में खूंटी के उपायुक्त को सूचना देकर एनडीआरएफ की टीम बुलाने की मांग की गई। घटना की सूचना मिलते ही तपकरा थाना प्रभारी रंजीत किशोर , एसआई रोशन सिंह व रामजी यादव पेरवाघाघ पहूंच कर गांववालों की मदद से डूबे हुए सौरभ को ढूंढने की कोशिश की।

बरसात के दिनों में अत्यधिक पानी होने की वजह से प्रशासन ने पेरवाघाघ समिति को पर्यटन स्थल को बंद करने का निर्देश दिया है। थाना प्रभारी रंजीत किशोर ने बताया कि रविवार को एनडीआरएफ की टीम पेरवाघाघ पहुंच कर सौरभ का पता लगाएंगे।

संपूर्ण अर्थ जगत का चिंतन करने वाला पहला संगठन है ग्राहक पंचायत: डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी

पानीपत: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि ग्राहकों की समस्याओं पर कार्य करने वाले पहले भी थे, परंतु ग्राहक को लेकर संपूर्ण अर्थ जगत का चिंतन करने वाला ग्राहक पंचायत पहला संगठन है। ग्राहकों की समस्याओं को लेकर ग्राहक पंचायत ने कई कार्य किए हैं, उन्हें देखते हुए हम इसे स्वर्ण जयंती वर्ष के स्थान पर स्वर्णिम वर्ष भी कह सकते हैं। संघ के सरसंघचालक डॉ. भागवत पट्टी कल्याणा समालखा में स्थित सेवा साधना विकास केंद्र में आयोजित अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के स्वर्ण जयंती वर्ष के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में देश में ग्राहकों के लिए कार्य करने वाले इस संगठन के देशभर के आठ सौ पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे के अलावा बड़ौदा इस्कॉन के प्रमुख स्वामी नित्यानंदजी, स्वामी विचार चिन्मयानंदजी, स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह समिति के अध्यक्ष अशोक पांडे और ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष नारायण भाई शाह भी मौजूद रहे। डॉ. भागवत ने कहा कि संगठन ने शासन को भी ग्राहक हित का कार्य करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। ग्राहक दर्शन देना, उसे अनुभव की कसौटी पर परख कर समाज में ले जाना आसान कार्य नहीं है, परंतु ग्राहक पंचायत ने यह कर दिखाया है। संपूर्ण समाज ग्राहक है। ग्राहक आंदोलन की आयु नहीं होती, क्योंकि समाज में सदैव ग्राहक रहने वाले हैं। डॉ भागवत ने कहा कि संगठन को समय समय पर अपने कार्यों का सिंहावलोकन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राहक पंचायत शासन प्रशासन से बात करते समय अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग भी करती होगी। अंग्रेजी में कंज्यूमर शब्द आता है, इसका मतलब होता है खाना (कंज्यूम), आवश्यक नहीं व्यक्ति तभी खाये, जब उसे भूख लगी हो, वह रुचिकर होने पर भूख न लगने पर भी खा सकता है, परंतु ग्राहक शब्द आते ही पूरा भाव बदल जाता है। इसीलिए ग्राहक पंचायत ने ग्राहक शब्द को चुना है।

आर्थिक अपराधियों पर हो कार्रवाई : कांग्रेस

नई दिल्ली : कांग्रेस ने मांग की है कि आर्थिक अपराधियों पर मोदी सरकार कार्रवाई करे। ऐसे आर्थिक अपराधी जो विदेश भाग गए हैं, उनको गिरफ्तार किया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि जी-20 की सार्थकता तभी है जब आर्थिक अपराधियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे आर्थिक अपराधियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि वह हाल के वर्षों में 72 प्रमुख आर्थिक अपराधियों में से केवल दो को ही वापस ला पाई है। न्होंने कहा कि नवंबर 2014 के ब्रिस्बेन जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने आर्थिक अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाहों को ख़त्म करने, मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल लोगों को ट्रैक करने और बिना शर्त प्रत्यर्पण करने के लिए वैश्विक सहयोग का आह्वान किया था।

भारत की बढ़ती ताकत से ड्रैगन परेशान

अमेरिका से दोस्ती और क्वॉड में बढ़ते कद के कारण चीनी राष्ट्रपति ने जी-20 से बनाई दूरी

एजेंसी

नई दिल्ली : नई दिल्ली में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में 40 से ज्यादा देशों के राष्ट्र प्रमुख शामिल हुए हैं. हालांकि इसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अनुपस्थित रहना सबको हैरान कर रहा है. शी जिनपिंग की अनुपस्थिति चीन और भारत के बीच संबंधों और समग्र रूप से चीनी कूटनीति पर सवाल उठा रही है. दरअसल, 1999 में जी-20 के निर्माण से लेकर अब तक हुए हर शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्र प्रमुख शामिल होते रहे हैं, लेकिन भारत में हुए आयोजन में वह गैर हाजिर हैं.इस साल के शिखर सम्मेलन में शी जिनपिंग की जगह चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग शामिल होंगे. एसबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, शी जिनपिंग पिछले कुछ समय से भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव की वजह से इसमें शामिल नहीं हुए हैं. वह भारत के प्रति उदासीन बताए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी उनके रिश्ते बेहतर नहीं बताए जा रहे हैं. चीन ब्रिक्स आर्थिक समूह का हिस्सा है. इसमें ब्राजील, रूस, भारत और दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है. अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित अपने वार्षिक शिखर सम्मेलन में, शी जिनपिंग ने छह नए देशों (अर्जेंटीना, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया और मिस्र) को इसमें शामिल किया. अगले साल की शुरुआत से ये सभी देश समूह में शामिल होंगे. चीन और रूस कुछ समय से अधिक देशों को शामिल करने पर जोर दे रहे थे, जिससे भारत चिंतित है. अन्य ब्रिक्स देशों को चिंता है कि ड्रैगन इसे चीन केंद्रित संघ बनाने की कोशिश कर रहा है.चीन की नाराजगी का एक बड़ा कारण भारत और अमेरिका के बीच लगातार मजबूत होते रिश्ते भी हैं. पिछले कुछ साल में दोनों देशों ने दोस्ती के नए आयाम लिखे हैं. इस बीच क्वॉड में जिस तरह ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने भारत की भागीदारी का स्वागत किया है, उससे भी चीन भारत से नाराज बताया जा रहा है.

नहीं होगी दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता

जी-20 में आए अधिकतर राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत द्विपक्षीय वार्ता कर रहा है, लेकिन चीन के साथ ऐसा नहीं होगा.

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इसमें न शामिल होने से दोनों देशों के बीच चल रहा तनाव एक बार फिर जगजाहिर हो गया है.

बेशक चीन ने अपने प्रधानमंत्री ली चियांग को जी-20 शिखर सम्मेलन में भेजा है, लेकिन भारत चीन के साथ इसमें द्वीपक्षीय वार्ता नहीं करेगा.